RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 188
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




तेंदुलकर यूनिसेफ के सद्भावना दूत बने रहेंगे
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# भारत-नेपाल के संबंध हिमालय की तरह हैं अडिग: प्रधानमंत्री

- मोदी ने नेपाल के लुम्बिनी में बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र की आधारशिला रखी



लुम्बिनी में बौद्ध केंद्र की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में अपने नेपाली समकक्ष शेर बहादुर देउबा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली। लुम्बिनी (नेपाल)

**बुद्ध** पूर्णिमा के पावन पर्व पर भगवान बुद्ध की जन्म स्थली लुम्बिनी भारत और नेपाल के ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने के प्रयासों की साक्षी बनीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को नेपाल के पीएम शेर बहादुर देउबा के निमंत्रण पर एक दिवसीय लंबी यात्रा पर नेपाल पहुंचे, जहां दोनों देशों ने वर्तमान वैश्विक हालात में मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई जिसका लाभ पूरी मानवता को होगा। इस अवसर पर पीएम मोदी दोनों देशों की मित्रता व संबंधों पर कहा कि भारत और नेपाल के बीच संबंध हिमालय की तरह अडिग हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने नेपाली समकक्ष शेर बहादुर देउबा के साथ लुम्बिनी बौद्ध विहार क्षेत्र में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर फॉर बौद्ध कल्चर एंड हेरिटेज (भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र) के निर्माण कार्य के लिए आधारशिला रखी। शिलान्यास समारोह के बाद दोनों देश के प्रधानमंत्रियों ने केंद्र के एक मॉडल का भी अनावरण किया। शिलान्यास के लिए पूजा अर्चना तीन प्रमुख बौद्ध परंपराओं थेरवाद, महायान और वज्रयान से संबद्ध भिक्षुओं ने की।

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर लुम्बिनी में माया देवी मंदिर में पूजा करने के बाद, प्रधान मंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध की भक्ति हमें एक साथ बांधती है, हमें एक परिवार का सदस्य बनाती है। मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल की लगातार मजबूत हो रही दोस्ती और हमारी निकटता से पूरी मानवता को उस तरह की वैश्विक परिस्थितियों में फायदा होगा, जो उभर रही हैं। वह लुंबिनी में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि मैं जानता हूं कि आज जब भारत में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बन रहा है, नेपाल के लोग भी उतने ही खुश हैं। (शेष पेज 8)

# ज्ञानवापी मस्जिद में मिला शिवलिंग

- हिंदू पक्ष के दावे के आधार पर न्यायालय ने मस्जिद के उस हिस्से को सील करने का निर्देश दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**उत्तर** प्रदेश के वाराणसी जिले में सोमवार को तीसरे दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वे-वीडियोग्राफी कार्य संपन्न हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस बीच, हिंदू पक्ष के एक वकील ने संवाददाताओं से कहा कि सर्वे दल को परिसर में नंदी (भगवान शिव की सवारी) की एक प्रतिमा और एक शिवलिंग मिला है। इसके बाद हिंदू पक्ष की याचिका पर जिले की एक अदालत ने जिला प्रशासन को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के उस हिस्से को सील करने का निर्देश दिया, जहां एक शिवलिंग मिलने का दावा किया गया है। अदालत ने सील किए गए स्थान पर किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित किया है। शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने कहा कि हिंदू पक्ष की ओर से सिविल जज रवि कुमार दिवाकर की अदालत में ज्ञानवापी परिसर में प्राप्त शिवलिंग को सुरक्षित करने की अर्जी दी गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने शिवलिंग वाले क्षेत्र को सील करने का आदेश दिया है।

सिविल जज सीनियर डिवीजन रवि कुमार दिवाकर ने आदेश में कहा, वाराणसी के जिलाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि जिस स्थान पर शिवलिंग मिला है, उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया जाए और किसी भी व्यक्ति को सील किए गए क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति न दी जाए। अदालत ने जिलाधिकारी, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी और सीआरपीएफ कमांडेंट को सील किए जाने वाले स्थान को संरक्षित और सुरक्षित करने की जिम्मेदारी सौंपी है। स्थानीय अदालत ने जिलाधिकारी को निर्देशित किया है कि (शेष पेज 8)



ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वेक्षण के बाद बाहर आते कोर्ट कमिश्नर व सहयोगी अधिवक्ता

## मुस्लिम पक्ष ने कहा, फव्वारे का पत्थर है


**मुस्लिम** पक्ष ने शिवलिंग मिलने के दावे को गलत करार दिया है। ज्ञानवापी मस्जिद की रखरखाव करने वाली संस्था अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी के संयुक्त सचिव सैयद मोहम्मद यासीन ने कहा कि मुगल काल की बनी जितनी भी मस्जिदें हैं, उन सभी के वजू खाने में फव्वारा लगाया जाता था। उन्होंने कहा कि बाकी मस्जिदों की तरह ज्ञानवापी मस्जिद के फव्वारे में भी एक हरा पत्थर लगाया गया था, जिसे शिवलिंग बताया जा रहा है।

## मस्जिद कमेटी की याचिका पर आज सुनवाई करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर के सर्वेक्षण के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करेगा। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के बीच शीर्ष अदालत मामले की सुनवाई करेगी क्योंकि वाराणसी की एक अदालत ने सोमवार को वहां के जिला प्रशासन को उस परिसर के अंदर सर्वेक्षण स्थल को सील करने का निर्देश दिया, जहां सर्वेक्षण दल को कथित रूप से शिवलिंग मिला है। शीर्ष अदालत की मंगलवार के कामकाज की अद्यतन सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्ह की पीठ वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के मामलों का प्रबंधन करने वाली प्रबंधन समिति अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद की याचिका पर सुनवाई करेगी। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा शुक्रवार को जारी लिखित आदेश में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिका को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया था।

# बूस्टर डोज की तुलना में ओमीक्रोन संक्रमण से होती है बेहतर प्रतिरक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- बायोरेक्सिव सर्वर पर प्रीप्रिंट में प्रकाशित अध्ययन में किया गया दावा

**विश्व** में चीन समेत कई देशों में कोविड-मामलों में भारी उछाल की पृष्ठभूमि में एक नए अध्ययन में कहा गया कि टीकाकरण वाले लोगों में बूस्टर शॉट की तुलना में ओमीक्रोनन संक्रमण बेहतर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पैदा की है। अध्ययन से पता चलता है कि जो लोग कोविड वैक्सीन लगवा चुके हैं और वे ओमीक्रोन वैरिएंट से संक्रमित हुए हैं, ऐसे लोगों में कोविड के तमाम वैरिएंट से निपटने के लिए शरीर में बेहतर एंटीबॉडी हो सकती है। बायोरेक्सिव सर्वर पर अध्ययन को प्रीप्रिंट में प्रकाशित किया गया है। हालांकि, वैक्सीन निर्माता बायोएनटेक एसई और वाशिंगटन विश्वविद्यालय द्वारा किए गए अध्ययन के लेखकों ने लोगों को चेतावनी देते हुए आगाह किया है कि उन्हें निष्कर्षों के जवाब में संक्रमण की तलाश नहीं करनी चाहिए।

पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय में इम्यूनोलॉजी संस्थान के निदेशक और प्रोफेसर जॉन वेरी ने अध्ययन की समीक्षा के बाद नई एजेंसी को बताया कि अगर किसी को हाल ही में कोविड हुआ हो तो उस संक्रमण को अनिवार्य रूप से वैक्सीन की एक और खुराक के बराबर माना जाना चाहिए। ऐसे में वे एक और बूस्टर शॉट लेने से पहले इंतजार कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने तर्क दिया है कि लोगों को ओमाइक्रोन-अनुकूलित बूस्टर शॉट की पेशकश करते हुए मूल वैक्सीन की कई डोज की तुलना में लोगों के लिए अधिक फायेदमंद हा सकती है। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के एक सहायक प्रोफेसर डेविड (शेष पेज 8)

# भारत के निर्यात प्रतिबंध से मची हलचल यूरोप में गेहूं की कीमतों में भारी उछाल

**एजेंसी।** लंदन, वाशिंगटन

- अमेरिका और यूरोप में गेहूं वायदा बाजार लगभग 6% चढ़ा
- पेरिस में गेहूं की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचीं

**भारत** के गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल मच गई है। विशेष कर यूरोप में गेहूं की कीमतों में भारी उछाल आया है। भारत ने खाद्य मुद्रास्फीति का मुकाबला करने के लिए बीते सोमवार को ही व्यापार प्रतिबंधों को लागू किया है। केंद्र सरकार ने कहा कि घरेलू बाजार में महंगाई पर काबू पाने के लिए सतर्कता बरतते हुए यह कदम उठाया गया है। इसके अलावा मार्च महीने में अब तक का सबसे अधिक तापमान रहने के बाद गेहूं का निर्यात रोक लगाई गई।

भारत के निर्यात प्रतिबंध लागू करने के बाद अमेरिका और यूरोप में गेहूं वायदा बाजार लगभग 6% चढ़ गया है। वैश्विक बेंचमार्क शिकागो बाजार पहले ही अपनी दैनिक व्यापार सीमा तक पहुंच गया और पेरिस की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं हैं। अपने ओवरनाइट ट्रेडिंग सत्र के अंत तक शिकागो का वायदा पहले के दो महीने के शिखर से 4.9% ऊपर था। यूएन की खाद्य एजेंसी द्वारा मापी गई वैश्विक खाद्य कीमतों के लिए गेहूं ने इस वर्ष उच्च रिकॉर्ड करने में योगदान दिया है।

यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से यूक्रेन के समुद्री बंदरगाहों से बड़े पैमाने पर शिपमेंट को रोककर गेहूं के बाजार में वृद्धि हुई है। यूक्रेन वैश्विक निर्यात में 12 फीसद का भागीदार है। उसे कृषि का पावरहाउस भी कहा जाता है। यूरोप के बाजार में गेंहूं का दाम बढ़कर प्रति टन 435 यूरो पहुंच गया। 24 फरवरी को रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से गेहूं के वैश्विक दाम सप्लाई में कमी के डर के कारण बढ़ गए हैं। (शेष पेज 8)

## भारत के समर्थन में चीन

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के गेहूं निर्यात पर लगाए गये प्रतिबंध का चीन ने समर्थन किया है। पड़ोसी देश चीन ने कहा है कि भारत जैसे विकासशील देशों को दोष देने से ग्लोबल फूड शॉर्टेज का समाधान नहीं होगा। ज्ञात हो कि जी7 देशों ने भारत के गेहूं निर्यात रोकने के फैसले की निंदा की थी। चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने लिखा कि अब जी7 के एग्रीकल्चर मिनिस्टर्स भारत से गेहूं एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध नहीं लगाने का आग्रह कर रहे हैंए तो जी7 राष्ट्र अपने निर्यात में इजाफा करके फूड मार्केट की सप्लाई को स्थिर करने के लिए खुद कदम क्यों नहीं उठाते। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है लेकिन ग्लोबल व्हीट एक्सपोर्ट में उसकी हिस्सेदारी काफी कम है। इसके विपरीत अमेरिका, कनाडा, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया सहित कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाएं गेहूं के प्रमुख निर्यातकों में से हैं।

# राहुल के बयान पर क्षेत्रीय दलों की तीखी प्रतिक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- भाजपा और आरएसएस से मुकाबला करने के लिए विचारधारा की कमी बताया था

**कांग्रेस** के सहयोगी व क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के इस तर्क पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की कि उनके पास भाजपा और आरएसएस से मुकाबला करने के लिए 'विचारधारा की कमी' है। जहां टीएमसी ने राहुल को उनकी टिप्पणी के लिए फटकार लगाई, वहीं यूपीए के सहयोगी राजद, झामुमो ने क्षेत्रीय दलों पर टिप्पणी करने के लिए कांग्रेस नेतृत्व की साख पर सवाल उठाया। वहीं कांग्रेस की सहयोगी द्रमुक ने इस मुद्दे पर टिप्पणी नहीं करना पसंद किया, जबकि महाराष्ट्र सरकार में कांग्रेस के गठबंधन वाली शिवसेना ने किसी भी सीधी आलोचना से परहेज किया, लेकिन कहा कि क्षेत्रीय दल भाजपा के सत्तावादी फैसलों के खिलाफ विपक्ष का नेतृत्व करने में सबसे आगे रहे हैं। यहां तक कि केंद्र में लड़ाई में क्षेत्रीय दलों ने संवैधानिक लोकतंत्र को कमजोर करने के किसी भी प्रयास को दृढ़ता से विफल कर दिया है।

शिवसेना नेता और राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि महाराष्ट्र इस प्रतिरोध में सबसे आगे रहा है और उसने दिखाया है कि कैसे देश की बेहतरी के लिए क्षेत्रीय आकांक्षाएं और राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाएं एक साथ मिल सकती हैं। इसे खारिज करना कांग्रेस की एक और गलती होगी। उधर, झामुमो ने कहा कि यह राहुल गांधी का आत्म-मूल्यांकन है और वह अपनी राय के हकदार हैं, लेकिन साथ यह भी पूछा कि राहुल को विचारधारा पर टिप्पणी करने का अधिकार किसने दिया। रांची में झामुमो प्रवक्ता ने कहा कि हम बिना किसी विचारधारा के पार्टी कैसे चला रहे हैं, तथ्य यह है कि ये क्षेत्रीय दल हैं जिन पर कांग्रेस जीत के लिए निर्भर है, चाहे वह झारखंड में झामुमो हो या बिहार में राजद। झारखंड में झामुमो और कांग्रेस की गठबंधन सरकार है.

इससे पहले उदयपुर में चिंतन शिविर में राहुल ने कहा कि कांग्रेस आरएसएस के हमले के लिए एक वैचारिक प्रतिरोध बढ़ा रही है, जबकि क्षेत्रीय दलों के पास 'एक विचारधारा की कमी है' और 'अलग-अलग दृष्टिकोण हैं।' कांग्रेस की एक अन्य सहयोगी राजद ने भी राहुल के बयान को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि अगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को भाजपा के खिलाफ चुनावी लड़ाई के नतीजों के बारे में पता होता, तो उन्हें 'ऐसे क्षेत्रीय संगठनों द्वारा लाई गई वैचारिक और चुनावी प्रतिबद्धता का एहसास होता, जिसमें उन्होंने कहा कि क्षमता नहीं है।' झा ने कहा कि राहुल का खुद का बयान कांग्रेस द्वारा चिंतन शिविर में समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन के विकल्प खुले रखने की घोषणा के विपरीत था।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,974 | ↑ | 180 | |
| निफ्टी | 15,842 | ↑ | 60 | |
| सोना | 50,020 | ↑ | 147 | /10g |
| चांदी | 59,828 | ↑ | 496 | /kg |

## क्विक न्यूज

### सरकार ने पवन हंस के बिक्री सौदे को फिलहाल रोका

**नई दिल्ली।** सरकार ने हेलीकॉप्टर सेवा का संचालन करने वाली पवन हंस लिमिटेड के लिए निर्णायक बोली लगाने वाले गठजोड़ (कंसोर्टियम) में शामिल अल्मस ग्लोबल के खिलाफ जारी एनसीएलटी के आदेश को देखते हुए इस बिक्री सौदे को फिलहाल स्थगित कर दिया है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेश की कानूनी समीक्षा की जा रही है। अधिकारी ने कहा, हम आगे बढ़ने से पहले एनसीएलटी के आदेश का कानूनी परीक्षण कर रहे हैं। सौदा पूरा होने का पत्र जारी नही किया गया है। पवन हंस के लिए चलाई गई निविदा प्रक्रिया में पिछले महीने मैसर्स स्टार9 मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड को सफल बोलीकर्ता चुना गया था।

# अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में मानसून ने दी दस्तक

- आईएमडी ने कहा, दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के मजबूत होने के कारण हो रही बारिश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अंडमान** एवं निकोबार द्वीप समूह में सोमवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दस्तक दी, जो चार महीने लंबी चलने वाली मौसमी बारिश की शुरुआत का संकेत है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यहां यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह और आसपास के इलाकों में दक्षिण-पश्चिमी हवाओं के मजबूत होने के कारण बारिश हो रही है।

आईएमडी ने एक बयान में कहा कि दक्षिण पश्चिम मानसून के अगले 2-3 दिनों के दौरान दक्षिण बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों, पूरे अंडमान द्वीप समूह के अलावा पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। बयान के मुताबिक, अगले पांच दिनों के दौरान लक्षद्वीप और उत्तरी तमिलनाडु तट पर चक्रवाती परिसंचरण की उपस्थिति के चलते केरल, तटीय और दक्षिण कर्नाटक के अलग-अलग हिस्सों में गरज या तेज हवाओं के साथ व्यापक वर्षा होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने कहा कि तमिलनाडु में सोमवार से बुधवार तक और अगले दो दिनों में लक्षद्वीप क्षेत्र में भारी बारिश की संभावना है। इसने कहा कि बुधवार को कर्नाटक के तटीय और दक्षिणी हिस्सों में भी भारी बारिश की संभावना है। पिछले हफ्ते, मौसम विभाग ने कहा था कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के 27 मई तक केरल पहुंचने की उम्मीद है, जो कि एक जून की अपनी सामान्य शुरुआत की तारीख से पांच दिन पहले है।



शिमला में सोमवार को हुई बरसात से मौसम हुआ और सुहाना

## बादल छाने से दिल्ली में गर्मी से थोड़ी राहत

**नई दिल्ली।** आसमान में आंशिक रूप से बादल छाने के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को अधिकतम तापमान में आंशिक गिरावट आई लेकिन अब यह सामान्य से दो से चार डिग्री तक अधिक है। दिल्ली की मौसम संबंध मूल सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से दो अधिक डिग्री था। रविवार को यहां 45.6 डिग्री और मुंगेशपुर में 49.2 डिग्री सेल्सियस था जो इस साल का अबतक का सर्वाधिक था। सोमवार को नजफगढ़, मुंगेशपुर, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जाफरपुर, आयानगर, पीतमपुरा एवं रिज के स्वचालित मौसम केंद्रों में अधिकतम तापमान क्रमश: 44.7 डिग्री सेल्सियस , 44.4 डिग्री, 44 डिग्री, 43.9 डिग्री, 43.4 डिग्री, 43.3 डिग्री एवं 43.1 डिग्री दर्ज किया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को गरज के साथ छींटे पड़ने और आंधी चलने का अनुमान भी जताया है, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है। विभाग ने कहा कि बुधवार को फिर तापमान बढ़ने लगेगा और वह शुक्रवार को 45 डिग्री तक जा सकता है। मौसम कार्यालय ने शुक्रवार के लिए शहर के कुछ हिस्सों के लिए एलो अलर्ट जारी किया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को ताजा पश्चिमी विक्षोभ के कारण हल्की वर्षा, गरज के साथ छींटे पड़ने या आंधी चलने की संभावना है।

# अफगानिस्तान की स्थिति पर एससीओ की बैठक में चर्चा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भारत,** पाकिस्तान और शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ के आतंकवाद रोधी विशेषज्ञों की सोमवार को नई दिल्ली बैठक हुई। इस बैठक में विभिन्न क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से मुकाबला करने में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। यह बैठक एससीओ के आतंकवाद रोधी क्षेत्रीय ढांचे यानी आरएटीएस के तहत आयोजित की गई है। इसमें अफगानिस्तान की स्थिति पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गयाए जिसमें तालिबान शासित देश में सक्रिय आतंकी संगठनों से निपटने से जुड़े खतरे शामिल हैं।

पाकिस्तान ने बैठक में हिस्सा लेने के लिये तीन सदस्यीय दल नई दिल्ली भेजा है। भारत ने 28 अक्तूबर को एक वर्ष की अवधि के लिये एससीओ आरएटीएस परिषद की अध्यक्षता संभाली थी। भारत ने एससीओ और इसके क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी ढांचे के साथ सुरक्षा सहयोग बढ़ाने में रुचि दिखायी है, जो खास तौर पर सुरक्षा एवं रक्षा से जुड़े मुद्दों से निपटता है। इसी तरह का एक सम्मेलन भारत ने पिछले वर्ष दिसंबर में आयोजित किया था, जिसमें सभी सदस्य देश आए थे। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में उभरा एससीओ बेहद प्रभावशाली आर्थिक एवं सुरक्षा समूह है। एससीओ के सदस्य देशों में रूस, भारत, पाकिस्तान, किर्गिजिस्तान, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान शामिल हैं। अफगानिस्तान को इस समूह में पर्यवेक्षक देश का दर्जा प्राप्त हैं। अफगानिस्तान के दूत फरीद मंमूदजई ने ट्वीट किया, मैं शंघाई सहयोग संगठन की आतंकवाद रोधी इकाई क्षेत्रीय आतंकवाद (शेष पेज 8)

# प्राधिकरण के पार्किंग ऐप से नहीं हो रहा लोगों को फायदा

## अभी 60 दिन का और लगेगा समय

- बीते माह 13 अप्रैल को लांच हुआ था ऐप
- शहर में फ़िलहाल 54 वैध सरफेस पार्किंग हैं



- ठेकेदारों की मनमानी वसूली हो जाएगी बंद इससे लोगों को मिलेगा लाभ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण ने शहर की पार्किंग व्यवस्था को सुधारने और लोगों की सहूलियत के लिए बनाए नोएडा अथॉरिटी पार्क स्मार्ट ऐप का ज्यादा फायदा नहीं हो रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि अभी तक प्राधिकरण ने सरफेस पार्किंग सड़कों पर पार्किंग को इस ऐप से नहीं जोड़ा है। जबकि एक महीने के अंदर इसे ऐप से जुड़ने के लिए कहा गया था। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल सरफेस पार्किंग को ऐप से जोड़ने के लिए करीब 2 महीने का समय लग सकता है।

आपको बता दें कि प्राधिकरण के नोएडा अथॉरिटी पार्क स्मार्ट ऐप लोगों की पार्किंग की समस्याओं के निवारण के लिए शुरू किया था। इस ऐप के जरिए पार्किंग की बुकिंग और ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है, लेकिन पार्किंग ऐप से ज्यादा फायदा नहीं हुआ है। क्योंकि अभी इस ऐप से सरफेस पार्किंग को जोड़ा नहीं गया है। 13 अप्रैल को जब इस ऐप को लांच किया था, उस समय सेक्टर-18 में स्थित बोटैनिकल गार्डन और सेक्टर-16ए स्थित फिल्म सिटी पार्किंग के अलावा सेक्टर-1, 3 और 5 में पार्क के नीचे बनी पार्किंग को जोड़ा गया था। एप लॉन्चिंग के दौरान कहा गया था कि 1 महीने के अंदर सरफेस पार्किंग को इससे जोड़ दिया जाएगा। शहर में फि.लहाल 54 वैध सरफेस पार्किंग है, लेकिन अभी इन्हें पार्किंग ऐप से जोड़ा नहीं गया है। वहीं, ज्यादातर शिकायतें और पार्टी से संबंधित समस्याएं सरफेस पार्किंग को लेकर होती हैं। साथ ही सरफेस पार्किंग ऐप से जुड़ने से अवैध वसूली और जगह नहीं मिलने की चिंता खत्म होने की उम्मीद है। इसके अलावा सरफेस पार्किंग पर ठेकेदारों की मनमानी वसूली बंद हो जाएगी।

## ढाबे में लगी आग कोई हताहत नहीं

**नोएडा।** सेक्टर-75 स्थित गोल्फ सिटी सोसाइटी के पास सोमवार तड़के ढाबे में आग लग गई। दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है। वहीं, सोसाइटी के लोगों ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर ढाबा बंद कराने और अतिक्रमण हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि आए दिन ढाबे पर आग लगने की घटना होती है।

सेक्टर.75 स्थित गोल्फ सिटी सोसाइटी निवासी निशांत कुमार ने बताया कि सोमवार तड़के करीब तीन बजे सोसाइटी के पास ढाबे में आग लग गई। इससे सोसाइटी में भी अफरातफरी मच गई। धुआं निकलता देख लोग ढाबे पर पहुंचे। इसी बीच दमकल को हादसे की सूचना दी गई और लोगों की मदद से आग को बुझाने का प्रयास किया।



सोमवार को एनसीआर में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के पास खुद को गर्मी से बचाने के लिए सिर पर हेलमेट लगाकर साइकिल से जाता एक युवक। फोटो : अंकित यादव

## बच्चों को लेकर प्रेमी संग फरार हुई महिला

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में रहने वाली एक महिला अपने पूरे परिवार को नशीला पदार्थ देकर अपने प्रेमी के संग फरार हो गई। महिला घर से अपने बच्चों को भी लेकर चली गई है। महिला की शादी को 20 साल हो गए हैं और महिला के 5 बच्चे हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

दनकौर के जुनेदपुर गांव में रहने वाले एक युवक की शादी 20 साल पहले एक युवती से हुई थी। दोनों के 5 बच्चे हैं। पुलिस ने बताया कि बीती रात को 45 वर्षीय महिला ने अपने परिजनों के खाने में नशीला पदार्थ मिला दिया। जिस समय सभी लोग गहरी नींद में सोए हुए थे। उसकी दौरान महिला अपने प्रेमी के साथ भाग गई है।

## रेप के आरोप में बुजुर्ग चित्रकार गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में एक डिलीटल रेप का मामला प्रकाश में आया है। नोएडा पुलिस ने यह जानकारी दी। सेक्टर-39 क्षेत्र में रहने वाला बुर्जुग चित्रकार अपनी नाबालिग नौकरानी से पिछले सात सालों से रेप कर रहा था। अब किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी चित्रकार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट में भी कार्यवाही की जा रही है।

सेक्टर-39 थाना प्रभारी राजीव बालियान ने बताया कि मूल रूप से इलाहबाद के निवासी चित्रकार मौरिस राईडर 80 वर्ष अपनी एक महिला दोस्त के साथ सेक्टर-46 में रहते हैं। आरोपी की महिला दोस्त के संरक्षण में एक 17 वर्षीय किशोरी रहती है। किशोरी उनके यहां घरेलू सहायिका का काम करती है। किशोरी का आरोप है कि पिछले कई सालों से आरोपी मौरिस राईडर उसके साथ यौन शोषण कर रहा है। किशोरी ने शिकायत करते हुए बताया कि जब वह दस साल की थी तभी से यहां रह रही है। उसने आरोपी की कई वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को दी हैं।

## आनलाइन एप से लिया लोन अब ठग कर रहे ब्लैकमेल

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली क्षेत्र की एक कालोनी निवासी युवक को आनलाइन एप से नौ हजार रुपये का लोन लेना महंगा पड़ गया। साइबर ठग अब उनसे एक लाख रुपये जमा करने दबाव बना रहे हैं और उनकी फोटो को एडिट कर अश्लील बनाकर बदनाम करने की धमकी दे रहे हैं। उनके कांटेक्ट लिस्ट में आरोपित अश्लील मैसेज डाल रहे हैं।

पीड़ित ने परेशान होकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली निवासी एक युवक का कहना है कि उन्हें अचानक पैसे की जरुरत पड़ी तो उन्होंने आनलाइन दत्ता एप के माध्यम से नौ हजार रुपये का लोन ले लिया। यह लोन सात दिन में जमा करना था लेकिन उनके पास पांच दिन में ही पैसे जमा करने के लिए फोन आ गया।

## संक्षिप्त समाचार



शिखर सोसायटी में स्विमिंग पूल का उद्घाटन करते अभिनेता मोहित त्यागी।

### शिखर सोसायटी में स्विमिंग पूल का उद्घाटन

**गाजियाबाद।** वसुंधरा के शिखर एन्क्लेव सोसाइटी सोमवार को दो साल से बंद पड़े स्विमिंग पूल (तरण ताल) का उद्घाटन अभिनेता मोहित त्यागी ने किया। इस अवसर पर गोल्ड मेडलिस्ट स्विमर नरेश भाटी ने बच्चों को स्विमिंग के टप्स दिए। स्विमिंग पूल के उद्घाटन के बाद बच्चों ने स्विमिंग पुल में खूब एन्जॉय किया। अध्यक्ष हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि पारा 47 डिग्री तक पहुंचने से गर्मी से परेशान लोगों को इसस थोड़ी राहत मिलेगी। पानी को साफ करने के लिए सक्षम मोटर का इंतज़ाम आवास विकास परिषद के अधिशासी अभियन्ता प्रशांत वर्धन द्वारा किया गया है।




ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले डीएम के दोनों बच्चे।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर डीएम के बेटा-बेटी ने देश का नाम रोशन किया है। सुहास एलवाई के बेटे और बेटी ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। इस चैंपियनशिप में करीब 350 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। सुहास और ऋतु के बच्चे विवान सुहास और पुत्री सान्वी सुहास ताइक्वांडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेने गए। इस पर गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद के लोग बधाई दे रहे हैं। आपको बता दें कि सुहास एलवाई गौतमबुद्ध नगर के डीएम और ऋतु सुहास गाजियावाद की एडीएम हैं। गौतमबुद्ध नगर के डीएम सुहास एलवाई ने बीते 5 सितंबर 2021 को टोक्यो पैरा ओलंपिक गेम में इतिहास रचा था। सुहास एलवाई ने टोक्यो पैरा ओलंपिक में सिल्वर मेडल हासिल किया था। उन्होंने पुरुष एकल एयरटेल फॉर इवेंट्स में जीत हासिल किया था।

### एसिड प्रभावित महिलाएं स्टेडियम में चलाएंगी क्योस्क

**नोएडा।** एसिड प्रभावित महिलाएं नोएडा स्टेडियम में कैफे संचालित करेंगी। इसका नाम शीरोज हैंगआउट कैफे होगा। इसकी शुरुआत मंगलवार से होगी। आने वाले समय में और कैफे खोले जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को इस कैफे का शुभारंभ सांसद डॉ महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह व नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी करेंगी। स्टेडियम के गेट नंबर.4 से प्रवेश करते समय खेल परिषद कार्यालय के पास यह क्योस्क बनाया गया है।

### नायफल में विद्युत निगम के खिलाफ पंचायत

**गाजियाबाद।** नायफल गांव में रविवार को विद्युत कर्मियों के खिलाफ आसपास के गांव के लोगों ने फिर पंचायत की। इस दौरान उन्होंने विद्युत कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर योजना तैयार की। दरअसल मसूरी थानाक्षेत्र के गांव सादतनगर इकला में मीटर लगाने गए विद्युतकर्मियों को बंधक बनाने के मामले में 50 ग्रामीणों के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

**PUBLIC NOTICE**

THIS IS TO INFORM TO ALL, THAT, SVP BUILDERS INDIA LIMITED Having its registered office at 17, Kiran Enclave, GT Road, Near Samrat Hotel, Ghaziabad, Uttar Pradesh – 201001 has declared that it is owner and occupant of the 84 unsold Units at Group Housing Project built on land admeasuring 66147.28 sq. mtrs. Comprised in Khasra no. 1131, 1133, 1139, 1143 and 1144 Project Named "GULMOHAR GARDEN Phase I & II" in Village Noor Nagar, Pargana Loni, Tehsil & District Ghaziabad, Uttar Pradesh.

That KOTAK MAHINDRA BANK LTD., would like to give them financial facility against the 84 Flats –(list annexed) (hereinafter refer as the said property) And that firm has agreed to mortgage the said property admitting that the said property has clear and marketable title, interest without any encumbrances.

That **KOTAK MAHINDRA BANK LTD.** is willing to finance against the said property by creating mortgage and charge over the said property against the aforesaid facility therefore any person, firm, institution etc. having objection against said transaction or they having right, interest, share, claim, charge, lien, relation, encumbrances, agreement, mortgage, hypothecation, easements etc. or other rights, claims they should right the undersigned along with documentary evidence within 7 days from the publication of this Notice. On failure of the same after expiration of the period of notice, it will be considered that there is no right or claim of any body and if it is there they have waived the same and **KOTAK MAHINDRA BANK LTD.** shall finance against the said property. Thereafter no disputes complains or objections will be entertained this may be noted by the concerned.

DATE : 16.05.2022
PLACE: Delhi

**LIST OF FLATS**

| | | KRISHNA GARDEN PHASE-2 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SR. NO. | TOWER | FLOOR | UNIT NO. | SR. NO. | TOWER | FLOOR | UNIT NO. |
| 1 | DWARIKA-1 / T-13 | 1 | D-1-101 | 44 | VRINDAVAN /T-12 | 4 | V-403 |
| 2 | DWARIKA-1 / T-13 | 1 | D-1-106 | 45 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 1 | V-2-103 |
| 3 | DWARIKA-1 / T-13 | 14 | D-1-1401 | 46 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 1 | V-2-104 |
| 4 | DWARIKA-1 / T-13 | 14 | D-1-1402 | 47 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 10 | V-2-1003 |
| 5 | DWARIKA-1 / T-13 | 14 | D-1-1404 | 48 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 10 | V-2-1004 |
| 6 | DWARIKA-2 / T -15 | 14 | D-2-1401 | 49 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 11 | V-2-1101 |
| 7 | DWARIKA-1 / T-13 | 14 | D-1-1405 | 50 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 11 | V-2-1103 |
| 8 | DWARIKA-1 / T-13 | 14 | D-1-1406 | 51 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 11 | V-2-1104 |
| 9 | DWARIKA-1 / T-13 | 2 | D-1-206 | 52 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 12 | V-2-1203 |
| 10 | DWARIKA-2 / T -15 | 14 | D-2-1405 | 53 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 12 | V-2-1204 |
| 11 | DWARIKA-2 / T -15 | 14 | D-2-1406 | 54 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 13 | V-2-12A03 |
| 12 | DWARIKA-3 / T-18 | 14 | D-3-1406 | 55 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 14 | V-2-1401 |
| 13 | DWARIKA-4 / T-20 | 1 | D-4-106 | 56 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 14 | V-2-1402 |
| 14 | DWARIKA-4 /T-20 | 14 | D-4-1401 | 57 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 14 | V-2-1403 |
| 15 | DWARIKA-4 / T-20 | 14 | D-4-1402 | 58 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 2 | V-2-204 |
| 16 | DWARIKA-4 / T-20 | 14 | D-4-1404 | 59 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 3 | V-2-304 |
| 17 | DWARIKA-4 / T-20 | 14 | D-4-1405 | 60 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 4 | V-2-403 |
| 18 | DWARIKA-4 / T-20 | 14 | D-4-1406 | 61 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 4 | V-2-404 |
| 19 | GOKUL-1/ T-16 | 14 | GOKUL-1-1403 | 62 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 5 | V-2-503 |
| 20 | GOKUL-2/ T-17 | 14 | GOKUL-2-1406 | 63 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 5 | V-2-504 |
| 21 | GOKUL2A/T-17 | 13 | GOKUL 2-A-12A05 | 64 | VRINDAVAN-2 /T- 21 | 8 | V-2-803 |
| 22 | GOKUL-2A / T-17 | 14 | GOKUL-2-A-1405 | | | | |
| 23 | PURI-1 / T-14 | 1 | P-1-104 | | GULMOHAR GARDEN PHASE 1 | | |
| 24 | PURI-2 /T-19 | 14 | P-2-1403 | 65 | ROSE MARY-1A / T-11 | 1 | R-1A-108 |
| 25 | PURI-2 / T-19 | 14 | P2-A-1405 | 66 | ROSE MARY-1A/ T-11 | 9 | R-1A-904 |
| 26 | VRINDAVAN /T-12 | 1 | V-102 | 67 | ROSE MARY-1A / T-11 | GROUND | R-1A-G04 |
| 27 | VRINDAVAN /T-12 | 1 | V-103 | 68 | TULIP-1/ T-1 | 1 | 105 |
| 28 | VRINDAVAN /T-12 | 1 | V-104 | 69 | TULIP-1/T-1 | 11 | 1101 |
| 29 | VRINDAVAN /T-12 | 10 | V-1003 | 70 | TULIP-1/T-1 | 11 | 1102 |
| 30 | VRINDAVAN /T-12 | 11 | V-1103 | 71 | TULIP-1/T-1 | 11 | 1103 |
| 31 | VRINDAVAN /T-12 | 11 | V-1104 | 72 | TULIP-2/ T-2 | 11 | 1101 |
| 32 | VRINDAVAN /T-12 | 12 | V-1203 | 73 | TULIP-2 /T-2 | 11 | 1102 |
| 33 | VRINDAVAN /T-12 | 12 | V-1204 | 74 | TULIP-2/T-2 | 11 | 1104 |
| 34 | VRINDAVAN /T-12 | 13 | V-12A02 | 75 | TULIP-3 /T-3 | 11 | 1101 |
| 35 | VRINDAVAN /T-12 | 13 | V-12A03 | 76 | TULIP-3/T-3 | 11 | 1102 |
| 36 | VRINDAVAN /T-12 | 13 | V-12A04 | 77 | TULIP-3 /T-3 | 11 | 1103 |
| 37 | VRINDAVAN /T-12 | 14 | V-1402 | 78 | TULIP-3/T-3 | 11 | 1104 |
| 38 | VRINDAVAN /T-12 | 14 | V-1403 | 79 | TULIP-3 /T-3 | 11 | 1105 |
| 39 | VRINDAVAN /T-12 | 14 | V-1404 | 80 | TULIP-3 /T-3 | 11 | 1106 |
| 40 | VRINDAVAN /T-12 | 2 | V-203 | 81 | TULIP-4/T-4 | 11 | 1101 |
| 41 | VRINDAVAN /T-12 | 2 | V-204 | 82 | TULIP-4 /T-4 | 11 | 1102 |
| 42 | VRINDAVAN /T-12 | 3 | V-303 | 83 | TULIP-4 /T-4 | 11 | 1104 |
| 43 | VRINDAVAN /T-12 | 3 | V-304 | 84 | TULIP-4 /T-4 | 11 | 1105 |

Adv. Himanshu Bansal
Progressive Law Group
9/14, Third Floor, East Patel Nagar, Delhi 110008. M.-8800257301

## सोसायटी वासियों की मीटिंग में बाउंसर लेकर पहुंचा बिल्डर

**नोएडा।** शहर के सेक्टर अल्फा वन में स्थित अल्फा होम सोसाइटी में रविवार देर रात निवासियों ने बिल्डर के खिलाफ जमकर हंगामा किया है। सोसाइटी में निवासी बैठक कर रहे थे। बैठक की सूचना मिलने पर बिल्डर अपने बाउंसरों के साथ पहुंच गया। बिल्डर को देखकर निवासी भड़क गए और हंगामा शुरू कर दिया। सोसायटी के निवासियों का आरोप है कि बिल्डर के बाउंसरों ने उनके साथ धक्का.मुक्की की है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिल्डर के दो लोगों को हिरासत में लिया है।

सेक्टर बीटा दो थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोसायटी के लोगों ने रविवार की देर शाम एक बैठक बुलाई थी। निवासी फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं होने से लोग नाराज हैं। सोसायटी में निवासियों की बैठक की सूचना किसी ने बिल्डर को दे दी।

## कलेक्शन एजेंट से 7 लाख लूटने वाले धरे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के थाना सेक्टर-113 पुलिस और बदमाशों के बीच देर रात मुठभेड़ हो गई। जिसमें दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। वहीं, तीन बदमाशों को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। इन बदमाशों ने 9 मई को सेक्टर-78 में कलेक्शन एजेंट से लगभग 7 लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया था। इनके कब्जे से पुलिस ने लूटे हुए 3 लाख 45 हजार रुपए और 4 अवैध हथियार बरामद किया है।

एडिशनल डीसीपी रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस की बीती रात को शातिर बदमाशों से मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से 2 बदमाशों को गोली लगी है। इन बदमाशों ने बीते 9 मई की दोपहर को सरेराह सेक्टर-78 में सीएमएस कलेक्शन एजेंसी के एक एजेंट से हथियारों के बल पर लगभग 7 लाख की लूट की घटना को अंजाम दिया था। लूट की घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी, जिसके बाद पुलिस ने सर्विलांस और 4 टीमों की मदद से आरोपियों तक पहुंची। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि रविवार देर रात को पुलिस को सूचना मिली थी कि सभी आरोपी सेक्टर.112 में लुटे हुए पैसों को बांटने के लिए आने वाले हैं। पुलिस ने जब सभी आरोपियों के घेरा बंदी की तो एक बाइक पर 2 और एक बाइक पर 3 बदमाश सवार होकर भागने लगे। पुलिस की घेराबंदी देख आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दिया। जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें दो बदमाश मुकुल और मेहरुदीन पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए।

## विवाद सुलझाने आए थे और खुद ही पिट गए पुलिसवाले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



थाना दनकौर क्षेत्र के झालडा गांव में बीती रात को एक पुलिसकर्मी के साथ आधा दर्जन लोगों ने मारपीट की। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, थाना बिसरख क्षेत्र में भी एक पुलिसकर्मी के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि थाना दनकौर में तैनात कांस्टेबल रवि बीती रात को एक सूचना के आधार पर गांव झालडा में जांच करने गया था। एक महिला ने कुछ लोगों के खिलाफ शिकायत की थी। सिपाही जब मौके पर पहुंचे तो महिला और दूसरा पक्ष आमने.सामने आ गए। जब पुलिसकर्मियों ने बीच.बचाव करना चाहा तो सोनू उसके चाचा सहित आधा दर्जन लोगों ने कांस्टेबल रवि और होमगार्ड के साथ मारपीट की। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

वहीं, थाना बिसरख में तैनात एक कांस्टेबल अनुज के साथ एक सोसाइटी में रहने वाले अरूज नामक व्यक्ति ने बीती रात को शराब के नशे में धुत होकर मारपीट की। एक शिकायत के आधार पर कांस्टेबल जांच करने गया था। तभी आरोपी ने उसके साथ मारपीट और दुर्व्यवहार किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., नंबर 4/10, मैत्री टावर, बोम्मनहल्ली होसूर मेन रोड, बेंगलूरू-560068

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आरूल सैमुअल एवं एस मेरी/फ्लैट नंबर 501, 5वां तल, हाइट्स 8, टेम्पल ग्रीन-हाइट्स, फेज-II, पुराना नंबर 180, नया नंबर 135, माथुर ग्राम श्रीपेरम्बुदूर टीके एस नंबर 27/1 पीटी कांचीपुरम-602105/ एलबीसीएचई00002054499 एवं एलबीसीएचई00002055255 | अनुसूची "क" सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि स्थित पुराना नंबर 180, नया नंबर 135, माथुर ग्राम, श्रीपेरम्बुदूर तालुक, कांचीपुरम जिला, एस. नंबर और सीमाएं नीचे दिए अनुसार, अथवा लगभग और चौहद्दी : आइटम , सर्वे नंबर, सीमा सेंट्स वर्ग फीट, उत्तर सर्वे नंबर, दक्षिण सर्वे नंबर, पूरब सर्वे नंबर, पश्चिम सर्वे नंबर। 1- 30/2 Part 14.25 6,207.30 30/2 Part 30/3 part 30/5 Part 32/7 part 2 30/5 Part 1.75 762.30 30/5 Part 30/3 Part 30/6 Part 30/2 Part 3 33/4 19.00 8,276.40 33/2 25,80,556/- Heights, Phase Ii, old 33/7 34/1 Part 33/3 Part & 33/5 4 33/5 Part 5.25 2,286.90 33/3 Part 33/7 part 33/4 part & 33/7 33/5 Part 5 34/1 Part 52.00 No.180 New No.135 22,651.20 32/7 Part 34/1 Part 35/2 Part 33/2 part,33/4 & 33/7 Part 6 34/2 Part 19.00 8,276.40 34/2 Part 34/2 Part 34/4 part & 34/5 Mathur Village 34/2 part 7 34/3 Part 6.00 2,613.60 34/3 part 34/4 part 93/1A Part 34/3 Part 8 35/2 Part 12.50 5,445.00 35/2 Part 35/2 part 35/3 Sriperumbudur Tk Part 34/1 Part,34/2 Part & 35/2 Part 9 93/1B 33.00 14,374.80 35/3 Part 93/2 Part 93/1C 93/1A 10 35/3 Pa137/6 94/1 Part 34/5 Part,137/1 &137/2 22 137/1 Part 23.25 10,127.70 34/5 Part 137/2 Part 93/2 Part 137/1 Part 23 137/2 Part 17.00 7,405.20 137/1 Part 137/4 Part 93/2 Part 137rt 57.50 25,047.00 35/3 S No.27/1 PT Part 93/1A Part, 93/1 B & 93/1C 35/3 Part 35/2 Part 11 93/1 A Part 30.50 13,285.80 35/1 Part & 35/3 Part 93/2 Part 93/1 B Part 34/3 Kancheepuram- 602105/ Part,34/4 & 34/5 part 12 93/1C 30.00 13,068.00 35/3 Part 93/2 Part 92/1 & 92/2 93/1B 13 33/2 Part 11.00 4,791.60 33/2 Part 33/4 part 34/1 part 33/3 part 14 137/4 Part 11.25 4,900.50 137/2 part 137/5 Part 137/6 Part 137/4 Part 15 137/5 Part 10.50 4,573.80 LBCHE00002054499 137/4 Part 132/1 Part 137/6 Part 137/5 Part 16 32/7 Part 12.50 5,445.00 32/7 Part 34/1 part 35/2 Part 32/7 Part 17 33/7 Part 8.00 & 3,484.80 33/4 & 33/5 Part 33/7 Part 34/1 Part 33/5 Part & 33/7 part 18 34/4 18.00 7,840.80 34/3 34/5 93/1A Part 34/1 part & 34/2 LBCHE00002055255. PartWester 19 34/5 18.00 7,840.80 34/4 137/1 Part 93/1A Part & 93/2 Part 34/2 Part 20 92/2 Part 6.25 2722.50 92/1 Part 94/1 part 92/2 Part 93/1C part 21 93/2 59.00 25,700.40 93/1A,93/1B & 93/1C 137/4 Part & /2 Part 24 33/1 Part 0.50 217.80 33/1 part 33/2 Part 33/2 Part 33/3 Part 25 33/3 part 6.00 2,613.60 33/3 Part 33/5 Part 33/2 Part & 33/3 Part 33/4 Part 26 92/1 30.00 13,068.00 35/3 part & 92/1 part 92/1 Part & 92/ Part 92/1 part 35/3 part & 93/1C Part 27 137/6 1500 6,534.00 93/2 part 133 part 94/1 part & 136 137/4,137/5 & 132/1 28 94/1 Part 64.75 28,205.10 92/2 Part & 94/1 part 94/1 Part 94/1 Part 93/2 & 137/6 Part Total 591.75 257,766.30 जो पंजीकरण जिला चेंगलापेट एवं उप पंजीकरण जिला सुंगुवरचतिरम के भीतर स्थित है। अनुसूची "ख" : 293.5 वर्ग फीट, भूमि, जिसका अधिक स्पष्ट वर्णन ऊपर अनुसूची "क" में किया गया है, के सभी अंश एवं खंड में अविभाजित हिस्सा और हित। सांकेतिक कब्जा की तिथि : 11-05-2022 | 02-07-2021 रू. 25,80,556/- | चेन्नई |

उपरोक्त कर्जदारों/गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 17-05-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# डेंगू की रोकथाम के लिए 20 टीमें जुटीं

## जागरूकता अभियान के साथ स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



जिले में डेंगू की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। मार्च माह में डेंगू का एक मामला सामने आने के बाद विभागीय स्तर पर 20 टीमों का गठन कर सर्वे किया गया। साथ ही पिछले साल के प्रभावित इलाकों में सर्वे कर दवाई का स्प्रे भी किया जा रहा है। वहीं, अब डेंगू के बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान शुरू किया जाएगा।

जिले में पिछले कुछ सालों के दौरान डेंगू का प्रकोप बढ़ा है। हालांकि डेंगू से होने वाली मौतों पर स्वास्थ्य विभाग अंकुश लगाने में काफी हद तक सफल रहा है। जिले में इसी साल मार्च माह में डेंगू का एक मामला सामने आ चुका है। इस मामले के बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया था और विभाग ने डेंगू मरीज मिलने वाले इलाके में दवाई का स्प्रे भी किया। साथ ही पिछले साल डेंगू के मिलने वाले मरीजों के इलाकों में भी सर्वे कर दवाई का स्प्रे किया जा रहा है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर विभाग की ओर से गाजियाबाद के सभी आरडब्ल्यूए और जनप्रतिनिधियों के अलावा सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। बैठक में डेंगू से बचाव और उपचार पर चर्चा की जाएगी।

जिला एमएमजी अस्पताल के सीनियर फिजिशियन डॉ आरपी सिंह बताते हैं कि डेंगू की पहचान और उपचार में देरी नहीं करनी चाहिए। बारिश शुरू होने से लेकर सर्दियां बढ़ने तक इस बीमारी का सीजन होता है। इसलिए इस दौरान यदि बुखार और सिर दर्द महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए। मार्च में डेंगू का मरीज मिलने के बाद विभागीय स्तर पर 20 टीम का गठन कर सर्वे शुरू कर दिया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 मई, 2022



# 63 लाख लोगों को बेघर करने पर तुली भाजपा

## एमसीडी की बुलडोजर नीति पर बरसे मुख्यमंत्री, बताया आजाद देश का सबसे बड़ा विध्वंस

● बैठक में आप विधायकों से बोले केजरीवाल, जेल भी जाना पड़े तो डरना मत, जनता के साथ खड़े हों



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अवैध कब्जों और अतिक्रमण के खिलाफ दिल्ली नगर निगम की जारी कार्रवाई पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भाजपा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि भाजपा, राष्ट्रीय राजधानी में 63 लाख लोगों के घर और दुकानों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। यह आजाद देश का सबसे बड़ा विध्वंस होगा। कच्ची कॉलोनियों में 50 लाख और झुग्गियों में 10 लाख लोग रहते हैं, जबकि एमसीडी ने करीब तीन लाख संपत्ती की और सूची बनाई है। जिस तरह से लोगों के घरों और दुकानें तोड़े जा रहे हैं, वह सही नहीं है। वह भी इसके खिलाफ हैं। विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी पार्टी ने कहा था कि जहां झुग्गी, वहीं मकान बना कर दिया जाएगा और अब ये लोग इन सबको तोड़ने के लिए आ गए। अरविंद केजरीवाल ने नगर निगम का चुनाव कराने की मांग करते हुए कहा कि पूरी दिल्ली जानती है कि इस बार एमसीडी में आप की सरकार बनेगी। जैसे उन्होंने शिक्षा-स्वास्थ्य में बेहतर काम किया। बिजली ठीक की और पानी ठीक रहे हैं। ऐसे वह अवैध अतिक्रमण को भी ठीक करेंगे।

बुलडोजर कार्रवाई पर भाजपा को घेरने की रणनीति पर अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों के संग बैठक की और उनसे कहा कि आप एमएलए को जेल भी जाना पड़े तो डरना मत, लेकिन जनता के साथ खड़ा होना है। इस तरह से बुलडोजर चलाना, दादागिरी-गुंडागर्दी और अपनी पावर का गलत इस्तेमाल करना सही नहीं है। अस्सी फीसदी से अधिक दिल्ली अतिक्रमण के दायरे में आएगी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से देख रहे हैं कि भाजपा शासित नगर निगम की तरफ से कई जगह बुलडोजर चलाए जा रहे हैं और कहा जा रहा है कि अभी कई महीनों तक बुलडोजर चलाए जाएंगे। वह खुद भी अतिक्रमण के खिलाफ हैं। लेकिन इसमें दो चीजें महत्वपूर्ण हैं। पहला यह कि पिछले 75 साल में दिल्ली जिस तरह से बनी है, दिल्ली योजनाबद्ध तरीके से नहीं बनी है। दिल्ली जिस तरह से बनी है, उसमें 80 फीसद से अधिक अतिक्रमण के दायरे में आएगी। अब सवाल उठता है कि क्या अब 80 फीसद दिल्ली को तोड़ा जाएगा।

### पीड़ितों के कागजों की हो रही अनदेखी

*केजरीवाल ने कहा कि दूसरी बात यह कि जिस तरीके से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। ना कोई कागज है, ना कोई मौका दिया जा रहा है। निगम कर्मी किसी कॉलोनी में बुलडोजर पहुंच जाते हैं और किसी का भी घर या दुकान तोड़ने लग जाते हैं। पीड़ित आदमी कागज लेकर सड़क पर खड़ा है। दया की भीख मांग रहा है कि उसके कागज तो देख लो। लेकिन कोई कागज नहीं देखा जा रहा है, सिर्फ बुलडोजर चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली वाले जानते हैं कि चुनाव के बाद नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अतिक्रमण और अवैध रूप से बनी हुई दिल्ली की हर समस्या का हम समाधान करेंगे। कच्ची कॉलोनियों को साफ-सुथरा बनाया जाएगा, कच्ची कॉलोनियों को नियमित करेंगे और लोगों को मालिकाना हक दिलवाएंगे।*

### धमकियां ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर नगर निगमों के अतिक्रमण विरोधी अभियान को लेकर लोगों को डराने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस मुहिम से शहर के निवासियों को नुकसान नहीं होगा, भले ही वे अनधिकृत कॉलोनियों या झुग्गी बस्तियों में ही क्यों न रहते हों। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि बांग्लादेशियों, रोहिंग्याओं, और अवैध गतिविधियों में शामिल लोग, जिन्हें आप द्वारा संरक्षण प्रदान किया जाता है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। उ अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वालों को चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि भाजपा और मोदी सरकार उनके साथ खड़ी है।

### केजरीवाल तुरंत विस का विशेष सत्र बुलाएं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा के बुलडोजर अभियान के खिलाफ दिल्लीवालों को उजाड़ने से बचाने के लिए आम आदमी पार्टी और भाजपा की मिलीभगत को उजागर करेगी। भाजपा तथा केजरीवाल साथ मिलकर 50 लाख लोगों को उजाड़ने की योजना बना रही है। भाजपा के बुलडोजर अभियान के तहत उजाड़ने से बचाने के लिए मुख्यमंत्री केजरीवाल तुरंत विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर अभियान के खिलाफ प्रस्ताव पास करें और भविष्य में बुलडोजर जैसी कार्रवाई न हो इसके लिए कानून पास करे। गरीबों के आशियानों पर बुलडोजर चलाना एक अमानवीय कृत्य है।

# राजधानी में छाया जल संकट आपूर्ति में 40% तक की कमी

● चंद्रवाल, वजीराबाद और ओखला जल शोधन संयंत्रों का जल स्तर घटा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यमुना नदी के लगभग सूख जाने के कारण वजीराबाद, चंद्रवाल और ओखला जल शोधन संयंत्रों की उत्पादन क्षमता में और कमी आई है, जिससे दिल्ली के कई इलाकों में पेयजल की समस्या और बढ़ गई है।

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के एक अधिकारी ने कहा कि इन संयंत्रों से पानी की आपूर्ति 40 प्रतिशत तक कम हो गई है। अधिकारी ने कहा, यमुना लगभग सूख चुकी है। वजीराबाद तालाब में जल स्तर 669.40 फुट तक घट गया है, जो इस साल अब तक का सबसे कम है। नतीजतन, वजीराबाद, चंद्रवाल और ओखला जल शोधन संयंत्रों में उत्पादन क्षमता 60-70 प्रतिशत तक कम हो गई है। वजीराबाद तालाब का जलस्तर शनिवार को सामान्य स्तर 674.50 फुट के मुकाबले 670.40 फुट रहा। डीजेबी ने इस संबंध में हरियाणा सिंचाई विभाग को एक पखवाड़े में 12 मई, तीन मई और 30 अप्रैल को तीन बार पत्र लिखा है। हरियाणा दो नहरों - सीएलसी और डीएसबी - और यमुना के माध्यम से दिल्ली को एक दिन में कुल 610 मिलियन गैलन (एमजीडी) पानी की आपूर्ति करता है।

सीएलसी और डीएसबी को मुनक नहर और भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के माध्यम से हथिनी कुंड से पानी की आपूर्ति की जाती है। इसके अलावा, दिल्ली को ऊपरी गंगा नहर के माध्यम से उत्तर प्रदेश से 253 एमजीडी पानी प्राप्त होता है और 90 एमजीडी पूरी दिल्ली में स्थापित कुओं और नलकूपों से प्राप्त होता है।

चंद्रवाल, वजीराबाद और ओखला जल शोधन संयंत्रों की क्षमता क्रमश: 90 एमजीडी, 135 एमजीडी और 20 एमजीडी है। 40 प्रतिशत की कमी का मतलब 98 एमजीडी पानी की कमी है।

# एनएचआरसी के जांच दल ने मुंडका अग्निकांड स्थल का किया निरीक्षण

● दल ने भवन के अंदर की वीडियोग्राफी कराई और पुलिस से पूरी जानकारी ली

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुंडका मेट्रो स्टेशन के निकट भवन में लगी भीषण आग पर कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे में केजरीवाल सरकार ने घटना में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम ने घटनास्थल का दौरा किया। टीम ने उस भवन की अच्छी तरह से निरीक्षण किया और वीडियोग्राफी कराते हुए पुलिस से पूरी जानकारी भी ली।

उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सुनील कुमार मीणा के नेतृत्व वाले इस दल में चार सदस्य शामिल हैं। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) एम.एस.गिल, डीएसपी कुलबीर सिंह, निरीक्षक कुलवंत सिंह और निरीक्षक अरुण त्यागी हैं। सूत्रों के अनुसार आयोग के जांच दल ने मौके पर पहुंच कर मुआयना किया। इससे पहले एनएचआरसी ने रविवार को, दिल्ली सरकार को 13 मई को हुए इस अग्निकांड के संबंध में नोटिस भेजा था।

नोटिस के अनुसार, आयोग ने पाया कि यह घटना इस बात का प्रमाण है कि शहर के अधिकारियों ने अतीत में हुई इस तरह की घटनाओं से कोई खास सबक नहीं सीखा। आयोग ने मुख्य सचिव से दो सप्ताह के भीतर एक रिपोर्ट मांगी है जिसमें घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई, जवाबदेही तय किया जाना, सरकार द्वारा दी गई राहत या पुनर्वास और राहत वितरण की स्थिति का ब्यौरा दिया जाना शामिल है।

# कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा सुनिश्चित करे केंद्र

पीएनएस। नई दिल्ली/श्रीनगर

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्र से कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। केजरीवाल ने कश्मीरी पंडित समुदाय के एक सरकारी कर्मचारी की पिछले सप्ताह आतंकवादियों द्वारा गोली मार कर हत्या कर दिए जाने की घटना के संदर्भ में केंद्र से यह अनुरोध किया।

कश्मीरी पंडित राहुल भट को 2010-11 में प्रवासियों के लिए विशेष रोजगार पैकेज के तहत क्लर्क की नौकरी मिली थी। राहुल की बृहस्पतिवार को मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के चदूरा शहर में तहसील कार्यालय के अंदर आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। केजरीवाल ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आतंकवादियों ने एक कश्मीरी पंडित को उसके कार्यालय के अंदर घुस कर गोली मार दी। ऐसा लगता है कि यह सुनियोजित था। भारतीय थल सेना ने एक दिन में दो आतंकवादियों को मार गिराया। लेकिन इस घटना ने कश्मीरी पंडितों को डरा दिया है।

# मच्छरों का लार्वा नष्ट करने का अभियान शुरू

● एसडीएमसी ने पूरे दिल्ली में शुरू की मदर फोकी खोज



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम एडीज मच्छरों का प्रकोप कम करने के मकसद से मदर फोकी खोज अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य मच्छरों के लार्वा का पता लगाकर उन्हें नष्ट करना है।

इस मुहिम के तहत दक्षिणी निगम ने अपने सभी चारों क्षेत्रों में एडीज मच्छरों के प्रजनन की जांच के लिए 771 निर्माण स्थलों एवं 461 सरकारी दफ्तरों की जांच की जिसमें से 168 निर्माण स्थलों एवं 25 सरकारी दफ्तरों में एडीज मच्छर का प्रजनन पाया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ 106 लीगल नोटिस एवं 77 अभियोजन दायर किए गए जिनमें से 14 लीगल नोटिस एवं 8 अभियोजन सरकारी विभागों को जारी किए गए। दक्षिणी निगम के अनुसार जांच अभियान के दौरान दिल्ली जल बोर्ड के डियर पार्क स्थित बूस्टर पंपिंग स्टेशन, डीपीएसआरयू के निर्माण स्थल, सीपीडब्ल्यूडी की सेवा नगर स्थित आईटीडी कंस्ट्रक्शन द्वारा संचालित निर्माण स्थल, लाजपत नगर-4 स्थित राज कुमारी अमृत कौर कॉलेज, एनबीसीसी द्वारा संचालित डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज स्थित निर्माण स्थल, तेहखंड डीटीसी बस डिपो, सनलाइट कॉलोनी पुलिस स्टेशन, सर्वोदय कन्या विद्यालय स्थित अनुज कुमार राय तरणताल, तिहाड़ स्थित नए स्टाफ क्वार्टर आदि सरकारी स्वामित्व वाले स्थलों पर मच्छरों के लार्वा पाए गए। सरकारी दफ्तरों में लार्वा मुख्यतौर पर भूमिगत टैंको एवं ओवरहेड टैंकों में पाया गया जिसके चलते उन्हें सप्ताह में एक बार इनकी सफाई करने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम ने 2 से 6 मई 2022 तक क्षेत्रीय कीटविज्ञानियों द्वारा एडीज मच्छर के लार्वा का पता लगाने के लिए मदर फोकी जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान मच्छरों का प्रजनन पाए जाने वाली जगहों पर मलेरिया विभाग के कर्मचारियों ने मच्छरों की रोकथाम के उपाय किए एवं दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई।

## संक्षिप्त समाचार



डीएसजीएमसी के पदाधिकारी एजुकेशन लंगर की जानकारी देते।

### गुरु नानक पब्लिक स्कूल में लगेंगे एजुकेशन के लंगर

**नई दिल्ली।** गुरु नानक पब्लिक स्कूल राजौरी गार्डन द्वारा एजुकेशन के लंगर शुरू किय गया हैं जिसमें जरुरतमंद बच्चों को बिना किसी शुल्क के शिक्षा मुहैया करवाई जाएगी। स्कूल के चेयरमैन तरलोचन सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा राजौरी गार्डन के अध्यक्ष हरमनजीत सिंह व उनकी टीम के द्वारा परोपकारी के सिद्धांत को आगे करते हुए तेजिन्दर सिंह गोया व डॉ. सुखदीप सिंह के सहयोग से गुरु नानक पब्लिक स्कूल में इसे शुरु किया गया है। इसमें बच्चों को अन्य विषयों के साथ साथ फ्रेंच भाषा भी सिखाई जाएगी। साथ ही गुरमत की क्लासें भी दी जाएंगी। तरलोचन सिंह ने बताया कि यह सुविधा आनलाईन और आफलाइन दोनों प्रकार से उपलब्ध होगी। इससे पहले जनवरी माह में एजूकेशन लंगर का सेंशन शुरू किया गया था।

### संसद भवन के पास श्रमिकों की बस्ती में लगी आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में संसद भवन के निकट श्रमिकों के अस्थाई आश्रय स्थल पर सोमवार को आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अग्निशमन विभाग ने कहा कि उच्च सुरक्षा वाले इलाके में आग लगने की सूचना शाम चार बजकर 16 मिनट पर मिली, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। हालांकि, घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि आग बुझाने का काम जारी है। दिल्ली के लुटियंस जोन में नया संसद भवन, केंद्र सरकार के कार्यालयों और अन्य भवनों के निर्माण के लिए सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत निर्माण कार्य हो रहा है।

### हाइपरटेंशन से बचाव में किशोरावस्था में हो स्क्रीनिंग



आरपी पाराशर

**नई दिल्ली।** विश्व हाइपरटेंशन दिवस की पूर्व संध्या पर प्रशांत विहार स्थित आयुर्वेदिक पंचकर्मा हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट व आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉक्टर आरपी पाराशर ने किशोरों और युवाओं में हाइपरटेंशन होने पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि भारत में 7.6 फीसदी किशोर हाइपरटेंशन से ग्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि किशोरों को हाइपरटेंशन से बचाने के लिए स्कूलों और अस्पताल में ब्लड प्रेशर की जांच अनिवार्य की जाए। किशोरावस्था में स्क्रीनिंग होने से हाइपरटेंशन और इसके परिणाम स्वरूप होने वाले रोगों से पूर्णत: बचा जा सकता है।

### नाबालिग से घर में जबरन कराया जा रहा था काम

**नई दिल्ली।** घर में काम करने वाली एक किशोरी को दिल्ली महिला आयोग ने जीटीबी नगर इलाके से मुक्त कराया है। आरोप है कि लड़की के साथ वहां दुर्व्यवहार किया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली महिला आयोग ने पुलिस को नोटिस जारी किया है। साथ ही बाल कल्याण समिति को मजदूरी वसूली एवं बालिका के पुनर्वास के लिए कहा गया है। आयोग को 181 महिला हेल्पलाइन नंबर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने बताया कि नाबालिग लड़की को घरेलू नौकर के रूप में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था और साथ ही आरोपी परिवार द्वारा बच्ची के साथ नियमित रूप से दुर्व्यवहार और मारपीट की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने के तुरंत बाद ही आयोग की एक टीम पुलिस के साथ लड़की को छुड़ाने के लिए मौके पर पहुंची। वहाँ पहुँचने के बाद आयोग को बच्ची को छुड़ाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि आरोपी मामले को छिपाने की कोशिश में जुट गए और टीम का विरोध करने लगे। बाद में आयोग और दिल्ली पुलिस की कोशिशों से लड़की को बचा लिया गया और उसको सुरक्षित एक शेल्टर होम में भेज दिया गया।

# जल बोर्ड कर्मचारियों ने सहकर्मी और हवालदार को चाकू घोंपा



● हेड कांस्टेबल ने आत्मरक्षा में चलाई गोली एक आरोपी घायल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर दिल्ली में बुराड़ी के संत नगर इलाके में दिल्ली जल बोर्ड के दो कर्मचारियों ने झगड़े के बाद अपने ही एक सहकर्मी को कथित रूप से चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे एक हवालदार पर भी एक आरोपी ने हमला कर दिया, जिसके बाद आत्मरक्षा में चलाई गई गोली में वह घायल हो गया। इस वारदात के बाद तीनों जख्मी लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को हुई वारदात के एक आरोपी वीरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरा आरोपी बृजेश फरार है।

बताया जा रहा है कि वीरेंद्र और बृजेश ने तीखी बहस के बाद 22 वर्षीय सुनील को चाकू घोंप दिया था। उत्तर दिल्ली के पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) संजीव ने आत्मरक्षा में वीरेंद्र के पैर पर गोली चलाई थी और वह भी अस्पताल में भर्ती है। संजीव और हेड कांस्टेबल उस टीम का हिस्सा थे, जिसे घटनास्थल पर भेजा गया था। बुराड़ी थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा-307 (हत्या की कोशिश) और 34 (साझा इरादा) के साथ-साथ ड्यूटी पर लोक सेवक पर हमला करने से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

बृजेश को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं कई लोगों से पूछताछ जारी है।

# स्कूलों में प्लास्टिक का इस्तेमाल होगा कम

● दिल्ली सरकार ने फिर से इस्तेमाल में आने वाले बर्तनों के लिए अलग कमरा बनाने का दिया आदेश



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार ने ने एकल उपयोग वाले प्लास्टिक (एसयूपी) को चरणबद्ध तरीके से हटाने की अपनी योजना के तहत सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के विद्यालयों को अपने परिसरों में फिर से उपयोग में आने वाले बर्तनों को रखने के लिए एक अलग कमरा तैयार करने का आदेश दिया।

इस आदेश से कुछ दिनों पहले सरकार ने घोषणा की थी कि उसने एक जून से दिल्ली सचिवालय से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक उत्पादों पर पाबंदी लगाने का फैसला किया है। शिक्षा निदेशालय ने विद्यालयों को भेजे पत्र में कहा है कि उन्हें प्लास्टिक के बर्तनों के स्थान पर स्टील या शीशे के या अन्य प्रकार के बर्तन लाने और उन्हें एक पृथक भंडार कक्ष (बर्तन भंडार) में रखने की जरूरत है। पत्र में कहा गया है, ए चीजें विद्यालयों में रोजमर्रा के उपयोग तथा सभी कार्यक्रमों में प्लास्टिक के बर्तन के स्थान पर इस्तेमाल में लाई जाएंगी। पहले चरण में बर्तन भंडार स्थापित किए जाएंगे जबकि दूसरे चरण में विद्यालयों को अपशिष्ट प्रबंधन एवं एसयूपी पर सूचना, शिक्षण एवं प्रचार योजना लागू करने को गया है। विद्यालयों से कार्रवाई रिपोर्ट जमा करने को कहा गया है। पिछले साल अगस्त में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर एक जुलाई, 2022 से पॉलीस्टीरिन एवं विस्तारित पॉलीस्टीरिन समेत चिह्नित एसयूपी उत्पादों के विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री एवं उपयोग पर रोक लगा दी है।

# कनॉट प्लेस, सदर व चांदनी चौक समेत पांच बाजार होंगे विकसित

## समिति करेगी पुनर्विकास के लिए चयन, रोजगार बजट में की गई थी घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा 2022-23 के रोजगार बजट में की गई घोषणा के तहत एक समिति पुनर्विकास के लिए दिल्ली के पांच प्रमुख बाजारों का चयन करेगी। इस समिति का गठन दिल्ली सरकार ने किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आठ सदस्यीय समिति 20 मई तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

कमला नगर, नेहरू प्लेस, सदर बाजार, चांदनी चौक, सरोजिनी नगर, राजौरी गार्डन, करोल बाग, खारी बावली, कनॉट प्लेस, लाजपत नगर और पालिका समेत दिल्ली के 50 प्रमुख बाजारों ने पुनर्विकास योजना के अतंर्गत आवेदन किया है। समिति में दो व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों के अलावा योजना एवं वास्तुकला विद्यालय (एसपीए), लोक निर्माण विभाग और दिल्ली जल बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि समिति की अगुवाई दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास विभाग के मुख्य परियोजना प्रबंधक करेंगे। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) के अध्यक्ष एवं समिति के सदस्य बृजेश गोयल ने कहा कि समिति की पहली बैठक 17 मई को होगी। इससे पहले, दिल्ली सरकार ने पुनर्विकास योजना के तहत पांच बाजारों का चयन करने के मद्देनजर विभिन्न बाजार संगठनों से आवेदन मांगे थे। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि छह मई थी।गोयल ने कहा कि पुनर्विकास योजना के तहत 50 बाजार संघों ने आवेदन किया है, जिन पर चयन प्रक्रिया के दौरान विचार-विमर्श किया जाएगा। केवल उन्हीं बाजारों पर इस योजना के तहत विचार किया जाएगा, जिन्होंने आवेदन किया है। दिल्ली विधानसभा में पिछले महीने रोजगार बजट 2022-23 में खुदरा बाजार पुनर्विकास परियोजना की घोषणा की गई थी, जिसके तहत पहले चरण में दिल्ली के पांच प्रमुख बाजारों का उन्नयन किया जाना प्रस्तावित है।

### 1.5 लाख नौकरियों के अवसर होंगे पैदा

सरकार ने इस परियोजना के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। सरकार को इस पहल से 1.5 लाख नौकरियों के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। दिल्ली सरकार का लक्ष्य चयनित बाजारों का फिर से डिजाइन और पुनर्विकास करना है ताकि वहां व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करके रोजगार के अवसर पैदा किए जा सकें।गोयल ने कहा कि बाजारों का सौंदईकरण पुनर्विकास परियोजना का एक पहलू होना चाहिए क्योंकि यह खरीदारों के साथ-साथ अधिक लोगों को आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि इससे कारोबार बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडलिस्ट कृष्णा को कैनविन ने किया सम्मानित

### इसी खेल में गोल्ड मेडल जीते उनके कोच का भी किया सम्मान

### प्रतिभावन बेटियों को आगे भी सम्मानित करेगी कैनविन फाउंडेशन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम की खिलाड़ी कृष्णा प्रजापति व उसके कोच नरेश कुमार के पावर लिफ्टिंग में गोल्ड मेडल जीतने पर उन्हें सम्मानित करते कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल।

**मध्य** प्रदेश के जबलपुर में आयोजित स्ट्रेंथ लिफ्टिंग नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर आई खिलाड़ी कृष्णा प्रजापति को यहां कैनविन फाउंडेशन के कार्यालय में आमंत्रित करके सम्मानित किया गया। उनके कोच नरेश कुमार ने भी गोल्ड मेडल जीता है, उनका भी यहां सम्मान किया गया। यह सम्मान फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल ने किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

खेलों में गुरुग्राम की उभरती प्रतिभाओं को लेकर डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने कहा कि खिलाड़ियों को उपलब्धि हासिल करने पर सदा सम्मान मिलना चाहिए। इससे उनका मनोबल बढ़ता है और उन पर भविष्य में भी बेहतर करने की जिम्मेदारी की भावना आती है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में चाहे किसी भी क्षेत्र में बच्चे उपब्धि हासिल करें। कैनविन फाउंडेशन उनका सम्मान करेगा। खेलों में हमारे देश और प्रदेश का नाम विश्व पटल पर खिलाड़ी चमका रहे हैं। ऐसे में खिलाड़ियों को सम्मान देना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा खेल विभाग के माध्यम से अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। तभी हमारे खिलाड़ी चमक रहे हैं। उन्होंने कृष्णा प्रजापति के कोच नरेश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि वे कोच होने के साथ खुद भी खेलों में भाग लेते हैं और मेडल जीतकर लाते हैं। खिलाड़ी कृष्णा प्रजापति व कोच नरेश कुमार के सम्मान कार्यक्रम में सेल्फ डिफेंस एक्सपर्ट वीना गुप्ता, सीमा हुड्डा, नरेश शर्मा, समाजसेवी विजय वर्मा, पारस बख्शी, गगन गोयल, महेंद्र सिंह, जितेंद्र गोगिया समेत कई सदस्य उपस्थित रहे।

**कृष्णा प्रजापति ने तोड़ा रिकॉर्ड :** जबलपुर में 5 से 8 मई 2022 के बीच हुई स्ट्रेंथ नेशनल चैंपियनशिप में कृष्णा प्रजापति ने 58 किलोग्राम की आयु श्रेणी में भाग लेकर 170 किलोग्राम वजन उठाया और गोल्ड मेडल जीता। यह सबसे हेवी वेट था। इस जीत के साथ ही कृष्णा ने वर्ष 2011 में वेस्ट बंगाल की खिलाड़ी द्वारा 162 किलोग्राम वजन उठाने का रिकार्ड तोड़ा।

## गुरुद्वारा रोड पर से हटाए गए अतिक्रमण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में गुरुद्वारा रोड से अतिक्रमण हटाते निगमकर्मी।

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में जीरो टोलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। अतिक्रमण करने वालों की रेहड़ी, पटरी, खोखा व काऊंटर आदि जब्त करने के साथ ही उन्हें दुबारा से अतिक्रमण नहीं करने बारे स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है।

इसी कड़ी में सोमवार को जोन -2 क्षेत्र की इनफोर्समेंट टीम ने गुरूद्वारा रोड सहित आसपास के क्षेत्र में प्रभावशाली ढंग से अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। कार्रवाई के तहत जैसे की इनफोर्समेंट टीम गुरूद्वारा रोड पर पहुंची। सड़क पर अतिक्रमण करने वालों में अफरा-तफरी मच गई तथा वे आनन-फानन में अपना सामान समेटकर भागने की कोशिश करने लगे।

इनफोर्समेंट विंग ने तत्परता दिखाते हुए जीरो टोलरेंस की नीति के तहत रेहड़ी, पटरी, खोखे व काउंटर आदि को जब्त करके गाड़ियों में रख लिया तथा अतिक्रमण करने वालों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि वे बार-बार अतिक्रमण करके अपने व आमजन के लिए परेशानी पैदा ना करें। अतिक्रमण के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

गत दिनों आयोजित हुई जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा भी अतिक्रमण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही नगर निगम सदन की सामान्य बैठक में मेयर मधु आजाद सहित सभी निगम पार्षदों ने गुरुग्राम को अतिक्रमण मुक्त शहर बनाने की पुरजोर मांग उठाते हुए इस बारे में प्रस्ताव पारित किया था।

## सूरजपाल अम्मू विवाद में आज होगी राजपूत सभा की महापंचायत

### राजपूत समाज ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर मोर्चा खोल दिया

**सोहना।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू विवाद अब तूल पकड़ने लगा है। सोहना बार एसोसिएशन ने मामले की घोर निन्दा की है। कामकाज ठप रखने के बाद राजपूत समाज ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर मोर्चा खोल दिया है। राजपूत समाज की मंगलवार को शहर की पंजाबी धर्मशाला में महापंचायत का आयोजन होगा।

रविवार को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेता सूरजपाल अम्मू पर हुए जानलेवा हमले की जहां चौतरफा निन्दा हो रही है। वहीं अब विवाद गहराने लगा है। सोमवार को सोहना की सिविल कोर्ट की बार एसोसिएशन ने हमलावर प्राध्यापक पवन वर्मा की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कामकाज को ठप रखा। वहीं दूसरी और अभी बार एसोसिएशन की इस निन्दा को 12 घंटे भी पूरे नहीं हुए। इससे पहले राजपूत समाज ने आरोपी पवन वर्मा की गिरफ्तारी न होने पर मंगलवार को महापंचायत बुलाई है। ताकि पुलिस सूरजपाल अम्मू पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी का गिरफ्तार करने का दवाब बन सके। यह तो आज होने वाली महापंचायत पर निर्भर होगा। वह इस विवाद में कितना कड़ा फैसला लेती है। इस मामले को कहा तक लेकर जाने का फैसला लेती है।

**शहर में चर्चा का विषय :** रविवार को सूरजपाल अम्मू पर हुआ हमले की सोमवार को स्थानीय बाजारों में पूरा दिन चर्चा का विषय बना रहा है।

## सूरजपाल अम्मू ने हमलावर पवन वर्मा पर लगाया जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

### करणी सेना के अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने दर्ज कराई शिकायत में कहा

### कहा, पवन वर्मा ने जमीन विवाद में स्टे भी लिया हुआ

**करणी** सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू ने जानलेवा हमला करने के आरोपी पवन वर्मा पर पुलिस को शिकायत देते हुए जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। सूरजपाल अम्मू ने पवन वर्मा पर अपनी पत्नी के नाम जमीन पर कब्जा करके पक्का मकान बनाने का आरोप लगाया है।

रविवार को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने सोहना सिटी थाना में हमलावर शहर निवासी पवन वर्मा के खिलाफ , जो शिकायत दर्ज कराई है। उससे यह तो साफ हो गया है कि दोनों के बीच जमीन को लेकर आपसी विवाद चल रहा है। सूरजपाल अम्मू ने अपनी पुलिस को दी शिकायत में यह बताया कि पवन वमा न जमान विवाद में स्टे भी लिया हुआ है। यह जमीन सोहना से पलवल जाने वाले मार्ग पर बने अग्रसेन भवन के साथ लगती हुई है। वहीं पर आरोपी पवन वर्मा ने अपनी रिहायशी मकान बनाकर रह रहा है। रविवार को अपने घर के निकट बने अग्रसेन भवन में एक शोक सभा में आये भाजपा नेता सूरजपाल अम्मू पर जानलेवा हमला किया था।

**आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर :** करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू पर जानलेवा हमला हुए 24 घंटा से भी अधिक समय बीत गया है, लेकिन पुलिस अभी तक हमलवार को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जिसमें पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पवन वर्मा अपने घर से फरार बताया जा रहा है। जिसकी तलाश में पुलिस की टीम को लगा दिया है। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। उसके बाद आरोपी से पूछताछ की जाएगी।

**वकीलों ने किया कामकाज ठप :** सूरज पाल अम्मू स्वयं अधिवक्ता है। जिन्होंने बार की सदस्यता ली हुई है। जिसको लेकर सोमवार को सोहना सिविल अदालत में वकीलों ने कामकाज को ठप रखा। अधिवक्ताओं ने आज किसी भी मामले में बहस नहीं की।

## युवा शक्ति संगठन ने मनाई महात्मा बुद्ध जयंती

**गुरुग्राम।** युवा शक्ति संगठन द्वारा जिले के गांव इस्लामपुर स्थित अंबेडकर चौपाल में महात्मा बुद्ध जयंती समारोह का आयोजन संगठन के राजेंद्र गोठवाल व रामेश्वर सहरावत की अध्यक्षता में किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में डा. विनोद कुमार शामिल हुए।

उन्होंने संस्था के सदस्यों के साथ महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध ने विश्व को सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया। महात्मा बुद्ध ने मानव कल्याण को सर्वोपरि बताया था। हम सभी को महात्मा बुद्ध के बताए रास्ते पर चलने की जरुरत है, ताकि देश व समाज उन्नति कर सके। अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि महात्मा बुद्ध ने मानव कल्याण के लिए अपना सर्वस्व त्याग दिया था।

## जजपा निकाय चुनाव में जीत के बाद फाइनल मैच 2024 में खेलेगी

### विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए अजय चौटाला ने कहा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में रविवार को विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करते जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला।

**जजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 2024 के विधान सभा चुनाव के बाद राज्य के मुखिया होंगे। प्रदेश में होने 47 नगर निगम व परिषदों में आम चुनाव जजपा के लिए सेमीफाइनल का मैच होगा। जिससे विरोधी पार्टियों को पूरी तरफ से पस्त करने का मौका रहेगा।

जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला रविवार को सोहना में पार्टी कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस अवसर पर विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए अजय चौटाला ने कहा कि प्रदेश उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने 2019 के विधानसभा के आम चुनाव में जो घोषणाएं की थी। उनमें से कुछ को पूरा किया गया है तथा शेष वायदों को आने वाले ढाई वर्ष में पूरा किया जाएगा। दुष्यंत चौटाला चौधरी देवीलाल के पदचिह्नों पर चलकर आम नागरिक को सच्चा हितैषी बन गया है। जैसे चौधरी देवीलाल जनता के सामने अपना किया हुआ वायदा को अमल में लाते थे। वैसे ही दुष्यंत चौटाला अपने वायदों को पूरा कर रहा है। सोहना से लगता रोजका मेव औद्योगिक क्षेत्र में नई कंपनियों को आगमन शुरु हो गया है। जिसके चालू होने से क्षेत्र के युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा। सोहना से तावडू जाने वाले मार्ग के घाटी में लगाने वाले जाम की समस्या को जल्द ही एक और नई सड़क का निर्माण होने से समाधान होगा। दुष्यंत चौटाला ही 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव में जजपा को मिलने वाले भारी बहुमत के बाद मुख्यमंत्री बनेगा।

## कंपास ने तीसरे डेवेलपमेंट सेंटर का किया शुभारंभ

**गुरुग्राम।** विदेशों में सूचना प्रौद्योगिकी एवं कारोबारी व रियल एस्टेट क्षेत्र में कार्यरत अर्बन कंपास इंक प्रतिष्ठान ने सोमवार को गुरुग्राम में अपना तीसरा डेवेलपमेंट सेंटर (आईडीसी) का शुभारंभ किया है। यह केंद्र विश्व में जहां छठा केंद्र होगा, वहीं अमेरिका के बाहर यह तीसरा इंटरनेशनल डवलमेंट सेंटर होगा।

प्रतिष्ठान के वरिष्ठ निदेशक अनुज माथुर ने बताया कि प्रतिष्ठान का पहला आईडीसी हैदराबाद व दूसरा बैंगलुरु में है। गुड़गांव में खोला गया केंद्र नवप्रवर्तन व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कुशल प्रतिभाओं की मदद से डाटा, एआईएमएल और क्लाउड का उपयोग करते हुए अत्याधुनिक सोल्यूशंन विकसित करेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 की पहली तिमाही के दौरान कंपास ने 1.4 अरब डॉलर का कारोबार किया है, जो गत वर्षों की अपेक्षा 25 प्रतिशत अधिक है। प्रतिष्ठान ने अमेरिका में 250 अरब डॉलर मूल्य के मकान के सौदे किए।

## आरपीएस के तीन छात्र एनडीए परीक्षा में उत्तीर्ण



तुषार। तान्या यादव। विशाल लोधी।

### चेयरमैन ने दी बच्चों शिक्षकों, अभिभावकों को बधाई दी

**गुरुग्राम।** जिले के गांव वजीरपुर स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल यानी कि आरपीएस के तीन छात्रों ने एनडीए की लिखित परीक्षा पास करके अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

स्कूल के चेयरमैन डा. विजय सिंह नम्बरदार ने बताया कि तुषार पुत्र अमृत सिंह निवासी गुरुग्राम, तान्या यादव पुत्री रामनरेश यादव निवासी गांव कांकरौला और विशाल लोधी पुत्री नरेंद्र सिंह निवासी गांव बसई ने एनडीए लिखित परीक्षा-2022 पास की है। ये तीनों विद्यार्थी स्कूल के होनहार छात्र हैं। डा. विजय सिंह ने कहा कि तीनों बच्चों ने स्कूल ही नहीं अपने माता-पिता व शिक्षकों का नाम भी रोशन किया है। उनकी प्रतिभा का कोई मोल नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना ही रॉयल पब्लिक स्कूल का मुख्य ध्येय है। स्कूल की ओर से पढ़ाई के साथ खेलों व शिक्षा संबंधी अन्य स्पर्धाओं के लिए भी बच्चों को यहां विशेष मार्गदर्शन दिया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम की मंडियों में 15 हजार 608 एमटी गेहूं की आवक

**गुरुग्राम।** जिला की चार अनाज मंडियों में 1 अप्रैल से अभी तक कुल 15608 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं की आवक हो चुकी है। इसमें से हैफेड ने 1755 एमटी व हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोशन 13853 एमटी गेहूं की खरीद की है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिला में 15 मई तक हैफेड द्वारा फरूखनगर मंडी में 815 मीट्रिक टन व खोड़ मंडी में 939 मीट्रिक टन की खरीद की गई है। हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉरपोशन द्वारा फरूखनगर मंडी में 2484 मीट्रिक टन, सोहना मंडी में 1040 मीट्रिक टन व हेलीमंडी में 10328 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उपायुक्त ने बताया कि मंडियों से कुल खरीद में से 15545 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है। डीसी श्रीयादव ने बताया कि किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम मिल सके इसके लिए जिला की सभी चारों मंडियों में एक अप्रैल से गेहूं की खरीद, बढ़े हुए समर्थन मूल्य 2015 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब की जा रही है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष गेहूं की खरीद पर 40 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। पिछले वर्ष किसानों को खुले बाजार में सरसों का काफी अच्छा भाव मिलने के कारण इस वर्ष जिला में गेहूं का रकबा घटा है, ऐसे में किसानों को इस वर्ष खुले बाजार में गेहूं का भी अच्छा भाव मिल रहा है। उन्होंने बताया कि जिला के किसान गुरुग्राम व रेवाड़ी के खुले आढ़त बाजार में अपने गेहूं की फसल को करीब 2050 से लेकर 2100 रुपये प्रति क्विंटल तक बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।

### साई धाम में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** तिगांव रोड़ स्थित शिरडी साई बाबा टेंपल सोसायटी व अग्रवाल वैश्य समाज फरीदाबाद के सौजन्य से साईधाम सेक्टर 86, फरीदाबाद में साईधाम के संस्थापक डा. मोतीलाल गुप्ता के निर्देशानुसार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 22 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर के संयोजक केदारनाथ अग्रवाल व प्रिंसिपल बीनू शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जिला रेडक्रोस सोसायटी के सचिव विकास कुमार व रेडक्रोस के पुरूषोत्तम सैनी व बिजेन्द्र सौरोत का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया व सभी रक्तदातों का आभार प्रकट किया। शिविर की सफलता में प्रिंसिपल बीनू शर्मा, सामलिया गुप्ता, नरेन्द्र जैन, राजन गुप्ता, विकास राय, इत्यादि लोगों का तथा मेडिकल स्टाफ का सहयोग सहरानीय रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विकास कुमार ने अग्रवाल वैश्य समाज व शिरडी साई टैम्पल सोसायटी के द्वारा की जा रही सेवाओं की सराहना की व भविष्य में भी इसी तरह समाज सेवा करने का आहवान किया।

### बुद्ध पूर्णिमा पर जनसेवा समिति ने लगाया भंडारा



गुरुग्राम के सिविल लाइन में भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**गुरुग्राम।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं एवं धर्मप्रेमियों द्वारा विशाल भण्डारों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सिविल लाइन क्षेत्र स्थित अग्रवाल धर्मशाला के निकट जनसेवा समिति सदस्यों ने भी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विशाल भण्डारे व मीठे जल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के विवेक बंसल, सुनील गर्ग, राहुल गर्ग व दलीप लूथरा ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक माह पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न खाद्य पदार्थों का वितरण भण्डारे में किया जाता है। संस्था द्वारा किए जा रहे भण्डारे को एक वर्ष पूरा हो गया है। इसी खुशी में बुद्ध पूर्णिमा पर छोले कुलचे व मीठे जल का वितरण भण्डारे के रूप में किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के सदस्यों का कहना है कि भीषण गर्मी पड़ रही है, ऐसे में मीठा शीतल जल मिल जाए तो राहगीरों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल जाती है। आयोजन को सफल बनाने में संजय मेहरा, राजीव गुलाटी, संजय ढीगड़ा, प्रवीण शर्मा, दीपक रखेजा, बंशीलाल, हरीश हसीजा, अशोक सरदाना, प्रवीण डूडेजा आदि का सहयोग रहा।

### बिहार जा रहा शराब से भरा ट्रक बरामद

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 56 की टीम ने दो अवैध शराब सप्लाई करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी अजीत (ड्राइवरी) उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले के गांव नकटपुर का रहने वाला है। आरोपी गजेंद्र (कंडक्टरी ) दिल्ली के समालखा गांव का रहने वाला है। दोनों आरोपी फरीदाबाद के सेक्टर 56 के ट्रांसपोर्ट नगर में पिछले 6/7 महीने से काम करते हैं। आरोपी फरीदाबाद से भारत के लगभग सभी राज्यों में ट्रांसपोर्ट कंपनी का सामान सप्लाई करते हैं। आरोपियों ने अधिक पैसे कमाने के लालच में अवैध शराब की बोतल ट्रक में भरकर बिहार ले जा रहे थे। मुखबिर खास की सूचना पर आरोपियों को बल्लभगढ़ के खंदावली गांव के पास से काबू किया है। ट्रक की तलाशी लेने पर आरोपियों से 2640 बोतल शराब की बोतल बरामद की गई। जिनकी कीमत करीब ?330000 है। आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में अवैध शराब तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कम समय में अधिक पैसा कमाना चाहते थे। जिसके कारण वे शराब को अवैध तरीके से बिहार में ले जाकर सप्लाई करते। आरोपियों को अदालत में पेश कर अधिक जानकारी के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

## पीड़ित श्रमिकों ने एएलसी से लगाई मदद की गुहार



**गुरुग्राम।** जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों स्थित विभिन्न कंपनियों में श्रमिक विवाद पिछले काफी समय से चले आ रहे हैं। श्रमिक संगठन संबंधित प्रतिष्ठान के संचालकों पर आरोप लगाते रहे हैं कि प्रबंधन जानबूझकर विवादों का समाधान नहीं करना चाहती।

आईएमटी मानेसर स्थित जेएनएस कंपनी में पिछले कई माह से श्रमिक विवाद चला आ रहा है। गत माह श्रमिकों व प्रबंधन के बीच समझौता हुआ था, लेकिन प्रबंधन ने समझौते का पालन नहीं किया। जिससे श्रमिकों में भारी रोष व्याप्त होता जा रहा है।

सोमवार को श्रमिक संगठन एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार की अगुवाई में बड़ी संख्या में श्रमिक सहायक श्रमायुक्त गरीबदास कादियान से मिले और उनसे आग्रह किया कि श्रम विभाग प्रबंधन व श्रमिकों के बीच गत 6 अप्रैल को हुए समझौते को लागू कराए।

## प्रतिभाओं का गढ़ है गुरुग्राम : गोयल

### नवीन गोयल ने गुरुग्राम की बेटी ज्योति यादव को बधाई दी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में आईआरएस परीक्षा पास करने वाली ज्योति यादव को सम्मानित करते कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल ने आईआरएस अधिकारी बनीं गुरुग्राम की बेटी ज्योति यादव को बधाई देते हुए कहा कि गुरुग्राम हर क्षेत्र की प्रतिभाओं का गढ़ है। उन्हें तराशना जरूरी है। यह हम सबका दायित्व है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन सम्मान कार्यक्रम में उन्हें भगवान बुद्ध की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर की ज्योति यादव पुत्री राजेंद्र यादव को कैनविन फाउंडेशन के सेक्टर-38 स्थित कार्यालय में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डीपी गोयल, सह-संस्थापक एवं पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सम्मानित किया। साथ ही परिवार को इस उपलब्धि की बधाई दी। सुशांत लोक निवासी ज्योति यादव ने आईआरएस की परीक्षा में 437वां रैंक हासिल करके परिवार, गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। ज्योति यादव ने यह परीक्षा चौथी बार में पास की है। पढ़ाई में प्रतिभावान ज्योति ने 12वीं कक्षा पास करने के बाद से ही सिविल सेवा में जाने की प्रेरणा मिली। नवीन गोयल ने ज्योति यादव को सम्मानित करते हुए कहा कि ज्योति यादव की इस उपलब्धि पर गुरुग्राम को गर्व है। उन्होंने ज्योति को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने पद पर रहते हुए सदा नेकी, ईमानदारी से काम करें। गुरुग्राम का भविष्य में भी नाम रोशन करें। जिस भी जगह पर उनकी नियुक्ति हो, वहां अपने माता-पिता, शहर का नाम रोशन करें। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एवं ज्योति यादव के चाचा हरीश यादव, धर्मेंद्र शर्मा, जितेश गोगिया आदि मौजूद रहे।

## जन्म प्रमाण पत्र के लिए घर बैठे करें पोर्टल पर पंजीकरण

### एचटीटीपीएसस्लेसईदिशाडॉटयगोवडॉटइन पर होगा ऑनलाइन पंजीकरण

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार की ओर से जन्म प्रमाण पत्र को लेकर ऑनलाइन पोर्टल जारी किया गया है, जिस पर आप घर बैठे ही अपने बच्चों या फिर खुद का जन्म प्रमाण पत्र बनवा सकता है। पहले जन्म प्रमाण पत्र के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन अब हरियाणा में जन्म प्रमाण पत्र के लिए व्यक्ति पोर्टल एचटीटीपीएसस्लेसईदिशाडॉटयगोवडॉटइन पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेजों में गिना जाता है। जब भी किसी व्यक्ति के पास आधार कार्ड या फिर पहचान पत्र नहीं होता है तो वह व्यक्ति जन्म प्रमाण पत्र को दस्तावेज के रूप में काम में ले सकता है।

**जन्म प्रमाण पत्र का उद्देश्य :** जन्म प्रमाण पत्र व्यक्ति की आयु को दर्शाता है। योजनाओं के आवेदन के लिए जन्म प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है और बहुत सी योजनाएं ऐसी भी हैं, जिनमें व्यक्ति के पास जन्म प्रमाण पत्र ना होने के कारण योजना के लाभ से वंचित कर दिया जाता है। अगर व्यक्ति के पास आधार कार्ड नहीं है और पहचान पत्र भी नहीं है तो वह जन्म प्रमाण पत्र को दस्तावेज के रूप में काम में ले सकता है।

**इन दस्तावेजों की जरूरत पड़ेगी :** जन्म प्रमाण पत्र के लिए पंजीकरण करवाने के लिए माता पिता का आधार कार्ड, पहचान पत्र (माता पिता का), राशन कार्ड, माता पिता का वैवाहिक प्रमाण पत्र, बच्चे का पासपोर्ट साइज फोटो, मोबाइल नंबर पिता का, बच्चे की जन्म दिनांक, जन्म कहा हुआ था इसका प्रमाण पत्र, शपथ पत्र का होना जरूरी है।

**इस तरह से करें ऑनलाइन पंजीकरण :** सबसे पहले व्यक्ति को हरियाणा जन्म प्रमाण पत्र के लिए वेबसाइट पर जाना होगा। इसके बाद व्यक्ति के सामने इसका मेन पृष्ठ खुल जाएगा। अब इस मेन पृष्ठ में डाउनलोड फार्म और निर्देश के ऑप्शन पर क्लिक करना है। जिसके बाद इसका अगला पेज ओपन हो जाएगा। अगले पेज में व्यक्ति को जन्म प्रमाण पत्र के ऑप्शन पर क्लिक करना है जिसके बाद जन्म प्रमाण पत्र का ऑनलाइन पंजीकरण फार्म ओपन हो जाएगा। ऑनलाइन पंजीकरण फॉमज़् में व्यक्ति से पूछी गई जानकारी को भरना है। इसके बाद व्यक्ति को दस्तावेजों की कॉपी को इस फार्म के साथ संलग्न करना है।

# बीके : गर्मी में बिना पंखों के इलाज कराना मरीजों की मजबूरी

कविता। फरीदाबाद

**मरीजों** को गर्मी से राहत देने के लिए बीके अस्पताल में सरकार ने एयर वॉसर ओपीडी में लगा रखे है। लेकिन वह पूरी तरह से बंद है। यहां डोनेट किए गए ए.सी. और यहां तक कि कुछ पंखे भी बंद हैं। जिससे अस्पताल की ओपीडी में आने वाले मरीजों को गर्मी के मौसम में परेशानियों से जूझना पड़ता है।

पंजीकरण और दवा काउंटर पर छह में से तीन पंखे खराब है। जिसमें एक तो गायब है। बीके अस्पताल की ओपीडी में मरीजों को गर्मी से बचाने के लिए लगे एयर वॉसर बंद है। वहीं यहां डोनेट किए गए एसी भी ठप पड़े हैं। यहां तक कि ओपीडी में लगे ज्यादातर पंखे भी बंद है। जिससे यहां आने वाले मरीज परेशान है। मरीजो को गर्मी में एयर वॉसर, एसी और पंखों की सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। जिससे से यहां आने वाले मरीजों को गर्मी में ही इलाज कराने के लिए घंटो खड़े होना पड़ता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अस्पताल की ओपीडी में एयर वॉसर चालू न होने की स्थिति में करीब तीन वर्ष पहले एक संस्था की तरफ से यहां एसी डोनेट करके लगवाये गए थे।


धूप में दवा काउंटर पर लगे छह पंखों मे से दो बंद और एक गायब, बाकि तीन ही चालू

लेकिन वह एसी सालभर से बंद है। वहीं ओपीडी में गर्मी से बचाव को पंखे ही चालू है। लेकिन इनमें करीब कई पंखे खराब हैं। जिसके कारण यहां मरीजों को ऐसे ही गर्मी में परेशान होकर इलाज करवाना पड़ता है। अस्पताल की ओपीडी रोजाना हजारों की संख्या में मरीज अपना इलाज करने के लिए आते हैं। लेकिन गर्मी के कारण से मरीज अधिक परेशान होते हैं। ओपीडी में लगे एयर वॉसर और एसी अब किसी काम के नही है। क्योंकि जब यह एयर वॉसर और एसी गर्मियों के मौसम में लोगों के काम नही आ रहे तो फिर कब काम आएंगे। अस्पताल के डॉक्टर और उच्च अधिकारियों के कमरों में तो एसी और कूलरों से ठंडक पड़ रही है। लेकिन मरीज गर्मी के मौसम में परेशान होकर इलाज करवाने को मजबूर हैं।

**दवा काउंटर का हाल:** अस्पताल की ओपीडी के बाहर पंजीकरण और दवा काउंटरो पर भी काफी बुरा हाल है। यहां ओपीडी के दवा काउंटर पर छह पंखो की सुविधा उपलब्ध है। लेकिन यहां से एक पंखा गायब है तो वही दो पंख्रे बंद पडे है। 45 डिग्री के इस तापमान में मरीज दवा की लम्बी लाईनो में मात्र तीन पंखो की सुविधाओ के बीच दवा लेते हैं।

# सड़क निर्माण के बाद तोड़फोड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी : अनिल मलिक

## बिजली निगम सहित सभी विभाग अपनी प्रस्तावित योजनाओं से सड़क निर्माण से पहले ही अवगत करवाएं

## विकास कार्यों के दौरान गुणवत्ता का ध्यान रखें, सभी जरूरी परियोजनाओं को समय से पूरा करें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल मलिक ने कहा कि शहर में बड़ी संख्या में सड़क निर्माण कार्य चल रहे हैं। ऐसे में बिजली निगम सहित सभी बुनियादी सुविधाएं देने वाले विभाग समय से पहले ही अपनी अगले कुछ वर्षों की परियोजनाओं के बारे में जानकारी दें। ताकि उन्हें क्रासिंग दी जा सके और बाद में सड़क न तोड़नी पड़े। अनिल मलिक सोमवार को लघु सचिवालय में जिला प्रशासन, नगर निगम, स्मार्ट सिटी, एचएसवीपी, एनएचएआई, पीडब्लूडी, पुलिस सहित अन्य विभागों की तालमेल मीटिंग को संबोधित कर रहे थे।


एफएमडीए की बैठक को संबोधित करती विधायक सीमा त्रिखा।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान पाईप लाईन अथवा अन्य क्रासिंग के लिए कुछ जगह अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि अगर सड़क का निर्माण कार्य हो गया और कोई विभाग उसे तोड़ने के लिए आता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर शहर को सुंदर बनाना है और सभी सुविधाएं उपलब्ध करवानी है। उन्होंने कहा कि एफएमडीए का अभी नया गठन हुआ है और धीरे-धीरे स्टाफ सहित सभी जरूरी सुविधाएं जुटाकर अलग-अलग कार्यों को पूरा करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम, एचएसवीपी सहित सभी विभागों के पास वर्षों से काम करने का अनुभव है। नगर निगम के सभी जेई व अन्य कर्मचारियों के पास सभी क्षेत्रों की जानकारी है। ऐसे में सभी विभाग बेहतर तालमेल के साथ कार्य करे। उन्होंने मीटिंग में शहर में चल रहे एफएमडीए से संबंधित परियोजनाओं की क्रमशः समीक्षा की और निर्देश दिए। मीटिंग में उपायुक्त जितेंद्र यादव, एचएसवीपी के प्रशासक जितेंद्र दहिया, नगराधीश नसीब कुमार, स्मार्ट सिटी की डिप्टी सीईओ गौरी मिड्ढा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

एफएमडीए की मीटिंग में बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा ने सोमवार को एफएमडीए की मीटिंग के दौरान बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बड़खल विधानसभा क्षेत्र में आ रही पेयजल की दिक्कतों को दूर करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बड़खल का 60 फीसदी पहाड़ी क्षेत्र है और पानी की सप्लाई में दिक्कत रहती है। इस पर एफएमडीए के सीईओ अनिल मलिक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस समस्या के समाधान पर गंभीरता से ध्यान दें। इसके अलावा बड़खल विधानसभा क्षेत्र में कई सड़कों के निर्माण व अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर निकाली जागरुकता रैली



रैली में शामिल सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, डॉ. राम भगत व अन्य कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** के लोगों को डेंगू व मलेरिया और चिकनगुनिया की बीमारी से लोगों को बचाने के स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लाखों प्रयास किए जा रहे है। जिसे देखते हुए राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर विभाग के द्वारा बीके सिविल अस्पताल परिसर से चौक से होते हुए एनएच-पांच तक एक रैली निकाली गई।

इस रैली के जरिये लोगों को डेंगू से बचाव का संदेश देते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों ने पर्चे बांट कर लोगों को जागरुक किया। इस रैली को हरी झंडी कार्यकारी सीएमओं डॉ. विनय गुप्ता, डॉ. रामभगत और बॉयोलॉजिस्ट पीके अरोड़ा ने दिखाई। वहीं दूसरी तरफ टीम के सदस्यों ने स्कूली बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से विद्यालयों में जागरूकता कैम्प भी लगाए। जहां उन्हें डेंगू से बचाव के उपाय बताए गए।

इस बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामभगत ने बताया कि प्रतिवर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। जिस पर अस्पताल परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई। डॉ. रामभगत का कहना है कि मलेरिया और डेंगू का मच्छर साफ पानी में फैलता है। इसके लिए लोगों को घरों में पानी जमा नही होने देना चाहिए। कुलरो को हफ्ते में एक बार सुखाकर इस्तेमाल करना चाहिए। घरों के आसपास पानी हो तो उसमें मिट्टी का तेल डाल देना चाहिए।

# हाई बीपी नियंत्रण को जीवनशैली में बदलाव लाना जरूरी : डॉ भल्ला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रतिवर्ष 17** मई को पूरे विश्वभर में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। जिसे कि वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे भी कहा जाता है। उच्च रक्तचाप से पूरी दुनिया में कई सारे मरीज पीड़ित हैं और इस रोग के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी है। उच्च रक्तचाप कई बड़ी बीमारियों को जन्म देता है। इस वर्ष वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे की थीम 'अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जीवित रहें' है। एक बैलेंस और तनाव रहित जिंदगी जीने के लिए लोगों को जागरुक करने के मकसद से मनाये जाने वाले विश्व हाइपरटेंशन डे के विषय में फोर्टिस नोएडा एवं फोर्टिस एस्कॉर्ट्स फरीदाबाद के डॉक्टरों ने जानकारी साझा की।

डॉ आरवीएस भल्ला, डायरेक्टर एवं एचओडी, इंटरनल मेडिसिन डिपार्टमेंट, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पीटल, फरीदाबाद ने बताया, 'हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) हर साल दुनियाभर में होने वाली मौतों के प्रमुख कारणों में से है, और यह 30 फीसदी मायोकार्डियल इंफार्क्शंस का जिम्मेदार है। इस साल उच्च रक्तचाप दिवस का थीम - अपना ब्लड प्रेशर सटीक तरीके से नापो, उसे नियंत्रित करो, दीर्घायु बनो (मेजर योर ब्लड प्रेशर एक्यूरेटली, कंट्रोल इट, लिव लॉन्गर) है। वास्तव में, इस विकार के बारे में दुनियाभर में कम जागरूकता, खासतौर से निचले से मध्यम आयवर्ग के क्षेत्रों में, तथा ब्लड प्रेशर को सही तरीके से और सटीक ढंग से नापने के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। ब्लड प्रेशर की रीडिंग तत्काल हाइपरटेंशन के बारे में बता सकती है और अगर यह 180/110 एमएम एचजी या अधिक है तथा हृदय रोग के लक्षण भी हैं तो तत्काल इलाज लेना चाहिए। अन्यथा, मरीज की हर एक से चार सप्ताह बाद ब्लड प्रेशर की जांच करते रहनी चाहिए ताकि इसमें किसी भी बढ़ोतरी का पता लग सके। हाइपरटेंशन का पता लगने के बाद, आगे जांच की सलाह दी जाती है ताकि हृदय रोगों से जुड़े जोखिमों तथा हाइपरटेंशन की वजह से शरीर के अन्य अंगों को पहुंचने वाले नुकसान का भी पता लगाया जा सके। हाइपरटेंशन से ग्रस्त लोगों में डायबिटीज मेलाइटस, डिस्लिपीडिमिया, ओबेसिटी, या निकोटिन का इस्तेमाल करीब एक-तिहाई लोगों को प्रभावित करता है।

रोग की मौजूदगी और शारीरिक जांच, तथा किफायती तरीके से जांच के लिए सीरम केमिस्ट्री स्तरों का पता लगाना, खाली पेट ग्लूकोज़ लैवल, खाली पेट लिपिड पैनल, यूनीनेलिसिस तथा इलैक्ट्रोकार्डियोग्राफी की जाती है। कार्डियोवास्क्युलर रोगों के जोखिम का पता लगाने के लिए कुछ कैलकुलेटर होते हैं जैसे कि फ्रैमिंघम रिस्क। इसके अलावा, अन्य अध्ययनों, जैसे कि इकोकार्डियोग्राफी, रील आर्टरी जांच, या ब्रेन इमेजिंग आदि की सलाह आमतौर पर नहीं दी जाती। उच्च रक्तचाप को नियंत्रित रखने के लिए जीवनशैली में बदलाव लाना जरूरी है और साथ ही, खानपान तथा शारीरिक गतिविधि पर नियंत्रण रखने की सलाह भी दी जाती है। खानपान में बदलाव के लिए नमक कम करना, शराब का संयमित सेवन, ऐसी सब्जियों तथा फलों का सेवन जिनमें अतिरिक्त शुगर और सैचुरेटेड फैट्स (जैसे कि डैश डाइट) की मात्रा सामान्य हो। कम-से-कम 30 मिनट एरोबिक और रेजिस्टेंस व्यायाम करने की सलाह भी दी जाती है।

# सीबीआई इंस्पेक्टर ने पुलिस कर्मियों से की मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार

## मौके पर पहुंची पुलिस टीम को आरोपी आशीष ने सीबीआई की दिखाई धौंस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**15 मई** की रात करीब 10.20 बजे पर पुलिस कंट्रोल रूम से इआरबी टीम को सूचना प्राप्त हुई की एसआरएस रॉयल हिल्स सेक्टर-87 फरीदाबाद के मेन गेट पर तीन आदमी और दो औरत शराब पीकर सिक्योरिटी गार्डों के साथ झगड़ा कर रहे हैं। सूचना पर एसआई कृष्ण कुमार अपनी टीम के साथ इआरबी 0184 को लेकर मौके पर पहूंचे।

जहां तीन आदमी और दो औरत सिक्योरिटी के साथ झगड़ा करते हुए मिले। पुलिस टीम ने आरोपियों को समझाने की कोशिश की तो आरोपियों ने पुलिस टीम के साथ भी मारपीट करनी शुरू कर दी। वहां मौजूद लोगों की मदद से लड़ाई को शांत किया। एसआई कृष्ण की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी बताया कि गिरफ्तार आरोपी वीरेन्द्र उर्फ विक्की फरीदाबाद सेक्टर-15 का रहने वाला है,आरोपी धनंजय उर्फ सप्पू स्थाई रुप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गांव दोसेरस निवासी हाल सेक्टर-87 के एसआरएस रॉयल हिल्स में किराए पर रहता है। आरोपी आशीष उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गांव अख्तियारपुर खुर्जा का रहने वाला है। आरोपी धनंजय अपने परिवार के साथ के सेक्टर-87 के एसआरएस रॉयल हिल्स में रहता है। आरोपी धनंजय और वीरेन्द्र आरोपी आशीष के जीजा है। पांचों आरोपी धनंजय के घर आए हुए थे। पांचों आरोपी सिक्योरिटी गार्ड के द्वारा गेट पर शराब न पीने की बात कहने पर झगड़ने लगे मौके पर सिक्योरिटी सुपरवाईजर सुनील कुमार भी आए, सुपरवाईजर ने भी गेट पर शराब पीने से मना किया तो उसके साथ भी झगड़ा करने लगे। सुपरवाईजर ने पुलिस कंट्रोल रुम को कॉल कर सूचना दी। समझाने पर आरोपी पुलिस के साथ भी गाली-गलौज और मारपीट करनी शुरु कर दी। घटना की सूचना मिलने पर थाना भूपानी एसएचओ अपनी टीम के साथ मौके पर आए। तीनों आरोपियों को सेक्टर-87 के एसआरएस रॉयल हिल्स से काबू कर लिया है। दोनों महिला को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आशीष दिल्ली सीबीआई में पोस्टेड है। जो अपने जीजा के घर सेक्टर-87 में आया था। आरोपी धनंजय की मोबाईल की दूकान थी। जो अब नौकरी की तलाश में था। आरोपी विरेन्द्र मशीनों का इम्पोर्ट एक्सपोर्ट का काम करता है। पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।


मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार युवक वीरेन्द्र,धनंजय और आशीष।

# कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन


केन्द्रीय राज्य मंत्री की अनुपस्थिति में उनके निजी सचिव अरूण कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपते नपा कर्मचारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** कौशल रोजगार निगम को भंग कर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, छटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने, 25 अप्रैल व 17 अगस्त 2020 के समझौतों को लागू करने, अग्निशमन विभाग को शहरी स्थानीय निकाय विभाग में शामिल करने व 19 सूत्रीय मांग पत्र में वर्णित मांगों को मनवाने की मांग को लेकर आज केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के कार्यालय पर प्रदर्शन कर निगम कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम उनके निजी सचिव अरुण कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला कार्यकारी प्रधान रघुबीर चौटाला ने की। इस अवसर पर जिला सचिव बलवीर सिंह बालगुहेर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उप प्रधान कमला व उपमहासचिव सुनील चिंडालिया ने कहा, 17-18 मई को सभी पालिकाओं, परिषदों व नगर निगमों में क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी। सरकार ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो आगामी 23-24 मई को दो दिवसीय टूल डाउन, पैन डाउन हड़ताल की जाएगी।

# हाई बीपी कंट्रोल कर हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक से बचें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बदलती** जीवनशैली के कारण हाई ब्लड प्रेशर की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। ब्लड प्रेशर के कारण तमाम तरह की अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। विश्व हाइपरटेंशन डे पर ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता और हृदय रोग विभाग निदेशक डॉ. सिम्मी मनोचा ने इसे लोगों के लिए गंभीर खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि खामोश हत्यारे के नाम से कुख्यात हाई ब्लड प्रेशर (हाइपरटेंशन) दिल और मस्तिष्क के दौरे के खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। हाई ब्लड प्रेशर के कारण दिल के दौरे व ब्रेन अटैक या स्ट्रोक होने का खतरा दोगुना हो जाता है और अगर हाइपरटेंशन के अलावा तनाव एवं नींद की समस्या भी हो तो यह खतरा चार गुना तक बढ़ सकता है।

ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड सुपरस्पेशलिटी अस्पताल की हृदय रोग विशेषज्ञ व निदेशक डॉ. सिम्मी मनोचा ने बताया कि दुनियाभर में अध्ययनों से यह साबित हो चुका है कि उच्च रक्तचाप और दिल के दौरे के बीच गहरा संबंध है। उच्च रक्तचाप हृदय रोग के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक है, क्योंकि जब रक्तचाप बढ़ जाता है, तो शरीर के चारों ओर रक्त पंप करने के लिए हृदय को अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इस अतिरिक्त काम से दिल की मांसपेशियां मोटी होने लगती है, और इससे धमनी की दीवारें कठोर हो सकती हैं या उन्हें नुकसान भी पहुंच सकता है। इसके कारण, शरीर के अंगों तक कम ऑक्सीजन पहुंचता है और हृदय के अधिक काम करने के कारण समय के साथ हृदय क्षतिग्रस्त हो जाता है।


डॉ. रोहित गुप्ता।


डॉ. सिम्मी मनोचा।

**हाइपरटेंशन ब्रेन स्ट्रोक का मुख्य कारण:** एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि उच्च रक्तचाप न केवल दिल के दौरे के खतरे को बढ़ाता है, बल्कि यह ब्रेन स्ट्रोक का भी एक प्रमुख कारण है। नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, हाइपरटेंशन के कारण ब्रेन स्ट्रोक होने का खतरा दोगुना हो जाता है। सिस्टोलिक रक्तचाप में हर 10 एमएम हीमोग्राम बढ़ने से इस्कीमिक स्ट्रोक का खतरा 28 प्रतिशत तथा हैमेरेजिक स्ट्रोक का खतरा 38 प्रतिशत बढ़ता है। हालांकि उच्च रक्तचाप पर नियंत्रण रखने पर स्ट्रोक होने का खतरा घट जाता है।

**13 करोड़ लोग हैं हाइपरटेंशन के शिकार:** वर्ष 2012 में जारी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 13 करोड़ 90 लाख लोग अनियंत्रित उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं और यह संख्या हर साल बढ़ रही है. भारत में वर्ष 1960 में उच्च रक्तचाप से 5 प्रतिशत लोग पीड़ित जो बढ़कर 1990 में लगभग 12 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2008 में यह बढ़कर 30 प्रतिशत हो गया और लोग अपने 20 के दशक में भी उच्च रक्तचाप से पीड़ित होने लगे। उच्च रक्तचाप भारत में सभी स्ट्रोक से होने वाली मौतों में से 57 प्रतिशत और कोरोनरी हृदय रोग से होने वाली 24 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है।

**हाइपरटेंशन है साइलेंट किलर :** डॉ. गुप्ता ने बताया कि हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहा जाता है, क्योंकि उच्च रक्तचाप से पीड़ित 30 प्रतिशत से अधिक लोगों को इससे पीड़ित होने का पता नहीं होता है कई बार इसके बहुत मामूली लक्षण प्रकट होते हैं या कोई लक्षण नहीं होते हैं। आपको जिन संकेतों पर ध्यान देना चाहिए, वे हैं- सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द या भारीपन, सिरदर्द, हृदय की अनियमित धड़कन (धड़कन), देखने में समस्या, पेशाब करने में समस्या आदि। डॉ. सिम्मी मनोचा ने कहा, मामूली लगने वाले ये लक्षण धमनियों और शरीर के महत्वपूर्ण अंगों के नुकसान पहुंचने के संकेत हो सकते हैं जो आगे चलकर जीवन के लिए घातक हो सकते हैं और आपात चिकित्सा की जरूरत पड़ सकती है। इसलिए, हमें न केवल उच्च रक्तचाप की पहचान और नियंत्रण नहीं करना चाहिए, बल्कि आम लोगों में उच्च रक्तचाप के प्रसार को कम करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली और निवारक रणनीतियों को बढ़ावा देना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### कराटे चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**फरीदाबाद।** फिटनेस एडं मार्शल आर्ट एसोसिएशन द्वारा पांचवीं एनसीआर कराटे चैम्पियनशिप एडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल डबुआ कॉलोनी सेक्टर 50 में आयोजित गई। जिसमें पूरे एनसीआर से 150 बच्चों ने भाग लिया। इस चैम्पियनशिप की ओपनिंग पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना ने की। मेडल सेरिमनी नंगला मंडल अध्यक्ष कविंद्र चौधरी और फिटनेस एंड मार्शल आर्ट एसोसिएशन के चेयरमैन राकेश खटाना ने सभी बच्चों को मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर फिटनेस एंड मार्शल आर्ट एसोसिएशन के संस्थापक व महासचिव नासिर हुसैन और चेयरमैन राकेश खटाना, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद वार्ष्णेय ने आए हुए सभी अतिथियों का बुके देकर व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। फिटनेशन मार्शल आर्ट एसोसिएशन की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया और युफ्फो की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और दिल्ली की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और ओपन चैलेंज में लडक़ों में गुडग़ांव से राजेंद्र सर का स्टूडेंट ने जीता और लड़कियों में निधि ने ओपन चैलेंज जीता। इसमें फरीदाबाद, गुड़गांव, नोएडा, दिल्ली, गाजियाबाद के कोच अमरीश सिंह तोमर, अवधेश, राहुल, भावना, देवेंद्र, सुरेंद्र खोडिवाल, राजेंद्र, सलमान अली, सुधीर, अजीत सिंह, विख्यात, आकर्ष, जीवनदीप, मुकेश, नीतीश, चंद्र बोस, सचिन, श्रीकांत, नरेश फागना, विपिन, धर्मेन्द्र सहित सभी कोच मौजूद रहे।

### नीतू लाम्बा को राष्ट्रीय स्त्री शक्ति अवार्ड मिला



**फरीदाबाद।** बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय सचिव व शिक्षिका नीतू लाम्बा को आज हिन्दी भवन दिल्ली में गंत्वय संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्त्री शक्ति अवार्ड में सम्मानित किया गया। गंत्वय संस्थान द्वारा 21वां राष्ट्रीय स्त्री शक्ति अवार्ड अध्यक्ष अरविन्द्र त्यागी द्वारा 21 महिला विभूतियों को दिये गए। जिसमें दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री माननीय मंगत राम गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अल्का गूर्जर व पुलिस अधिकारी एएसपी रिद्धिमां सेठी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थी व कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्चना त्यागी ने की। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मंगत राम गुप्ता व विशिष्ट अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय सचिव अल्का गूजर ने नीतू लाम्बा को अवार्ड देते हुए स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र दिया इस मौके पर बेटी बचाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आज़ाद न रजत लाम्बा उपस्थित थे। समाजसेविका नीतू लाम्बा ने अवार्ड लेते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का अवार्ड मेरे सामाजिक जीवन को ओर आगे ले जाने के लिये प्रेरित करेगा। इसके लिये उन्होंने गंत्वय संस्थान के अध्यक्ष अरविन्द त्यागी व उनकी टीम का धन्यवाद किया और उन्होने अपने संबोधन में कन्या भ्रूण हत्या रोकने का संदेश दिया।

### डबुआ मंडी मामले में पार्किंग ठेकेदार गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा डबुआ सब्जी मंडी में पार्किंग में लड़ाई झगड़े की वायरल वीडियो मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिन पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने पार्किंग के ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोज सेक्टर-8 फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी ने डबुआ सब्जी मंडी की पार्किंग का ठेका ले रखा है। जिसमें आरोपी ने पार्किंग में काम करने के लिए कुछ लड़के रख रखे हैं। वायरल वीडियो के अनुसार राजकुमार और उसकी माता के साथ पार्किंग को लेकर लड़ाई झगड़ा किया था। नेहरू कॉलोनी में रहने वाले राजकुमार की शिकायत पर थाना डबुआ में मामला दर्ज कर लिया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी बाइक डबुआ सब्जी की पार्किंग में 10 रुपये की पर्ची कटवा कर खड़ी की थी। जो सब्जी मंडी से सामान लेकर अपनी मां से पहले आ गया। मां के आने से पहले ही शिकायतकर्ता को आरोपियों के द्वारा पार्किंग की पर्ची ने होने पर मारपीट शुरू कर दी। मौके से फरार हो गए। एमसीएफ कमिश्नर को पुलिस द्वारा आरोपी मनोज का पार्किंग लाइसेंस रद्द करने व भविष्य में आरोपी को पार्किंग का ठेका ना दिया जाए बारे लेटर लिखा जा रहा है।

### ब्राह्मण सभा ने भगवान बुद्ध को नमन किया



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर भगवान बुद्ध पूर्णिमा पर उनको माल्यार्पण कर नमन वन्दन किया। पं सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भगवान बुद्ध मानवता के प्रतीक न्याय व्यवस्था के हितैषी थे। जिनकी शिक्षाओं पर बौद्ध धर्म का प्रचलन हुआ। इनका जन्म लुंबिनी में 563 ईसा पूर्व इक्ष्वाकु वंशीय क्षत्रिय शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ था। उनकी मां का नाम महामाया था जो कोलीय वंश से थीं, जिनका इनके जन्म के सात दिन बाद निधन हुआ, उनका पालन महारानी की छोटी सगी बहन महाप्रजापती गौतमी ने किया। 29 वर्ष की आयु में सिद्धार्थ विवाहोपरांत एक मात्र प्रथम नवजात शिशु राहुल और धर्मपत्नी यशोधरा को त्यागकर संसार को जरा, मरण, दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग एवं सत्य दिव्य ज्ञान की खोज में रात्रि में राजपाठ का मोह त्यागकर वन की ओर चले गए। वर्षों की कठोर साधना के पश्चात बोध गया बिहार में बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे सिद्धार्थ गौतम से भगवान बुद्ध बन गए। हमें उनके आदर्श मार्ग का अनुसरण जीवन में करना चाहिए। इस अवसर पर पं हरीश पाराशर एडवोकेट, पं कर्ण पाराशर इंजिनियर, पं विनोद, पं ओमबीर, पं रामजीलाल, पं रोहित, पं शंकर, पं रामानुजन, पं लोकेश, पं राज कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बिजली कर्मचारी मंत्री कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** कौशल रोजगार निगम भंग करने, कच्चे कर्मियों को पक्का करने, ठेका कर्मियों को समान काम समान वेतन व सेवा सुरक्षा प्रदान करने पुरानी पेंशन बहाली, निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर बिजली कर्मचारी 9 जुलाई को बिजली मंत्री के सिरसा कैंप कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। इससे पहले बिजली कर्मचारी 15 मई को बिजली विभाग के एसीएस के पंचकूला कार्यलय पर प्रदर्शन करेंगे। यह ऐलान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष व आल हरियाणा पावर कारपोरेशनज वर्कर यूनियन के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने अशोक वाटिका में आयोजित यूनिट स्तरीय कन्वेंशन में संबोधित करते हुए किया। कन्वेंशन की अध्यक्षता यूनिट प्रधान नरेंद्र सौरोत ने की। यूनिट सचिव वेदपाल तेवतिया द्वारा संचालित इस कन्वेंशन में होडल डिवीजन के अधीनस्थ सभी सब यूनिटों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कन्वेंशन में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर 27 मई को जिला मुख्यालय पलवल होने वाले प्रदर्शन को लेकर शामिल होने का फैसला लिया गया। यूनिट स्तरीय कन्वेंशन में प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा के साथ केन्द्रीय कमेटी के डिप्टी जरनल सेकेट्री जितेंद्र तेवतिया, सचिव सामून खान, केन्द्रीय कमेटी सदस्य मनोज जाखड़, विनोद शर्मा व सर्कल सचिव राजेश शर्मा मौजूद थे। कन्वेंशन में एक्स ग्रेसिया रोजगार स्कीम में लगाई गई शर्तो को हटाने और ठेका कर्मियों को भी इसमें शामिल करने, सभी कच्चे व पक्के कर्मियों को पांच हजार रुपये जोखिम भत्ता देने, खाली पड़े पदों को भरने आदि मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। कन्वेंशन को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा, डिप्टी जरनल सेकेट्री जितेंद्र तेवतिया व सामून खान ने आरोप लगाया कि कौशल रोजगार निगम लिमिटेड कंपनी का गठन ठेका कर्मियों की रेगुलराइजेशन, समान काम समान वेतन, सेवा सुरक्षा को स्थाई रूप से रोकने के लिए किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस निगम के गठन में प्रतीक होता है कि भविष्य में पक्की भर्ती की बजाय ठेके पर नियुक्तियां की जाएगी।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 मई, 2022



## कांग्रेस में चिंतन

### वैचारिक संकट

**ऐसा** लगता है कि कांग्रेस अपनी प्रमुख विचारधारा छोड़ चुकी है और दूसरों की नकल कर रही है। कांग्रेस को अपने पुनर्जीवन के लिए अपनी खोई जड़ें तलाशनी होंगी। राष्ट्रीय स्तर पर उसने भाजपा के लिए स्थान छोड़ दिया है। कुछ राज्यों में यह गठबंधन सरकारों में जूनियर पार्टनर है। लेकिन इसके बावजूद इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि देश भर में उसके प्रतिबद्ध मतदाता हैं। वह भाजपा का एकमात्र राष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वी है। कांग्रेस पार्टी लोकसभा की आधी सीटों पर सत्तारूढ़ दल भाजपा को सीधे टक्कर देती है। लेकिन विडंबना है कि वह भाजपा पर विजय पाने में विफल रही है। उसकी वर्तमान दुर्दशा का कारण उस राष्ट्रीय विमर्श पर पकड़ खोना है जिस पर 70 साल तक उसका कब्जा रहा है। यह राष्ट्रीय विमर्श नेहरूवादी राष्ट्रवाद व सेक्युलरवाद का मिश्रण था। पिछले वर्षों में कई बार संदिग्ध व विघटनकारी चरित्र अपनाने के बावजूद यह विचार अभी उसका प्रमुख तत्व बना हुआ है। आमतौर से धर्म को बहुत महत्व देने तथा धार्मिक व्यवहारों का प्रदर्शन करने वाले देश में भी कांग्रेस को अपने सेक्युलरवादी व्यवहार में कोई विरोधाभास नहीं नजर आता था। हालांकि, इसके कुछ अपवाद और भयानक अपवाद थे, लेकिन ये केवल अपवाद थे। लेकिन भाजपा के हिंदूवादी राष्ट्रवाद के पुनर्जीवन व गतिशीलता के सामने कांग्रेस वर्तमान समय में मुरझाती लग रही है। 'नरम हिंदुत्व' ने उसकी प्रमुख विचारधारा को नुकसान पहुंचाया तथा इसकी सेक्युलर विचार के प्रति प्रतिबद्धता कमजोर की। ऐसा लगता है कि कांग्रेस जीवित रहने के लिए अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की नकल करने लगी। उसने अपनी पुरानी



सेक्युलर पहचान को 'नरम हिंदुत्व' के समक्ष समर्पित कर दिया और बहुत बाद में उसे समझ आया कि इस प्रक्रिया में उसकी जड़ों को भारी नुकसान पहुंचा है। वह एक ऐसी जीवन्त विचारधारा के सामने मुकाबले में भ्रमित हो गई जिसे उसने अतीत में संघर्ष कर हराया था।

जनेऊ पहन कर राहुल गांधी मंदिर-मंदिर दौड़ लगाने लगे, समर्थकों ने उनको 'जनेऊधारी ब्राह्मण' बताया और इसी छवि के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी राजनीति करने लगे। कमलनाथ जैसे नेताओं ने मध्य प्रदेश में सुशासन पर ध्यान देने के बजाय हिंदू त्योहार मनाने पर परिपत्र जारी करना शुरू कर दिए। आज राजनीतिक दोराहे पर खड़ी कांग्रेस आत्ममंथन कर रही है कि उससे गलती कहां हुई। गलती यह हुई कि उसने अपना रास्ता छोड़ दिया। वह अपने विमर्श पर वापस लौट कर स्वयं को ठीक कर सकती है जिसमें प्रतिद्वंद्वियों की नकल करने के बजाय मूल विचारधारा पर जोर देना प्रमुख है। उसके लिए यह याद करना उचित होगा कि अयोध्या में जवाहरलाल नेहरू के सक्रिय हस्तक्षेप से 1949 में धार्मिक भावनायें भड़कने से रोकना संभव हुआ था। उसके इस दृष्टिकोण के कारण ही उसे फैजाबाद के दोनों संसदीय क्षेत्रों में विजय मिली थी। यह एक प्रकार से राजनीतिक इच्छाशक्ति की सच्ची अभिव्यक्ति थी। यह किसी अन्य जैसा बनने के लिए कांग्रेस की विचारधारा छोड़ने की घटना नहीं थी। आंध्र प्रदेश में कांग्रेस विमर्श का मुकाबला करने के लिए एन.टी. रामाराव ने तेलगू 'गौरव' तैयार किया। लालू यादव ने 'कमंडल' के जवाब में मंडल तैयार किया। इसके उलट राजीव गांधी ने अयोध्या में विवादित स्थल पर धार्मिक आयोजन को अनुमति दे दी। इस प्रकार केवल हिंदुत्व का विरोध या 'नरम हिंदुत्व' अपनाने का अर्थ अपनी पहचान से समझौता करना है। वैसे भी 'नरम' हिंदुत्व जैसी कोई चीज नहीं हो सकती है। देश में मजबूत व समानान्तर प्रति-विमर्श तैयार करना जरूरी हो गया है और इसके लिए प्रयास करना जरूरी है। कांग्रेस को स्वयं यह समझने की आवश्यकता है कि जब 'हिजाब' या 'हलाल' जैसे सेक्युलर-विरोधी मुद्दे उभरते हैं तो उसकी आवाज इतनी धीमी क्यों हो जाती है। सभी त्योहार मनाना सेक्युलर हो सकता है, पर केवल एक धर्म के त्योहारों को प्रोत्साहन देना सेक्युलर नहीं है। संक्षेप में इसे नस्लवाद कहा जा सकता है।


# विज्ञान की लोकप्रियता में डिजिटल तकनीक

समाज में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए हमें सभी लोगों तक विज्ञान को पहुंचाना होगा। मगर यह काम आसान नहीं है।





बीजू धर्मपालन    कपिल के त्रिपाठी



समकालीन समाज विज्ञान की सामग्रियों पर बना है। लेकिन जब तक आम आदमी यह नहीं समझता कि वैज्ञानिक हमारी प्रयोगशालाओं में क्या खोजते हैं, तब तक विज्ञान अर्थहीन बना रहेगा। जनता तक विज्ञान संप्रेषित करने के लिए मीडिया, संग्रहालयों या संवाद का माध्यम अपनाया जाता है और अब यह तेजी से फलता-फूलता वैश्विक उद्योग बनता जा रहा है। इस विषय पर विज्ञान के लंबे इतिहास में बार-बार बहस हो चुकी है कि जनता को विज्ञान के बारे में किसे बताना चाहिए। वैज्ञानिक समुदाय के अधिकांश सदस्य अपने साथियों को विद्वतापूर्ण प्रकाशनों के माध्यम से संप्रेषण में दिलचस्पी रखते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से इन विद्वतापूर्ण प्रकाशनों को आसानी से समझ पाना आम आदमी की क्षमता से बाहर होता है। एक अच्छे वैज्ञानिक का अच्छा संप्रेषणकर्ता होना जरूरी नहीं है। उदाहरणार्थ, नोबेल पुरस्कार विजेता पॉल डिराक अत्यधिक शर्मीले थे और वे रिपोर्टरों का सामना नहीं कर सकते थे। उन्होंने प्रचार से बचने के लिए नोबेल पुरस्कार से इनकार करने तक की बात सोची थी। इसका मुख्य कारण यह है कि अधिकांश महान वैज्ञानिकों के पास बहुत अधिक ज्ञान होता है जिसे आम आदमी की भाषा में बताना अक्सर कठिन होता है। जब ये वैज्ञानिक उल्लेखनीय वैज्ञानिक खोजें करते हैं तो अपनी उपलब्धियों से प्रसन्न होकर वे इनको वैज्ञानिक शब्दावली का प्रयोग कर समझाने का प्रयास करते हैं, लेकिन यह गैर-वैज्ञानिक व्यक्ति के लिए अनाकर्षक हो जाती है। इसकी दुष्टतापूर्ण तरीके से गलत व्याख्या की जा सकती है जिससे आम जनता में भय पैदा हो सकता है।

हालांकि, संप्रेषण कौशल को प्रशिक्षण या खास किताबें पढ़ कर बेहतर बनाया जा सकता है, पर यह उस व्यक्ति की योग्यता तथा उसके द्वारा बताए जाने वाले विषय पर निर्भर करता है। पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डा. अब्दुल कलाम का भाषण सुनते हुए हमें इस संप्रेषण शक्ति का अनुभव होता है, भले ही उनका उच्चारण व शैली पश्चिमी मानकों के अनुकूल न रही हो। स्वतंत्रता-पूर्व युग के हमारे महान वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन व सर जे.सी.बोस शोध व दिलचस्पी के विषय के कारण बहुत अच्छे वक्ता थे। वे दिन बीत गए जब लोकप्रिय विज्ञान संप्रेषण को कॅरियर में आत्महत्या जैसा समझा जाता था। आज हर भावी शोधकर्ता से इस व्यवहार में माहिर होने की उम्मीद की जाती है ताकि वह विज्ञान को प्रयोगशाला से बाहर लाकर संस्कृति में शामिल करने में सफल हो सके। अब यह क्षेत्र ऊपर से नीचे व्याख्यात्मक दृष्टिकोण से अलग हट कर संप्रेषण पर केन्द्रित हो गया है। संप्रेषण व संवाद के प्रति ज्यादा समावेशी दृष्टिकोण में व्यापक रूप से तथाकथित 'जनता' को शामिल करना जरूरी समझा जाता है ताकि वह विज्ञान के बारे में निर्णय कर सके। वैज्ञानिकों व राजनेताओं की मुख्य चिन्ता है कि जनता में विज्ञान की समझदारी व उसकी प्रशंसा का भाव कम है। वास्तव में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में जनता की सहभागिता-पेस्ट दुनिया भर में सरकारों की प्रमुख प्राथमिकता है।

इसका कारण विज्ञान के नए उभरते क्षेत्रों, जैसे क्वांटम तकनीक, नैनोटेक्नोलोजी, जीन एडिटिंग या स्टेम सेल, आदि क्षेत्रों में होने वाली बहसो में नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने की इच्छा है। चाहे व्यक्तिगत हो या सामाजिक, जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक समस्याओं से निपटने के लिए विज्ञान व प्रौद्योगिकी में नागरिकों का शामिल होना जरूरी है। इस युग में विज्ञान संप्रेषक को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था तथा समाज के सामाजिक ढांचे से परिचित होना व विज्ञान के बारे में दृष्टिकोण रखना जरूरी हो गया है। समुदाय में विभिन्न लोगों से संवाद करना चुनौतीपूर्ण काम है। समाज में भिन्न प्रकार के लोग होते हैं जिनमें वैज्ञानिक रूप से विशिष्ट, निरक्षर लोग, छात्र, सेवानिवृत्त, घरेलू कामकाज करने वाले, वृद्ध, आदि शामिल हैं। समाज में वैज्ञानिक सोच तभी पैदा की जा सकती है जब हम इन सभी लोगों तक विज्ञान पहुंचायें। यह बहुत कठिन काम है जिसके लिए परंपागत विज्ञान संप्रेषण गतिविधियां नाकाफी हो सकती हैं। वयस्क या वृद्ध शायद कहानी सुनाने या कठपुतली आयोजन पसंद न करें। इसी प्रकार निरक्षर समूह विज्ञान पत्रिका या अखबार समझ नहीं सकेंगे। यदि इस देश की जनता में विज्ञान का प्रसार करना हो तो हमें डिजिटल तकनीक की संभावनाओं का लाभ उठाने की रणनीति बनानी होगी।

कोविड वैश्विक महामारी ने डिजिटल मीडिया की शक्ति प्रदर्शित की है। जब सभी प्रकार के संचार चैनलों ने काम करना बंद कर दिया तब इंटेलीजेंट फोन ने दुनिया भर में लाखों लोगों को सहायता पहुंचाने का काम किया। समाज के सभी लोग मनोरंजन व सूचनाओं के साधन के रूप में स्मार्टफोन का प्रयोग करते हैं। जनता ने वाट्सएप के माध्यम से आने वाले संदेशों पर विश्वास करना शुरू किया और यह लाखों लोगों के लिए ज्ञान का साधन बन गया। वाट्सएप ने वह प्राप्त किया जो हमारे विश्वविद्यालय सैकड़ों सालों तक नहीं प्राप्त कर सके। निश्चित रूप से वाट्सएप से आने वाली सूचना नियंत्रित नहीं है और अनेकों गलत सूचनायें जनता तक संप्रेषित हो जाती हैं जिन पर आंख बंद कर विश्वास कर लिया जाता है। वैज्ञानिक सूचना संप्रेषण के लिए हमें एक विश्वसनीय व आधिकारिक डिजिटल मंच प्रोत्साहित करना चाहिए। भारत में 500 मिलियन तक फैले 9इंटरनेट प्रयोगकर्ताओं में 305 मिलियन शहरी भारतीय तथा 195 मिलियन ग्रामीण भारतीय हैं। इसका प्रयोग कर आधिकारिक वैज्ञानिक तकनीकी विषयवस्तु भेजी जा सकती है। सरकार को विज्ञान संप्रेषण गतिविधियों में ओटीटी जैसे डिजिटल टूल को गतिशील बनाना चाहिए। ओटीटी का अर्थ ओवर द टाप है। इसका अर्थ अपनी इच्छानुसार विभिन्न उपकरणों से जुड़ना है। 'ओवर द टाप' एक सुविधाजनक छोटा शब्द है जो फिल्मों व टीवी विषयवस्तु को इंटरनेट पर संप्रेषण योग्य बनाता है। ओटीटी मंच के चलते कोई भी अपने हैंडसेट पर वीडियो देख सकता है।

इसके लिए एंटिना या केबल कनेक्शन की जरूरत नहीं होती है। जनता में ओटीटी की बढ़ती लोकप्रियता का कारण उसका सस्ता होना, आसान कनेक्टिविटी तथा व्यापक पहुंच है। इंटरनेट कनेक्टिविटी होने पर कोई व्यक्ति ध्रुवीय क्षेत्र में भी इसे देख सकता है। ओटीटी वीडियो वितरण तकनीक के कारण अनेक विकल्प लोगों की उंगलियों पर रहते हैं। वे अनेक प्रकार के उपकरणों पर चीजें देख सकते हैं जिनमें स्मार्ट टीवी, रोकू, पीसी, टेबलेट, स्मार्टफोन व गेमिंग कंसोल शामिल हैं। वे विभिन्न वितरकों के बीच खास कार्यक्रमों व चैनल देखने के लिए 'एप स्विचिंग' का प्रयोग कर सकते हैं। इससे उनका खरीदी व देखी जाने वाली विषयवस्तु पर ज्यादा नियंत्रण स्थापित होता है। विज्ञान संप्रेषण में ओटीटी मंचों का प्रयोग विभिन्न विषयों पर रिकार्ड वीडियो या लाइव प्रोग्राम दिखाने के लिए हो सकता है। जनता सीधे दुनिया के सुदूर क्षेत्रों में कार्यरत वैज्ञानिकों, उदाहरणार्थ आर्कटिक या अंटार्कटिका में हमारे शोध केन्द्रों से संवाद स्थापित कर सकती है। कोविड लाकडाउन के समय जनता को हमारी अधिकांश वैज्ञानिक सूचना इंडिया साइंस के माध्यम से दी गई जो विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रबंधन में काम करने वाला ओटीटी प्लेटफार्म है। इस विज्ञान चैनल ने नियमित शो के अलावा केवल कोरोना-संबंधी सूचना पर 681 कार्यक्रम पेश किए। छपी पत्रिकाओं या विज्ञान डिमांस्ट्रेशन लेक्चरों जैसे अन्य विज्ञान संप्रेषण तरीकों के बजाय ओटीटी सस्ता और व्यापक पहुंच वाला है। सभी प्रकार की वैज्ञानिक विषयवस्तु इसके माध्यम से पेश की जा सकती है। इसके साथ ही वैज्ञानिक दर्शकों से सीधे संवाद कर इसे और आधिकारिक बना देते हैं।

वैश्विक महामारी के समय पली-बढ़ी पीढ़ी ने मनोरंजन या आर्थिक लेनदेन के लिए स्मार्टफोन का खूब प्रयोग किया। बच्चे भी स्मार्टफोन के माध्यम से खेलने और ज्ञान प्राप्त करने में सहज अनुभव करते हैं। इसी प्रकार समाज के निरक्षर लोग भी स्मार्टफोन प्रयोग करते हैं तथा स्वयं को भेजे गए वीडियो संदेशों का आनन्द लेते हैं। आज की पीढ़ी भले ही विज्ञान संप्रेषण के पुराने तरीकों, जैसे, पत्रिकाओं, ड्रामा या कठपुतली शो का आनन्द न ले, पर एनीमिशेन व वर्चुअल रियलिटी में उनकी दिलचस्पी है। ओटीटी ने अपनी शक्ति दिखा दी है और मनोरंजन उद्योग अब सिनेमा हालों के बजाय इस पर जोर दे रहा है। इसी प्रकार डिस्कवरी, नेशनल जियोग्राफिक, एनीमल प्लैनेट, हिस्ट्री, आदि ने अपने ओटीटी वर्जन शुरू किए हैं। विज्ञान नीति-निर्माताओं को हमारे नागरिकों की नई पीढ़ी की पसंद वाली डिजिटल तकनीक से विज्ञान संप्रेषण पर जोर देना चाहिए।

# आपदा प्रतिरोधी संरचना निर्माण में निवेश



शिवाजी सरकार
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

बुनियादी ढांचे के लिए बढ़ते आपदा जोखिम खतरों के बीच, दुनिया ने आपदा रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर (सीडीआरआई) के लिए भारत द्वारा शुरू किए गए गठबंधन में आपदा लचीलापन के लिए 94 ट्रिलियन डॉलर के बड़े निवेश की योजना बनाई है।

कैच लाइन वह है जिसे दुनिया ने 200 वर्षों में निवेश किया है जिसे 20 वर्षों में पूरा किया जाना है। वैश्विक बुनियादी ढांचा निवेश सालाना 2.7 अरब डॉलर होने का अनुमान है। बीमा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लॉयड्स के हवाले से कहा गया है कि आपदाओं में 12 प्रतिशत धन नष्ट हो रहा है और 88 प्रतिशत धन पुनर्निर्माण में जा रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्लूएमओ) की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 50 वर्षों में औसतन हर दिन मौसम, जलवायु या पानी के खतरे से संबंधित आपदा आई - 115 लोगों की मौत हुई और रोजाना 202 मिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ। महंगाई बढ़ने और ब्याज दरों में बढ़ोतरी के कारण लागत बढ़नी चाहिए।

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि बुनियादी ढांचा लोगों के बारे में है और उन्हें समान रूप से उच्च गुणवत्ता, भरोसेमंद और टिकाऊ सेवाएं प्रदान करना है। नई दिल्ली में सीडीआरआई का चौथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रित नहीं करता है, लेकिन समुदाय-आधारित प्रयासों के एकीकृत दृष्टिकोण के माध्यम से इन्फ्रा प्लस हरित प्रकृति को समग्रता में देखता है। जनता का पैसा बचाने का प्रयास! दुनिया भर के कई शहर और द्वीप राष्ट्र बहुत जोखिम में हैं। भारत में, उदाहरण के लिए, भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, चेन्नई और कोलकाता जैसे शहरों को जलवायु जोखिम में माना जाता है, ढ्ढष्ठक्रढ्ढ के सह-अध्यक्ष, ह्रष्ठरू के सदस्य-सचिव कौशल किशोर कहते हैं।

यह कहा गया है कि आपदा जोखिम में कमी के मौजूदा तरीके और उपकरण, और विशेष रूप से जलवायु जोखिम प्रबंधन, जोखिमों को कम करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लिए शक्तिशाली क्षमता प्रदान करते हैं। महामारी, भूकंप, बाढ़, भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों में बढ़ते चक्रवातों और दूरसंचार टावरों, सड़कों, बंदरगाहों



और शहरी बुनियादी ढांचे के विनाश को देखते हुए स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया गया है। गरीबी में कमी और प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल के लिए तुरंत कम से कम 10 बिलियन डॉलर की आवश्यकता है। दूरसंचार टावर, बिजली संयंत्र, डिजिटल ढांचा, परिवहन और संचार को बचाना है। विशेषज्ञ हैती, नेपाल, पाकिस्तान और पेरू में विभिन्न भूकंपों, बाढ़ और चक्रवातों पर चर्चा करते हैं। विश्व बैंक के कामरान अकबर कहते हैं, 'आपदा सबसे अच्छे और बुरे लोगों को आजीविका की बहाली के लिए पुनर्निर्माण के लिए लाती है।' वे ब्लॉक बनाते हैं और स्थानीय बुनियादी ढांचे का पुनर्निर्माण करते हैं। वित्त को निश्चित रूप से ठीक करना होगा। इसके अलावा, नए परिवर्तन, जैसे आर्कटिक बर्फ का पिघलना, आईपीसीसी की रिपोर्ट की भविष्यवाणी की तुलना में तेजी से हो रहा है। ऐसा लगता है कि भविष्य अधिक गंभीर और चुनौतीपूर्ण है। इस तरह की बैठकों में चर्चा होती है कि क्या इसे बड़ी निजी संस्थाओं द्वारा धन डालने और साझा करने से रोका जा सकता है।

जापान में 2011 फुकुशिमा परमाणु दुर्घटना समुद्र के करीब भूकंप-प्रवण क्षेत्र पर बनी थी, इसे कहीं और बनाया जा सकता था। चीन के थ्री गॉर्ज डैम की समस्याओं के बारे में ज्यादा चर्चा नहीं हुई है, जो अक्सर ओवरफ्लो हो जाता है और बड़े पैमाने पर गंदा पानी जमा हो जाता है। बांध टूटने, नदी के रास्ते बदलने और स्थलाकृति के कारण केरल में गंभीर बाढ़ के उदाहरण हैं। अब भारत नाजुक अरुणाचल, मणिपुर और मिजोरम सहित नौ प्रमुख बांध बनाता है।

वित्त पर सबसे चौकस राय अफ्रीका से आती है। घाना के मुख्य निदेशक, पर्यावरण मंत्रालय, सिंथिया असारे बेदियाको, आश्चर्य करते हैं कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए फंड कैसे बनाया जाए। वह कहती हैं कि जलवायु परिवर्तन की कोई सीमा नहीं है और ऐसी नीतियां कैसे बनाएं जो जीविका, आजीविका और नौकरियों की अधिकांश चुनौतियों में मदद कर सकें। वह निजी भागीदारी पर आश्चर्य करती है और क्या सीडीआरआई मदद कर सकता है। अफ्रीकी विकास निधि अधिकारी सुरमिंसु ने नीतियों के साथ-साथ स्थायी ऊर्जा पर भी पुनर्विचार करने का आह्वान किया जो किसी आपदा के दौरान सबसे पहले टूटती है। गरीब देशों को तकनीकी हस्तांतरण की जरूरत है जिस पर सीडीआरआई जोर देता है।

अक्षय ऊर्जा मंत्रालय की सचिव वंदना कुमार का कहना है कि भारत दुनिया के लिए हाइड्रोजन सपोर्ट, इसके भंडारण और परिवहन के मुद्दों और हरित ऊर्जा के निर्माण के लिए कदम उठा रहा है। आईआईटी दिल्ली के रंगन बनर्जी का कहना है कि हाइड्रोजन रोड मैप बनाने के लिए शोध की जरूरत है। हाइड्रोजन आईएईए के प्रमुख डॉ उवे रेमे का कहना है कि यह आसान तकनीक नहीं है और इसकी उच्च लागत है। किशोर ने हाइड्रोजन परिप्रेक्ष्य पर पेपर जारी करते हुए कहा कि चुनौतियां बहुत बड़ी हैं और यह भी स्पष्ट नहीं है कि पारंपरिक बिजली व्यवस्था की तुलना में शासन की जरूरत है। कोई भी जलवायु परिवर्तन को रोक नहीं सकता है, लेकिन इसके लिए दुनिया भी एक रसातल में निवेश करने में नहीं डूब सकती है। इन्फ्रा फंडिंग में बड़े रिसाव हैं और गरीबों को और गहरे संकट में जाने से बचाने के लिए इसे दूर करना होगा। विवेकपूर्ण वित्त पोषण और नाजुक पारिस्थितिकी की रक्षा करने से स्वप्निल लचीला बुनियादी विकास होगा, न कि बड़े अनुमान।

## आप की बात

### समयोचित कदम

**केंद्र** सरकार ने गेहूं के निर्यात पर रोक लगा दी है। यह एक सार्थक एवं समययोचित कदम है। इस वर्ष किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं की बिक्री नहीं के बराबर की है। सरकार को विपरीत परिस्थितियों अकाल, दुर्भिक्ष, प्राकृतिक आपदा आदि के लिए अनाज का सुरक्षित भंडार रखना होता है। साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली से बीपीएल एवं अंत्योदय वर्ग के लोगों को रियायती मूल्य पर अनाज वितरण भी इसी शासकीय अन्न कोष से किया जाता है। गेहूं एक ऐसी खाद्य जींस एवं अनाज है जो भारत के अधिकांश राज्यों में लोगों द्वारा बहुतायत से उपयोग की जाती है। अत: पूरे भारत में इसके दाम नियंत्रित एवं सभी वर्ग के लोगों की पहुंच के भीतर होना चाहिए। देश में व्यापारियों द्वारा समर्थन मूल्य से अधिक दाम पर गेहूं खरीदी करने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है। कुछ किसान संगठन गेहूं के निर्यात को प्रतिबंधित करने का विरोध कर रहे हैं। सामाजिक सरोकार की दृष्टि से उनका यह विरोध उचित नहीं कहा जा सकता है। गेहूं के निर्यात को ज्यादा प्रोत्साहन देने से हो सकता है जरूरत के वक्त हमें गेहूं महंगे दामों पर विदेशों से आयात करना पड़े । इस स्थिति से बचने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। इसका समर्थन किया जाना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### सौंदर्य के स्थायी चिन्ह

**फ्लोरिडा** के चार्ल्स हेल्केम को हाल ही वर्ल्ड रिकार्ड्स की और सर्वाधिक टैंटू पुरुष वर्ग में एवं उनकी पत्नि शार्लोट गुटेनबर्ग ने भी महिला वर्ग में सर्वाधिक अपने शरीर पर रंग बिरंगे टैंटू बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करा लिया है। युवा वर्ग के अलावा हर उम्र के लोगो में टैंटू बनवाने की दीवानगी देखी जा सकती है। रिकार्ड की बराबरी या रिकार्ड तोड़ने की होड़ के अलावा विदेशो में टेटू यानि गोदना कला सौंदर्य की चकाचोंध को बढ़ावा देने व् अपने को जो अच्छा लगे उन प्रतिक चिन्हों को शरीर पर बनाए जाने का चलन जोरो पर है। विदेशों में ये फैशन का रूप ले चुकी है। यहां भी पुरुष और महिलाएं एवं व्यस्क बच्चे भी गोदना (टैटू) बनवाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में गोदना कला को लोग वर्षो से बनवाते आ रहे है किन्तु वर्तमान में कोविड की गाइड लाइन के पालन से ग्रामीण क्षेत्रो में इस कला का चलन धीरे धीरे कम होता दिखाई दे रहा है। फिल्म 'अशोका' में हीरो-हीरोइन ने भी अपने शरीर पर टैंटू बनाकर सौंदर्य को बढ़ावा दिया था। गोदना कला यानि सौंदर्य के वे चिन्ह जिनसे स्थाई रूप से सजने -सँवरने हेतु रोजाना से निजात मिलती है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र


### नफरत की राजनीति

**ऑल** इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिममीन के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी ने औरंगजेब की कब्र पर फूल चढ़ाकर सुख शांति में जहर घोलने का काम किया है। मुगल शासक औरंगजेब ने सिक्खों के गुरु गुरु तेग बहादुर की हत्या की, बहुत से मंदिरों को तुड़वा कर मस्जिदों का निर्माण करवाया । ऐसे अमानवीय शासक के मकबरे पर जा कर फूल चढ़ाना निंदनीय है । वे ऐसा कर देश में क्या संदेश देना चाहते है? आखिरकार ये नेता अपनी तुच्छ हरकतों से बाज क्यों नहीं आते! क्यों उटपटांग काम कर नफरत फैलाते रहते हैं। हिंदुस्तान के सियासी गलियारों में एक दूसरे पर हमला किया जा रहा है, स्वाभाविक भी है। नफरत का जवाब नफरत से ही दिया जाता है। इन सब में इन नेताओं का कुछ नहीं बिगड़ता है। नुकसान तो आम हिंदुस्तानी का होता है, चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान । अपनी सियासी स्वार्थ पूर्ति में लगे हुए नेता इन बातों से परे हैं, क्योंकि इनकी दुकानदारी व इनका वजूद इसी प्रकार की नफरत पर जो टिका हुआ है।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**सरकार** सार्वजनिक क्षेत्र कंपनियों को बेच कर सरकारी नौकरियों में आरक्षण कमजोर कर रही है।

– **सलमान खुर्शीद**
कांग्रेस नेता



**हमलावरों** को भगाने के लिए यूक्रेनवासी अधिकतम प्रयास कर रहे हैं।

– **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति



**पार्टी** को यह मेरा विदाई उपहार है। गुडबाई और गुडलक कांग्रेस।

– **सुनील जाखड़**
पंजाब के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष

# पीएम मोदी ने भरा योगी सरकार में नया जोश

## सानिध्य पाकर मंत्रियों के खिल उठे चेहरे, पीएम के बताये रास्ते पर गुड गवर्नेंस का दिया भरोसा

● सीएम योगी के सरकारी आवास पर दूसरी बार पीएम मोदी ने किया डिनर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** में योगी सरकार की दोबारा ताजपोशी कराने के बाद पहली बार राजधानी लखनऊ आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सीएम योगी और सरकार के मंत्रियों के साथ सीएम आवास पर रात्रि भोज किया। इससे पहले पीएम मोदी ने सरकार के मंत्रियों का परिचय लिया और उनके साथ फोटों सेंशन में शामिल हुये। इसके अलावा पीएम ने सरकार के सभी मंत्रियों के साथ बैठक करके उन्हे सरकारी कामकाज के कुछ जरूरी टिप्स भी दिये।

यह दूसरा मौका है जब पीएम मोदी ने मुख्यमंत्री आवास पहुंच कर भोजन किया है। इससे पहले पिछली बार जब प्रधानमंत्री मोदी मुख्यमंत्री आवास पहुंचे थे तो राष्ट्रपति चुनाव से पहले का मौका था। योगी के पहले कार्यकाल में 20 जून 2017 को पीएम ने सीएम आवास पर डिनर में हिस्सा लिया था। इसमें विपक्ष के नेताओं, धर्मगुरुओं सहित दूसरे खास मेहमान भी बुलाए गए थे। इसके तुरंत बाद राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद भी 5 कालिदास मार्ग पर पहुंचे थे। कोविंद 25 जून 2017 में जब राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार घोषित हुए थे, तब वहां पर वह भाजपा एवं सहयोगी दलों के सांसदों और विधायकों का समर्थन मांगने योगी के घर पहुंचे थे। उप राष्ट्रपति वेंकेया नायडू भी 24 जनवरी 2018 को अपने लखनऊ आगमन पर मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर गए थे और साथ में दोपहर का भोजन किया था। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेपाल के बाद कुशीनगर से होकर सीधा लखनऊ पहुंचे। एयरपोर्ट पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक ने उनका स्वागत किया। पीएम के स्वगत में एयर पोर्ट से लेकर सीएम आवास तथा राजधानी के अन्य प्रमुख स्थानों को तिरंगे रंग की रोशनी से जगमग किया गया था। उनके स्वगत में जगह-जगह होर्डिग्स लगाये गये थे। पीएम मोदी करीब तीन घंटा मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पर रूके। इस दौरान उन्होने यूपी के ताजा हालात तथा सरकार के कामकाज को लेकर चर्चा की। पीएम का सानिध्य पाकर सीएम योगी और सरकार के मंत्रियों के चेहरों पर खासा उत्साह देखने को मिला। बैठक मे पीएम मोदी ने राज धर्म की बारीकियों से मंत्रियों को अवगत कराया और उन्हे सबका साथ, सुबका विकास के मूल मंत्र के साथ बेहतर सरकार चलाने के टिप्स भी दिये।

## बच्चों को शुरू से दें ट्रैफिक नियमों के पालन का संस्कारः मुख्यमंत्री

● संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर तैयार की जाए सड़क सुरक्षा की कार्ययोजना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सड़क सुरक्षा के लिए शिक्षण संस्थानों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि बच्चों में ट्रैफिक नियमों के पालन का संस्कार शुरू से ही देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के संबंध में बेसिक से लेकर विश्वविद्यालयों तक के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण जरूरी है। अभिभावकों के साथ भी विद्यालयों में बैठक और जागरूकता के लिए प्रभातफेरी निकाली जाए। मुख्यमंत्री योगी ने यह निर्देश सोमवार को अधिकारियों के साथ बैठक में दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के व्यापक महत्व को देखते हुए पुलिस, यातायात, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, परिवहन, नगर विकास, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य संबंधित विभागों के साथ परस्पर समन्वय बनाते हुए जागरूकता अभियान की कार्ययोजना तैयार की जाए। इस कार्य योजना पर 18 मई को प्रदेश के सभी नगर निकायों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ संवाद किया जाएगा। इसके उपरांत सड़क सुरक्षा अभियान का शुभारंभ होगा। उन्होंने कहा कि बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को ट्रैफिक नियमों के पालन के लिए विशेष प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। यातायात नियमों के संबंध में प्रधानाचार्य, प्राचार्य और विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कराया जाए। स्कूली बच्चों द्वारा यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रभातफेरी निकाली जाएं और लोगों को ट्रैफिक नियम की जानकारी दी जाए।

## महापुरुषों से जुड़े स्थल बनेंगे पर्यटन का केंद्र

### योगी सरकार पर्यटन सुविधाओं का करा रही है विकास, पर्यटन से जुड़े कारोबार और रोजगार में होगी वृद्धि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**योगी** सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने का हरसंभव प्रयास कर रही है और उत्तर प्रदेश को पर्यटन का बड़ा केंद्र बनाना चाहती है। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार महापुरुषों से जुड़े स्थलों को पर्यटन के केंद्र में रूप में विकसित करेगी। इससे पर्यटन से जुड़े कारोबार को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर विकसित होंगे।

योगी सरकार उत्तर प्रदेश को पर्यटन के विश्व मानचित्र पर स्थापित करना चाहती है। इसके लिए पर्यटन से जुड़ी सभी संभावनाओं को धरातल पर उतारने का प्रदेश सरकार प्रयत्न कर रही है। चाहे वो धार्मिक पर्यटन हो या ईको टूरिज्म। सरकार की मंशा है कि प्रदेश में अधिक से अधिक पर्यटक आएं और यहां के आर्थिक विकास में योगदान दें। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार महापुरुषों से जुड़े स्थलों को पर्यटन के केंद्र के रूप में



विकसित किया जा रहा है। यहां पर्यटन के लिए आवश्यक सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है। महापुरुषों की मूर्तियां स्थापित की जा रही हैं। साथ ही आसपास आधारभूत सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। पर्यटकों के आकर्षण के लिए पार्क, रोप वे आदि का भी निर्माण किया जा रहा है। योगी सरकार चित्रकूट के लालापुर में महर्षि वाल्मीकि आश्रम में पर्यटन विकास का कार्य करा रही है। पहले फेस में 187.15 लाख का कार्य पूरा हो चुका है। फेस-2 में 184.95 लाख रुपये का कार्य एक वर्ष में पूर्ण हो जाएगा। तीसरे फेस में पीपीपी माडल पर रोप-वे का निर्माण भी प्रस्तावित है। वाराणसी में संत रविदास की जन्मस्थली पर पर्यटन विकास का काम हो रहा है। फेस-1 में 1514.02 लाख से निर्माण कार्य जारी है। दूसरे फेस में संतरविदास संग्रहालय का निर्माण प्रस्तावित है।

प्रयागराज के शृंगेश्वरपुर में निषादराज गुहा से जुड़े स्थल को पर्यटकों के लिए विकसित किया जा रहा है। यहां निर्माण कार्य के साथ भगवान श्रीराम और निषादराज की गले मिलते हुए 51 फीट की कांस्य प्रतिम स्थापित की जाएगी। लखनऊ में महाराजा बिजली पासी किले का पर्यटन विकास कराया जा रहा है। यहां लाइट एंड साउंड शो भी शुरू करने की योजना है। इसके साथ ही बहराइच में महाराजा सुहेलदेव की स्मृति में भव्य स्मारक बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार इन स्थलों का विकास कर पर्यटन से जुड़े कारोबार को भी बढ़ावा देगी। यहां टूर एंड ट्रैवेल, होटल आदि कारोबार में वृद्धि होगी। इसके साथ ही यहां से जुड़े क्षेत्र के विकास को गति भी मिलेगी।

## कोविड पॉजिटिव लोगों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखेंः सीएम

● पिछले 24 घण्टे में प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 138 नए मामले सामने आए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिये है कि प्रदेश में कोविड पॉजिटिव पाए गए लोगों के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में अधिक केस मिल रहे हैं, वहां सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क का अनिवार्य रूप से पालन कराये। मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के सफल क्रियान्वयन से कोविड महामारी पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। उन्होंने प्रदेश में कोविड से बचाव व उपचार की व्यवस्थाओं को पूरी तरह प्रभावी बनाए रखने के रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के टीकाकरण तथा वयस्कों को बूस्टर डोज लगाये जाने के कार्य में तेजी लायी जाए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 138 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 186 व्यक्तियों को सफल उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 1097 है। पिछले 24 घण्टे में प्रदेश में 91 हजार 282 कोरोना टेस्ट किए गए। अब तक राज्य में 11 करोड़ 29 लाख 42 हजार 662 कोविड टेस्ट हो चुके हैं। बैठक में सीएम को बताया गया कि गत दिवस तक 32 करोड़ 6 लाख 53 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 13 करोड़ 34 लाख 61 हजार से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है।

## प्रदेश के टॉप टेन अपराधियों पर कसेगा एसटीएफ का शिकंजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में पिछले काफी समय से आतंक का पर्याय बने टॉप टेन अपराधियों पर एसटीएफ ने नकेल कसने की पूरी तैयारी कर ली है। शासन स्तर से इन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसटीएफ को निर्देशित किया गया है। यह ऐसे अपराधी हैं जिनकी जिनकी पुलिस सरगर्मी पूर्वक तलाश कर रही है और इनकी गिरफ्तारी पर ईनाम भी घोषित है। अब एसटीएफ की टीमों ने इन अपराधियों की तलाश तेज कर दी है।

मुख्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक मेरठ के शातिर अपराधी मोनू गुर्जर पर एसटीएफ की विशेष नजर है। कंकरखेड़ा निवासी मोनू गुर्जर पर डेढ़ लाख रुपए का ईनाम है। इसका संगठित गिरोह है। गिरोह में बीस से अधिक शार्प शूटर हैं। जो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ ही पंजाब, हरियाणा और उत्तरांचल में भी अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। मोनू गुर्जर के खिलाफ वर्तमान में लूट, हत्या, डकैती और अपहरण जैसे संगीन आपराधिक मामलों के 80 मुकदमे दर्ज हैं। वेस्ट यूपी के शातिर माफिया और जेल में निरुद्ध अनिज दुजाना के खास बिल्लू दुजाना पर भी पचास हजार रुपए का ईनाम घोषित है। बिल्लू गिरोह के लिए रंगदारी वसूलने, हत्या करने जैसे संगीन अपराधों को अंजाम देता है। एक बार बिल्लू दिल्ली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण भी कर चुका है। बुलंदशहर का कुख्यात अपराधी बलराज भाटी भी एसटीएफ की रडार पर है। उसके ऊपर पचास हजार रुपए का ईनाम घोषित है। उत्तर प्रदेश के आलवा हरियाणा और दिल्ली में भी बलराज भाटी का आतंक है। इसके गिरोह में 10 के करीब शॉर्प शूटर हैं। बलराज के खिलाफ 22 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पचास हजार का ईनामी और वाराणसी निवासी अजीम अहमद भी पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है। कुछ साल पहले एक मार्बल व्यवसायी की हुई हत्या के मामले में अजीम फरार बताया जा रहा है। लूट, हत्या और फिरौती वसूलने के कई अन्य चर्चित आपराधिक मामलों में भी अजीम अहमद का नाम शामिल रहा है। अजीम का संगठित गिरोह है। वाराणसी के शातिर अपराधी और पचास हजार के ईनामी विश्वास नेपाली की भी पुलिस को लंबे समय से तलाश है। उसके बारे में बताया जाता है कि वह पुलिस के डर से इस समय नेपाल में शरण लिए हुए है। यही वजह है कि अब एसटीएफ को उसके पीछे लगाया गया है। उसके गिरोह में 22 शॉर्प शूटर हैं। उस पर लूट, हत्या, रंगदारी और अपरहण के 30 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं।

## सिर्फ माथा टेकने से काम नहीं चलेगा नीयत साफ रखें सरकारेंः मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि सिर्फ माथा टेकने से काम नहीं चलेगा। सरकारें नीयत साफ रखकर अंतर मिटाएं, यही गौतमबुद्ध को सच्ची श्रद्धांलजि होगी। उन्होंने गौतमबुद्ध को श्रद्धांजलि देने के बाद यह बातें सोमवार को कहीं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सत्य, अहिंसा, भाईचारा व मानवीयता की आदर्श ज्योति को दुनिया भर में फैलाकर भारत को जगदगुरु का सम्मान दिलाने वाले महामानवतावादी तथागत गौतम बुद्ध को उनकी जयन्ती पर नमन। इसके साथ उनके सभी अनुयाइयों को आज बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक बधाई एवं सुख, शान्ति तथा गरीबी व लाचारी-मुक्त जीवन की कामनाएं। भगवान बुद्ध ने दुनिया में सत्य, भाईचारा, अहिंसा व मानवता का संदेश दूर-दूर तक फैलाया। हमने भी प्रदेश में बसपा के शासन में बुद्ध के आदर्शों पर चलकर गांव से लेकर शहर तक का विकास कराया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि केन्द्र के साथ ही राज्य की सरकारों को कथनी व करनी में अंतर मिटाना होगा।

## भाजपा राज में अराजकता को खुली छूट मिली हुई हैः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में अराजकता को खुली छूट मिली हुई है। लूट, अपहरण, बलात्कार की शर्मनाक घटनाओं के साथ गरीबों के घरों पर राक्षसी बुलडोजर कहर ढा रहा है। किसानों को जीप से रौंदा जा रहा है। महिलाओं और मासूम बच्चियों के लिए उत्तर प्रदेश सर्वाधिक असुरक्षित प्रांत हो गया है।

अखिलेश ने कहा कि गृह मंत्रालय ही पदमुक्त अकर्मण्य डीजीपी का चयनकर्ता था। वहीं सबसे ज्यादा अव्यवस्था है। भाजपा सरकार के वसूलीतंत्र ने समूची पुलिस व्यवस्था को कलंकित कर रखा है। कानपुर की चकेरी पुलिस के बाद अर्मापुर पुलिस की कथित वसूली की फिक्स रेट लिस्ट की चर्चा सोशल मीडिया पर वायरल हुई है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में दबिश के नाम पर पुलिस घरों में घुस कर महिलाओं से अभद्रता के मामले में नया इतिहास रच रही है।

प्रयागराज में न्याय और सुरक्षा को ठोकर मार कर पुलिस ने जातीय वैमनस्यता में महिलाओं से मारपीट की। पुलिस थानों में रेप हो रहा है। मासूम बच्चियों तक को दुष्कर्म का शिकार बनाया जा रहा है। बांदा में 5 साल, बुलन्द शहर में 8 साल, सीतापुर में 10 साल और प्रयागराज में 13 साल की बच्ची से रेप की शर्मनाक घटनाएं घटी हैं।

## सरकार के नियंत्रण में नहीं रही प्रदेश की कानून-व्यवस्थाः संजय सिंह

**लखनऊ।** सिद्धार्थनगर के सदर थाना क्षेत्र के कोडरा ग्रांट गांव के टोला इस्लामनगर में शनिवार देर रात संदिग्धों को पकड़ने के दौरान कथित तौर पर गोली लगने से हुई महिला की मौत के मामले पर आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। संजय सिंह ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि बेटी की शादी से पहले मां की हत्या। एक और चंदौली कांड। क्या ये तालिबानी राज है? दबिश में जाने से पहले थाने में पुलिस वालों के नाम लिखे जाते हैं। फिर मुक़दमा अज्ञात पुलिस वालों पर क्यों? संजय सिंह ने कहा कि यूपी में पुलिस द्वारा चंदौली में एक बेटी की हत्या और ललितपुर में बेटी के साथ थाने में दुष्कर्म जैसी घटनाएं झकझोर देने वाली हैं। दोषियों को सजा नहीं मिल रही है। भाजपा के राज में दलितों का अपमान रोज की घटना बन गई है। मेरठ में दलित को घोड़े पर बैठने की इजाजत नहीं, बारात में शामिल महिलाओं को भी पीटा जाता है।

## छह माह का अग्रिम भुगतान करने के बाद ही अब मिलेगी होमगार्ड्स की सेवाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के विभिन्न सरकारी और अर्द्ध सरकारी संस्थानों और विभागों को अब कम से कम छह माह के ड्यूटी भत्ते का अग्रिम भुगतान करने के बाद ही होमगार्ड्स जवानों की सेवाएं मिल सकेंगी। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं।

जारी आदेशों के अनुसार किसी भी बाहरी संस्थान में होमगार्ड्स की ड्यूटी लगाने के लिए उनसे कम से कम छह माह के ड्यूटी भत्ते के अनुमानित अग्रिम राशि जिला कमाण्डेंट द्वारा अग्रिम के रूप में प्राप्त की जाएगी। इसी अग्रिम राशि में से जिला कमाण्डेंट द्वारा उस बाहरी संस्थान में तैनात किए गए होमगार्ड्स के ड्यूटी भत्ते का भुगतान किया जाएगा। यदि किसी बाहरी संस्थान द्वारा अग्रिम धनराशि उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो उसे संबंधित जिला कमाण्डेंट द्वारा होमगार्ड्स की सेवाएं उपलब्ध नहीं कराई जाएंगी। बाहरी संस्थानों में केंद्र सरकार के विभागों, विभिन्न सार्वजनिक उद्यमों, प्राधिकरणों, स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थानों तथा शासकीय एवं अर्द्ध सरकारी संस्थानों को शामिल किया गया है। जानकारों का कहना है कि नई व्यवस्था लागू करने के पीछे मुख्य वजह होमगार्ड्स जवानों को 6 दिसंबर 2016 से 30 सितंबर 2019 के बीच के एरियर भुगतान में हो रही देरी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद शासन ने 23 सितंबर 2019 को होमगार्ड्स स्वयंसेवकों का मानदेय 600 रुपए प्रतिदिन किए जाने और इसमें प्रचलित महंगाई भत्तों को जोड़कर दैनिक ड्यूटी भत्ता दिए जाने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के अनुसार छह दिसंबर 2016 से 30 सितंबर 2019 तक होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के ड्यूटी भत्ते के सापेक्ष एरियर का भी भुगतान किया जाना था। रिकार्ड का सही रखरखाव न होने से बाहरी संस्थानों में ड्यूटी करने वाले होमगार्ड्स के एरियर का अभी तक पूर्ण भुगतान नहीं हो सका है।

## निर्यात के क्षेत्र में यूपी ने लगाई ऊंची छलांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**वैश्विक** महामारी कोरोना के बावजूद निर्यात के लिहाज से बीता साल उत्तर प्रदेश के लिए अच्छा रहा। अप्रैल 2020-2021 से लेकर मार्च 2021-2022 के दौरान यूपी का निर्यात 107423.5 करोड़ से बढ़कर 140123.5 करोड़ हो गया। यह करीब 30 फीसद की वृद्धि है। मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना ओडीओपी की निर्यात में हिस्सेदारी खुद में उल्लेखनीय है। यह इस बात का भी संकेत है कि आने वाले समय में ओडीओपी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन सकता है।

यही नहीं उत्तर प्रदेश ने वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का जो लक्ष्य रखा है उसमें भी ओडीओपी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। ओडीओपी की संभावनाओं के ही मद्देनजर सरकार ने अगले 5 साल में इसके निर्यात और इससे सृजन होने वाले रोजगार का लक्ष्य दोगुना रखा है। मालूम हो कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में ओडीओपी से करीब 25 लाख लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार-स्वरोजगार मिला था।

योगी सरकार 2 का लक्ष्य अगले पांच सालों में निर्यात के साथ साथ रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर को दोगुना करने का है। ओडीओपी के जरिए अगले 5 साल में ओडीओपी उत्पादों का निर्यात एवं रोजगार-स्वरोजगार के अवसरों को दोगुना करने का नियोजित प्रयास जारी है। कुछ जिलों में दूसरे उत्पादों को भी ओडीओपी योजना के तहत चुना गया है। ओडीओपी से जुड़े सभी हितधारकों के मद्देनजर ऐसे सभी जिलों में सीएफसी बनने हैं।

## एक करोड़ की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अन्तर्राज्यीय** स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के दो तस्करों को एसटीएफ ने बस्ती-गोरखपुर राजमार्ग पर स्थित बस्ती टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया। तस्कारों के कब्जे से एक करोड़ रुपए मूल्य की 1.44 किलोग्राम क्रूड (स्मैक) और एक स्विफ्ट डिजायर कार बरामद हुई है।

एसटीएफ को बीते कुछ समय से पूर्वांचल के विभिन्न जिलों के रास्ते नेपाल राष्ट्र व भारत के कई राज्यों में विभिन्न प्रकार के अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थीं। इस संबंध में एसटीएफ मुख्यालय की टीम गठित कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। छानबीन के दौरान सोमवार को सूचना मिली कि अवैध मादक पदार्थ क्रूड (स्मैक) की तस्करी करने वाले गिरोह के तस्कर बाराबंकी जनपद से अवैध मादक पदार्थ क्रूड लेकर गोरखपुर के रास्ते होते हुए बिहार जाने वाले है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटएफ की टीम ने बस्ती टोल प्लाजा पर पहुंचकर मोहम्मद हसीब निवासी टिकरा उसमा, थाना जैदपुर, बाराबंकी और छबीला यादव निवासी पंचभेड़िया, थाना रमगढ़वा, मोतिहारी बिहार को गिरफ्तार किया।

पूछताछ करने पर मोहम्मद हसीब ने बताया कि वह मोहम्मद नदीम निवासी टिकरा उसमा, थाना जैदपुर, बाराबंकी का साथी है। नदीम माल तैयार करके बिहार राज्य के उमेश गुप्ता निवासी ग्राम व थाना रमगढ़वा, मोतिहारी बिहार व असलम खान उर्फ प्रमुख जी निवासी रक्सौल बिहार को बेचता है। मैं नदीम के लिए कैरियर का काम करता हूं। मैं बाराबंकी से माल लेकर गोरखपुर पहुंचाता हूं तथा छबीले यादव उमेश गुप्ता के लिए कैरियर का काम करता है, जो गोरखपुर से माल लेकर बिहार पहुंचाता है।

## यूपी में मौसम के तीखे तेवर ने बढ़ाई बिजली की मांग

● चेयरमैन पावर कारपोरेशन एम देवराज ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा, कहा बिल न जमा करने वाले उपभोक्ताओं को ढूंढ-ढूंढकर कर करें वसूली



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** में मौसम के तेवर ने बिजली की मांग और बढ़ा दी है। अब अगर यह मांग 27 हजार मेगावाट से अधिक पहुंच जाएगी तो बिजली आपूर्ति के सिस्टम पर दबाव पड़ेगा जिससे बार-बार पावर कट की समस्या बढ़ेगी। इतनी बिजली की मांग आने पर पावर कारपोरेशन प्रबंधन के सामने बिजली वितरण की बड़ी चुनौती होगी। राज्य की कुल ट्रांसमिशन क्षमता करीब 27 हजार मेगावाट है। इससे अधिक बिजली सप्लाई का भार संभालने में जगह-जगह बड़े फाल्ट आने का खतरा रहेगा। साथ ही प्रबंधन को कटौती करनी पड़ेगी ताकि ग्रिड पर असर न पड़े और ट्रांसमिशन व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

सोमवार को पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने मध्यांचल विद्युत वितरण कार्यालय पहुंचकर विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की। प्रमुख सचिव ने कहा कि विभिन्न स्तरों पर जो एमओयू हुआ है उसी के आधार पर लक्ष्यों को हासिल करना होगा। इसमें बिजली राजस्व वसूली, लाइन हानियॉ कम करना, बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं को ढूंढ ढूंढकर बिल की धनराशि वसूली जाए। साथ ही सही रीडिंग आधारित बिल सौ फीसदी उपभोक्ता को पहुॅचाया जाए। उन्होंने कहा कि जो अधिकारी इन बिन्दुओं पर अपना लक्ष्य पूरा नही करेंगे उनका उत्तरादायित्व निर्धारित किया जायेगा। अत्यधिक गर्मी पड़ने के कारण विद्युत की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो रही है जिसके कारण कारपोरेशन रिकार्ड विद्युत आपूर्ति कर रहा है। इसके लिये राजस्व चाहिए। आपकी यह जिम्मेदारी है कि जितनी बिजली दे उतना राजस्व वसूलें। वितरण निगमों का कार्य बिजली आपूर्ति करना और बिल वसूलना है। पावर कारपोरेषन अध्यक्ष ने कहा कि जो बिलिंग एजेन्सियां सही रीडिंग युक्त बिल नही भेज पाएंगी उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। कारपोरेशन अध्यक्ष ने उपभोक्ताओं के मोबाइल नम्बर को भी सूचीबद्ध करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने उपभोक्ता के रीडिंग आधारित बिलों का अधिकारियों द्वारा सत्यता जॉच करने के भी निर्देश दिये। इससे गलत या टेबिल आधारित बिल पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि जहॉ स्टोर रीडिंग मिलेगी वहॉ सुपरवाइजर सहित जिम्मेदार मीटर रीडर पर 24 घण्टे के अन्दर प्राथमिकी होगी।

उन्होंने आवश्यकतानुसार बड़े सर्किल में सब डिवीजन बढ़ाने के लिए प्रस्ताव भेजने के लिये कहा। उन्होंने ट्रान्सफार्मरों की क्षतिग्रस्तता को कम करने के लिए भी निर्देश दिये। ट्रान्सगोमती के मुख्य अभियन्ता ने समीक्षा बैठक में बताया कि 6 अप्रैल से बख्शी का तालाब, रहीमनगर, सीतापुर रोड, मुंशीपुलिया, महानगर तथा चिन्हट सहित विभिन्न क्षेत्रों के 21, 11 केवी लाइन हानियों के फीडरों से सम्बन्धित क्षेत्रों में गहन काम्बिंग एवं चोरी रोकने का अभियान चलाया गया। उससे 722 एम्पियर की कमी आयी साथ ही 14 एमवीए लोड कम हो गया। इस तरह प्रति दिन 217000 यूनिट बिजली की खपत कम हो गयी। इसमें लगभग 15 लाख रूपये की प्रतिदिन बचत हुयी। इन फीडरों पर लगातार नजर रखी जा रही है और जहॉ भी लोड बढ़ता हैं वहॉ पुनः चेकिंग प्रारम्भ कर दी जाती है। बिजली की आवाजाही की वजह से कई इलाकों में पेयजल संकट पैदा हो गया है। कुछ इलाकों में घंटों बिजली गुल होने की वजह से नलकूप नहीं चल पा रहे हैं। जिससे पानी की टंकियां नहीं भर पा रही हैं। जलकल के अधिकारी कई जिलों में टैंकर से पानी पहुंचा रहे हैं। लखनऊ में भी कुछ यही हालात हैं। मध्यांचल मुख्यालय में सम्पन्न इस बैठक में उन्होंने मुख्य अभियन्ता, देवीपाटन, बरेली तथा अयोध्या से वीडियों कान्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से एमओयू के विद्युत व्यवस्था सम्बन्धी बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर मध्यांचल के एमडी अनिल ढींगरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

# रीजेन्सी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में 32 छात्रों को मिले टैबलेट



संवाददाता। सीतापुर

**रीजेन्सी टीचर्स** टेंर्ऊनिंग कॉलेज सीतापुर में सोवार को एमएड के छात्र-छात्रायें काफी प्रसन्न मुद्रा में थी। दरअसल कॉलेज के 32 छात्र-छात्राओं को मुफ्त में स्मार्टफोन और टैबलेट जो मिल गया था। लाभार्थियों को फोन व टैबलेट वितरण आरके मेमोरियल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एमएफ जैदी और रीजेन्सी टेर्ऊनिंग कॉलेज के अध्यक्ष एआर जैदी ने संयुक्त रूप से किया। स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित कर छात्र-छात्राओं को बताया गया कि डिजिटल युग में यह डिवाइस उनको तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ाने में कितना मददगार साबित हो सकता है। समारोह में डा. रूचि तिवारी, सुमनलता सिंह, नोडल अधिकारी संदीप कुमार, प्रेमा, नवनी कुमार सक्सेना, सौरभ, ज्ञानेन्द्र, रेखा शुक्ला सहित छात्र-छात्रायें मौजूद रहीं।

## यशोदा कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को 41 टैबलेट वितरित किए गए

**सीतापुर।** यशोदा कन्या महाविद्यालय मिश्रिख में 41 टेबलेट छात्राओं को वितरित किए गए। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक रामकृष्ण भार्गव, एसडीएम मिश्रिख गौरव रंजन श्रीवास्तव ने छात्राओं को टेबलेट प्रदान किए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. नीरज त्रिपाठी, डॉ ज्योति यादव, ममता वैश्य, डॉ. रचना भारती, केयरटेकर प्रमोद वैश्य, मयंक मिश्रा, आशुतोष यादव, आलोक वर्मा, राजू सिंह, छोटे सिंह, भास्कर मिश्रा, कमलाकांत मिश्रा, मनोज पांडे, विवेक सिंह, सुनील कश्यप, शिव शंकर राजवंशी, यीशु शुक्ला, डॉक्टर सागर आदि मौजूद थे।महोली के स्वर्गीय दयाशंकर डिग्री कॉलेज में मुख्य अतिथि विधायक शशांक त्रिवेदी ने 214 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए। विधायक ने कहा देश के छात्र छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं। इस मौके पर महोली एसडीएम पूनम भास्कर, सीओ अमन सिंह, संरक्षक एडवोकेट शेर सिंह, गन्ना सोसायटी चेयरमैन धीरेंद्र चौहान, राघवेंद्र रस्तोगी, संजय वर्मा, महोली ब्लाक प्रमुख जगदीश पासी, प्राचार्य डॉक्टर अखिलेश पांडे, डॉ अनुराग अवस्थी, डॉ. नीलम पांडे, रेनू शुक्ला, डॉ रवि अवस्थी, पूजा कुमारी ,नीलम मौर्य, प्रतिज्ञा मिश्रा आदि मौजूद थी।अजीम मेमोरियल नेशनल पीजी कालेज बेनीपुर बिसवां में टेबलेट, स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 100 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन और टेबलेट वितिरत किए गए। मुख्यातिथि क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने कहा कि सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ सबसे ज्यादा अल्प संख्यक समाज को मिला है। क्योंकि भाजपा में भेदभाव नही है। इस सरकार में सभी को एक समान नजरिये से देखा जाता है। समाजसेवी मौलाना अनवार हुसैन कादरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, नय्यर शकेब, संस्थापक हाजी कलीम खान, प्रबंधक फहीम खान, प्रधानाचार्य सुभाष वर्मा, आरएल यादव, एमआर वर्मा, विशाल श्रीवास्तव, आसिफ खान, निशा वर्मा, आर विश्वकर्मा, रंजना वर्मा आदि मौजूद थीं।शहर के नवीन चौक स्थित ग्रीन फील्ड डिग्री कालेज में स्मार्टफोन, टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन डीसीडीएफ सत्य प्रकाश मिश्र ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। सत्य प्रकाश मिश्र, डॉ. मोइन खान, प्रोफेसर अंशुल अग्रवाल, आशीष स्वरूप एवं पुनीत गुप्ता ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही लाभप्रद योजनाओं के बारे में बताया। संचालन अशोक अविरल, अध्यक्षता अरविन्द कुमार मिश्र ने की। कालेज के प्रशासक सुधीर अवस्थी ने सभी अतिथियों का सम्मान बैज अंलकरण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर किया। इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता अजीत कुमार, शफीक अंसारी, कल्पना बाजपेई, उमा मिश्रा, सूरज, महेन्द्र पाल, अमर सिंह, विकास गुप्ता आदि मौजूद थे।

# युवक की हत्या कर शव फेंका, सनसनी

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** बिसवां कोतवाली इलाके में युवक की हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई। सोमवार की सुबह युवक का शव उसके घर से तकरीबन डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर दुकानों के पीछे से संदिग्ध हालातों में बरामद किया गया। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। परिजन भूमि विवाद में हत्या की वारदात को अंजाम देने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बिसवां कोतवाली व नगर के मोहल्ला सेठगंज निवासी 27 वर्षीय स्पर्श शुक्ला पुत्र संजीव शुक्ला रविवार की रात लगभग नौ बजे घर से कपड़े प्रेस कराने निकला था। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों से उसके मोबाइल पर संपर्क किया तो जल्द आने की बात कही। परिजनों के मुताबिक कुछ देर बाद दोबारा संपर्क करने पर किसी ने कॉल रिसीव नहीं किया। देर रात तक जब स्पर्श वापस नहीं लौटा तो घरवालों को चिंता हुई और उन्होंने तलाश शुरू की। इसी बीच सुबह घर से लगभग डेढ़ सौ मीटर दूर बहोरी रस्तोगी की दुकानों के पीछे एक प्लाट में उसका शव पड़ा मिला। मृतक के गले, हाथों और कलाई में चोट के निशान हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए तीन लोगों के नामजद तहरीर दी है। परिजनों के मुताबिक मृतक के चाचा की हत्या भी कुछ साल पहले कर दी गई थी। इस वारदात के तार भी मृतक के परिजन पहले वाली घटना से जोड़ रहे हैं। उधर, बिसवां पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह, प्रभारी निरीक्षक लहरपुर राजीव कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज शशांक पांडेय भारी पुलिस बल व एसओजी टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। वारदात के जल्द खुलासे को लेकर तीन टीमें लगाई गई हैं।

# यौन शोषण पीड़िता पर पुलिस बना रही सुलह का दबाव

- दो साल तक शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा आरोपी
- पुलिस से इंसाफ मांगने पर पीड़िता को मिला झूठ और फरेब का झुनझुना
- खैराबाद पुलिस एक सप्ताह से पीड़िता को कर रही है परेशान
- थाने व चौकी पर दिन भर बिठाए रखी

संवाददाता। सीतापुर

**दो साल तक** लगातार शादी का झांसा देकर करीबी रिश्तेदार यौन शोषण करता रहा। फिर शादी से इंकार कर दिया। लाख मिन्नतों का भी उस पर कोई असर नहीं हुआ। थक हार कर जब इंसाफकी आस में पुलिस से गुहार लगाई तो यहां भी उसे हर स्तर से झूठ और फरेब ही मिला। यह कहते कहते पीड़िता का गला रूंधने के साथ आंखें डबडबा जाती है। आपबीती सुनाते हुए पीड़िता ने बताया कि आईजीआरएस के अलावा पुलिस अधीक्षक सीतापुर और खैराबाद पुलिस को उसने प्रार्थना पत्र दिया। पिछले एक सप्ताह से खैराबाद पुलिस उसे पूरे-पूरे दिन थाना और कस्बा चौकी पर बिठाए रहती है, सुलह का दबाव बना रही है। यह हाल तब है जब योगी सरकार और पुलिस के आला अफसर महिला उत्पीड़न के मामलों की रोकथाम के लिए मिशन शक्ति अभियान चला रहे हैं। महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए हैं। हाल में ही सीतापुर पहुंची आईजी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह भी महिला उत्पीड़न के मामलों को लेकर ही मातहतों को खास तौर पर निर्देशित करके गई हैं। इसके बावजूद खैराबाद पुलिस इस संवेदनशील मामले पर लगातार पर्दा डालने में जुटी हुई है। कार्रवाई आखिर क्यों नहीं की जा रही पीड़िता की समझ से परे है। खैराबाद में रहने वाली पीड़िता के मुताबिक लहरपुर के चौपड़ी टोला निवासी मोहम्मद कासिम ने न सिर्फ उसकी भावनाओं से खिलवाड़ किया बल्कि मानसिक और शारीरिक शोषण दो साल तक करता रहा। चूंकि आरोपी उसका करीबी रिश्तेदार है लिहाजा, वह शादी के झांसे में आ गई और भरोसा कर लिया। लंबे अरसे तक जब आरोपी शादी के नाम पर टाल मटोल करता रहा तो उसे टो टूक बात करने ठानी। इस पर आरोपी ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। शिकायत करने पर खैराबाद पुलिस उसे इंसाफदिलाने के बजाय परेशान करने पर आमादा है।

आईजीआरएस और पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देने का भी कोई नतीजा नहीं निकला। खैराबाद पुलिस हर रोज थाने पर बुलाकर दिन भर बिठाए रखती है और सुलह करने का दबाव बनाती है। खैराबाद पुलिस पर पीड़िता ने उसके नाम से फर्जी सादे कागज पर किसी से यह भी लिखवा लेने का आरोप लगाया है कि वह पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट है। पीड़िता का कहना है कि उसे इस कागज के बारे में कोई जानकारी ही नहीं है और उस पर उसके दस्तखत भी नहीं हैं।

## क्विक न्यूज

### वाटर कूलर का लोकार्पण

**सीतापुर।** समाजसेविका सुनीता अग्रवाल ने हिन्दू कन्या महाविद्यालय में वाटर कूलर का फीता काट कर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि अब एचकेएम की छात्राएं व शिक्षिकाएं वाटर कूलर का ठंडा पानी पिऐंगी। मोतीलाल महावर द्वारा स्थापित राम कृपा सेवा संस्थान द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर के दौरान संस्था अध्यक्ष अनिल महावर ने कहा कि राम कृपा सेवा संस्थान अब तक शहर में सत्रह वाटर कूलर लगवा चुका है। इस मौके पर कोषाध्यक्ष राजाराम जिंदल, पंडित जय शंकर शर्मा, प्रमोद गुप्ता, राजाराम जिंदल, महामंत्री कमल महावर, संतोश गुप्ता, कमलेश बाजपेयी, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक, एचकेएम की प्रधानाचार्या डॉ. पुष्पा गुप्ता, मुन्ना लाल गुप्ता, छोटे लाल यादव, संजय अग्रवाल, लोकेश महावर आदि मौजूद थे।

### पीड़ित के आवास पर मुलाकात करने पहुंचे बजरंग मुनि

**सीतापुर।** महमूदाबाद में बीती शनिवार रात हिंदूवादी नेता स्व. कमलेश तिवारी के बड़े बेटे और भाई पर हुए हमले के बाद सोमवार की दोपहर बजरंग मुनि पीड़ित के आवास पर मुलाकात करने पहुंचे। बजरंग मुनि इससे पहले विवादित बयान के जरिए चर्चा में आए थे। जिसको लेकर सतर्क पुलिस प्रशासन ने अपना तंत्र सक्रिय कर रखा था। दोपहर करीब एक बजे बजरंग मुनि अपने समर्थकों संग सत्यम तिवारी और उनके चाचा से भेंट करने रामजानकी मंदिर स्थित आवास पहुंचे। जहां उन्होंने सत्यम तिवारी और उनके चाचा सोनू का हाल जाना। मामले में फोन के माध्यम से कप्तान और डीएम से बात कर सत्यम तिवारी को शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की बात कही। बजरंग मुनि ने स्व. कमलेश तिवारी के पूरे परिवार को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मिलवाकर समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन देते हुए पूर्व में किए गए वादों को पूरा कारवाने का भी भरोसा दिलाया।

### गोष्ठी का आयोजन

**सीतापुर।** ब्लॉक कसमंडा की ग्राम पंचायत महोली में स्थित नंदिनी गौ आश्रय स्थल में नव निर्मित भूसा घर के उद्घाटन पर गौ पूजन व स्थानीय लोगों को गौ आश्रय स्थल से जोड़ने के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान गौवंश के लिए केले का भंडारा भी कराया गया। गोष्ठी में पशु चिकित्सक ज्ञानेन्द्र वर्मा ने कहा कि नंदिनी गौ आश्रय स्थल क्षेत्र की ही नहीं जनपद सीतापुर की सबसे अच्छी गोशालाओं में से एक है। संसाधन सीमित हैं क्षेत्रीय लोग अगर जागरूक हो जाएं और थोड़ा-थोड़ा सहयोग करें तो गौ आश्रय स्थल को और बेहतर बनाया जा सकता है। इस आवाहन पर कई लोगों ने पंखे व एलईडी बल्ब गो आश्रय स्थल के लिए दान किए। इस मौके पर प्रधान धर्मेन्द्र सिंह, अमर शर्मा, अनूप शर्मा, विनोद कश्यप, अरुण कुमार मिश्र आदि मौजूद थे।

### वैशाख पूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धालुओं का हुजूम

**सीतापुर।** नैमिषारण्यधाम में पावन वैशाख पूर्णिमा के पुनीत अवसर पर तीर्थभूमि स्थित आदि गंगा गोमती के राजघाट, देवदेवेश्वर घाट, रुद्रावर्त धाम के साथ ही पौराणिक चक्रतीर्थ में प्रातः काल 4 बजे से ही स्नान पूजन हेतु विभिन्न प्रदेशों से बड़ी संख्या में आये श्रद्धालुओं का पावन दौर चलता रहा। श्रद्धालुओं ने गोमती नदी व चक्रतीर्थ में स्नान पूजन के बाद परम्परा के अनुसार गाय और तुलसी का विधिविधान सहित पूजन किया और श्रीसत्य नारायण भगवान की कथा सुनी। इसके बाद भक्तों ने माँ ललिता के पावन श्री चरणों में शीश नवाने के साथ व्यास गद्दी, हनुमान गढ़ी, कालीपीठ, सूत गद्दी, शौनक गद्दी, देवदेवेश्वर धाम, भूतेश्वर नाथ आदि देव स्थानों में दर्शन पूजन किया। यह पावन क्रम देर शाम तक निरंतर गतिमान रहा।

### कुएं में पानी भरकर 4 दिन बाद निकाला गया सांड

**सीतापुर।** मछरेहटा थानाक्षेत्र के फतेपुर के मजरा धनसीनगर में 4 दिन पहले एक चालीस फुट गहरे कुएं में एक सांड गिर गया था। जब कुछ ग्रामीण कुएं की तरफसे गुजरे तो देखा एक भारी भरकम सांड कुएं में गिरा हुआ चिल्ला रहा है। ग्रामीणों ने कुएं से सांड को निकालने का भरसक प्रयास किया लेकिन असफल रहे। फिर पुलिस को सूचना दी। उपनिरीक्षक महेश कुमार गंगवार, कांस्टेबल सलमान व शाने आलम, तेजवीर यादव के साथ पहुंचे। कुएं में पानी भरवाना शुरू कर दिया। थोड़ी ही देर में कुआं पानी से भर गया और आसानी से सांड ऊपर आ गया। फिर कांस्टेबल सलमान व शाने आलम ने उसे बाहर निकाला। पुलिस की इस सूझ बूझ की सभी ग्रामीण सराहना कर रहे हैं।

# ढाई साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास

- अधेड़ को पुलिस ने दबोचा
- बच्चों के साथ खेलने गई थी बच्ची
- मेडिकल में भी हुई हवश के प्रयास की पुष्टि




संवाददाता। सिंगाही-खीरी

**सिंगाही थाना** क्षेत्र के कस्बे में ढाई साल की बच्ची के साथ अधेड़ द्वारा दुराचार के प्रयास करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार घटना शनिवार के दिन की है जिसकी तहरीर पुलिस को रात के समय मिली। जानकारी के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर और सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

सिंगाही कस्बे के एक मोहल्ले की रहने वाली ढाई साल की बच्ची शनिवार दोपहर करीब एक बजे अपने साथियों के आरोपी फिदाली के घर रोजाना की तरह खेलने गई थी। बताया जाता है कि घर से जाने के थोड़ी देर बाद जब बच्ची वापस लौटी तो रोती बिलखती आई।

बच्ची की मां ने जब पूछा तो कुछ बता नहीं पाई। इसी ऊहापोह दोपहर से शाम हो गई बच्ची का रोना लगातार जारी रहा तो इस पर बच्ची मां को अनहोनी की आशंका हो गई। इसके बाद उसने बच्ची के शरीर की जांच की जिसमें बच्ची के गुप्तांग पर नाखून के निशान मिले। जिस समय बच्ची उसके घर खेलने गई थी उस समय आरोपी घर पर ही था और लकड़ी चीर रहा था इस बात आशंका के बाद बच्ची मां पुलिस को दुराचार के प्रयास की तहरीर पुलिस को देने थाने पहुंची तो पुलिस के हाथ पांव फूल गए।

पुलिस तहरीर लेकर आनन-फानन में आरोपी के दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज आरोपी को जेल भेज दिया है।

# हटवाया खलिहान में किया गया अतिक्रमण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**खीरी में इन** दिनों डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा। डीएम के निर्देश पर एसडीएम भी फुल एक्शन में दिखाई दे रहे।

एसडीएम सदर राजेश कुमार को मोबाइल पर नाम का खुलाशा न करने की शर्त पर बताया कि सदर तहसील के ग्राम पहाड़ापुर की गाटा संख्या 693 रकबा 0.252 हेक्टेयर भूमि पर ग्राम पहाड़ापुर निवासी शमीम पुत्र अलीशेर व इस्लामुद्दीन पुत्र मकसूद ने प्लिंथबीम डाल कर अवैध कब्जा कर लियाए वहां मकान का निर्माण कुछ दिन में करा सकते है।

एसडीएम ने प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेकर क्षेत्रीय लेखपाल राजेश शुक्ला से जांच कराई। जांच में तथ्य सही मिलने पर एसडीएम सदर राजेश कुमार ने अपनी मौजूदगी में बुलडोजर से उस अवैध कब्जे को ढहा दिया गया। उक्त भूमि की कीमत लगभग 30 लाख थी। इसके अलावा इसी भूमि पर खड़ी एक



अन्य बाउंड्री वॉल को भी ढहाया गया। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि डीएम के निर्देश पर पूरे जिले में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा। जहां भी सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा एवं अतिक्रमण किया हो तो इसकी सूचना दें तत्काल अतिक्रमण हटवा कर जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा वहीं सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा।

# पत्रकार गोष्ठी का आयोजन



**लखीमपुर-खीरी।** ब्रह्माजी के मानस पुत्र और भगवान श्री हरि के अनन्य भक्त महर्षि नारद जी को संपूर्ण ब्रह्मांड का प्रथम पत्रकार कहा जाता है। नारद शब्द का भी विशिष्ट अर्थ है नार का मतलब जल दा का मतलब दान अर्थात नारद जी सभी को जल दान ज्ञान दान देते हैं। इसीलिए उनका नाम नारद पड़ा महर्षि नारद को तीनों लोकों में सूचनाएं देने के लिए जाना जाता है। वह न सिर्फ देवताओं को अपितु दैत्यों को भी सूचनाएं प्रदान करते थे। नारद जी को अमरत्व प्राप्त है। हाथों में वीणा लिए नारायण नारायण कहते हुए वह कहीं भी प्रकट हो जाते हैं। नारद जयंती पर वीणा का दान सर्वोत्तम दान माना जाता है। हर वर्ष की भांति लखीमपुर में इस बार भी नारद जयंती पर समस्त पत्रकारों की एक गोष्ठी 16 मई समय को जिला पंचायत हाल लखीमपुर में आयोजित की गई है जिसमें समस्त पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा तथा वरिष्ठ पत्रकारों का मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा।

## पेज एक का शेष

### भारत-नेपाल के संबंध...

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा कि हमारे सांस्कृतिक संबंधों को आगे ले जाते हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने भारत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्कृति और विरासत केंद्र का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस केंद्र का निर्माण अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) की पहल पर हो रहा है। यह बौद्ध केंद्र अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और यह नेपाल में पहला शून्य कार्बन उत्सर्जन भवन होगा। इस केंद्र में प्रार्थना कक्ष, ध्यान केंद्र, पुस्तकालय, प्रदर्शनी हॉल, कैफेटेरिया, कार्यालय और अन्य सुविधाएं भी होंगी। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, इस केंद्र का निर्माण भारत स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) कर रहा है। इसके लिए आईबीसी को लुम्बिनी विकास ट्रस्ट द्वारा एक भूखंड आवंटित किया गया है। इस संदर्भ में आईबीसी और लुम्बिनी विकास ट्रस्ट के बीच मार्च 2022 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए थे। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री द्वारा इस केंद्र का शिलान्यास करने का बहुत महत्व है क्योंकि विश्व में बौद्ध धर्म का एक बड़ा केंद्र होने के बावजूद भारत का लुम्बिनी में कोई केंद्र या उसकी कोई परियोजना नहीं थी। नेपाल सरकार के 1978 के लुम्बिनी मास्टर प्लान के तहत लुम्बिनी बौद्ध क्षेत्र को बौद्ध मठों और परियोजनाओं के केंद्र के रूप में अस्तित्व में आया। पिछले तीन दशकों से कई देशों को इस क्षेत्र में भूखंड आवंटित किए गए लेकिन भारत रह गया था। मूल मास्टर पलन के तहत सिर्फ दो ही भूखंड बच गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने नेपाल की सरकार के साथ इस मद्दे को जोरशोर से उठाया। लगातार लगे रहने के बाद नवंबर 2021 में सकारात्मक परिणाम सामने आए जब लुम्बिनी विकास ट्रस्ट ने आईबीसी को (80 मीटर गुणा 80 मीटर) का भूखंड आवंटित किया। इसके बाद आईबीसी और लुम्बिनी विकास ट्रस्ट के बीच 2022 में एक समझौता हुआ और फिर आईबीसी को यह भूमि पट्टे पर सौंपने की औपचारिकता पूरी हुई। कुल मिलाकर यह केंद्र भारत के बौद्ध विरासत और प्रौद्योगिकीय प्रगति का उत्कृष्ट नमूना होगा।

### ज्ञानवापी मस्जिद में...

जहां शिवलिंग मिलने का दावा किया गया है, उस स्थान पर लोगों का प्रवेश वर्जित कर दें और मस्जिद में केवल 20 लोगों को नमाज अदा करने की इजाजत दें। इससे पहले, वाराणसी के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने संवाददताओं से कहा था, सोमवार को दो घंटे 15 मिनट से अधिक समय तक सर्वे करने के बाद अदालत द्वारा गठित आयोग (कोर्ट कमीशन) ने सुबह करीब 10.15 बजे अपना काम समाप्त कर दिया। सर्वे कार्य से सभी पक्ष संतुष्ट थे। उल्लेखनीय है कि ज्ञानवापी मस्जिद प्रतिष्ठित काशी विश्वनाथ मंदिर के करीब स्थित है। स्थानीय अदालत महिलाओं के एक समूह द्वारा इसकी बाहरी दीवारों पर मूर्तियों के सामने दैनिक प्रार्थना की अनुमति की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया कि सर्वे दल को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में नंदी की प्रतिमा के सामने वजू खाने (मस्जिद के अंदर वह जगह, जहां लोग नमाज पढ़ने से पहले हाथ, पैर और मुंह धोते हैं) के पास शिवलिंग मिला है। यादव ने यह भी कहा कि उन्होंने और वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने शिवलिंग को सुरक्षित स्थिति में रखने के लिए सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार की अदालत में एक अर्जी दाखिल की। वादी पक्ष के पैरोकार सोहनलाल आर्य ने भी दावा किया कि सर्वे के दौरान बाबा मिल गए हैं। उन्होंने कहा कि गुंबद, दीवार और फर्श के सर्वे के दौरान कई साक्ष्य दबे हुए से दिखे। जिलाधिकारी शर्मा ने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर के द्वार संख्या 4 को अदालत द्वारा गठित आयोग (कोर्ट कमीशन) के काम के दौरान भक्तों के लिए बंद कर दिया गया था, क्योंकि उस गेट का इस्तेमाल कोर्ट कमीशन के सदस्यों की आवाजाही के लिए किया जाता था। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का आना दिन में भी जारी रहा और उन्हें दर्शन-पूजन से नहीं रोका गया। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या सर्वे कार्य के दौरान कोई नारेबाजी हुई, शर्मा ने कहा, सिर्फ उद्घोष सुनाई दिया, जो आमतौर पर काशी विश्वनाथ मंदिर में किया जाता है। किसी भी प्रकार के असामान्य नारे नहीं लगाए गए। हिंदू पक्ष के एक प्रतिनिधि पैरोकार के बाबा के मिलने संबंधी दावे पर जिलाधिकारी ने कहा, अधिवक्ता आयुक्त ने सभी पक्षों को निर्देश दिया है कि 17 मई को अदालत में रिपोर्ट पेश किए जाने तक किसी को भी इस बात को लेकर कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं करनी चाहिए कि मस्जिद परिसर में क्या-क्या मिला है। हालांकि, अगर कोई खुद ऐसे दावे कर रहा है तो इसकी प्रामाणिकता साबित नहीं की जा सकती। शर्मा ने स्पष्ट किया, केवल अदालत ही इस जानकारी की संरक्षक है। अगर किसी और ने आपको कोई जानकारी दी है तो कोर्ट कमीशन का इससे कोई लेना-देना नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या सर्वे में शामिल किसी सदस्य को आयोग की कार्यवाही से वंचित रखा गया था, शर्मा ने कहा, कल हमें सूचना मिली थी कि एक सदस्य को आयोग की गतिविधियों से 15-20 मिनट के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था, लेकिन बाद में उसे कार्यवाही का हिस्सा बनने की अनुमति दे दी गई थी। दरअसल, इस सदस्य ने अदालत के निर्देशों के खिलाफ गोपनीय जानकारी साझा की थी।

वहीं, वाराणसी के पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने कहा, एक तरफ सुरक्षा बलों की तैनाती थी, दूसरी तरफ पुलिस द्वारा विश्वास बहाली के उपाय शुरू किए गए थे। नतीजतन, तीन दिनों का काम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। उन्होंने दावा किया कि सर्वे कार्य एक आदर्श माहौल में संपन्न हुआ और इस दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित नहीं हुई। गणेश ने कहा, हम काशी के लोगों का आभार जताते हैं, जिन्होंने पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा लागू की गई व्यवस्था का पालन किया। उन्होंने कहा, मीडिया के मित्रों ने तथ्यात्मक रिपोर्टिंग की। मैं उनसे केवल आधिकारिक बयानों पर ध्यान देने का अनुरोध करूंगा, न कि किसी अन्य बयान पर। रविवार को जिलाधिकारी शर्मा ने कहा था कि सोमवार का सर्वे कार्य सुबह आठ बजे से शुरू होगा और इस दौरान सभी पक्षों को मस्जिद परिसर में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है।

### बूस्टर डोज की तुलना...

वीसलर ने समाचार एजेंसी को बताया कि हम उस बिंदु पर हैं जहां हम लोगों को प्रतिरोधक को बढ़ावा देने के लिए एक अलग टीका देने पर विचार कर सकते हैं। शोधकर्ताओं ने इन रोगियों के नाक के बलगम में एंटीबॉडी की भी पहचान की है जो शरीर में प्रवेश करते ही जल्द से जल्द वायरस को बेअसर करने में मदद करती है। इस बीच, अध्ययन में यह भी पाया गया कि बिना टीकाकरण वाले लोगों में प्रतिक्रिया नहीं थी, जिनको ओमीक्रोन वायरस से पहली बार संक्रमित हुए थे। उन्होंने चेतावनी दी थी कि यदि इससे अलग कोई नया वैरिएंट आता है तो व उनके लिए खतरनाक हो सकता है।

### भारत के निर्यात प्रतिबंध...

वैश्विक स्थिति को देखते हुए अधिकांश देशों ने गेहूं निर्यात पर अपने.अपने तरीके से प्रतिबंध लगाए हैं। पिछले कुछ दिनों में आटे के मूल्य में 35 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि को देखते हुए समिति के कान खड़े हो गए थे। गेहूं की पैदावार में अनुमानित कमी और निर्यात में वृद्धि को देखते हुए जिंस बाजार में गेहूं और उससे बने उत्पादों के मूल्य में तेजी का रुख होने लगा था। इस पर काबू पाना जरूरी था। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय गेहूं के स्टाकिस्टों और सटोरियों के सक्रिय होने की आशंका भी बढ़ गई थी। कम उत्पादन और तेजी से बढ़ते वैश्विक दामों की वजह से भारत अपनी 140 करोड़ जनसंख्या की खाद्य सुरक्षा के लिए चिंतित है। खाद्य सचिव सुधांशु पांडेय ने देश में खाद्यान्न की पर्याप्त उपलब्धता का दावा करते हुए बताया था कि सरकारी स्टाक में आज की तारीख में 6.5 करोड़ टन खाद्यान्न का स्टाक है। गेहूं की उपलब्धता बनाए रखने के लिए राशन प्रणाली में गेहूं और चावल के अनुपात में मामूली बदलाव कर संतुलित किया गया है। जबकि कृषि सचिव मनोज आहूजा ने गेहूं की पैदावार में आई गिरावट का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि फरवरी में आए एडवांस एस्टीमेट में गेहूं का कुल उत्पादन 11.12 करोड़ टन होने का अनुमान था। हालांकि दूसरे एस्टीमेट में यह घटकर 10.5 करोड़ टन हो गया है।

### अफगानिस्तान की स्थिति...

रोधी ढांचे की सोमवार को नई दिल्ली में महत्वपूर्ण बैठक के आयोजन के लिये भारत को धन्यवाद देता हूं। पिछले नौ महीने में अफगानिस्तान में सुरक्षा एवं मानवीय सहायता की स्थिति खराब हुई है। उन्होंने कहा कि गंभीर क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग विशेष तौर पड़ोसी देशों से सहयोग अफगानिस्तान एवं क्षेत्र में शांति एवं विकास के लिये एक मात्र रास्ता है। गौरतलब है कि भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान नीत शासन को अभी मान्यता नहीं दी है और वह काबुल में सच्चे अर्थो में एक समावेशी सरकार के गठन की हिमायत करता रहा है, भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि अफगानिस्तान की

# हम लोगों को जोड़ते हैं, भाजपा बांटती है: राहुल गांधी

**भाषा।** जयपुर

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी जहां लोगों को जोड़ती है, वहीं भाजपा उन्हें बांटने का काम करती है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा दो हिंदुस्तान बनाना चाहती है जबकि कांग्रेस एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जिसमें हर व्यक्ति को अपना सपना पूरा करने का मौका मिले। राहुल गांधी सोमवार को बांसवाड़ा के ग्राम कराना (बिछावाड़ा) में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है, जो कहती है कि सबको जोड़कर चलना है, सबकी इज्जत करनी है, सबका इतिहास, सबकी संस्कृति की रक्षा करनी है। यह कांग्रेस पार्टी कहती है। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है, जो लोगों को बांटने का काम करती है, उन्हें कुचलने- दबाने का काम करती है, जो आदिवासियों के इतिहास तथा संस्कृति को दबाने व मिटाने का काम करती है। उन्होंने कहा, यह लड़ाई आज हिंदुस्तान में चल रही है। हम जोड़ने का काम करते हैं, वे बांटने का काम करते हैं। हम कमजोर लोगों की मदद करते हैं, वे बड़े चुनिंदा उद्योगपतियों की मदद करते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि पूर्ववर्ती संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया था, लेकिन भाजपा की मौजूदा केंद्र सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी की, गलत जीएसटी लागू की... इससे हमारी अर्थव्यवस्था नष्ट हो गई। राहुल गांधी ने कहा, हिंदुस्तान में आज हर युवा जानता है कि देश में उसे रोजगार नहीं मिल सकता। महंगाई बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा, भाजपा दो हिंदुस्तान बनाना चाहती है। एक अमीरों का,दो तीन बड़े उद्योगपतियों का ... दूसरा गरीब जनता का,



आदिवासियों का, दलितों का, पिछड़ों का, कमजोरों का। हम दो हिंदुस्तान नहीं चाहते, हम एक ही हिंदुस्तान चाहते हैं। एक ऐसा हिंदुस्तान, जिसमें हर व्यक्ति को अपना सपना पूरा करने का मौका मिलना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और आदिवासियों का बहुत पुराना तथा गहरा रिश्ता है। राहुल गांधी ने कहा, हम आपके इतिहास की रक्षा करते हैं, हम आपके इतिहास को मिटाना या दबाना नहीं चाहते हैं। केंद्र में जब हमारी, संप्रग की सरकार थी तब हम आदिवासियों के जंगल, जल, जमीन की रक्षा के लिए ऐतिहासिक कानून ले कर आए थे। राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीबों व आदिवासियों के लिए काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि स्वास्थ्य के मामले में राजस्थान सबसे आगे है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, बाकी राज्यों में जहां भी भाजपा की सरकारें हैं, वहां चुनिंदा उद्योगपतियों के लिए काम होता है। शिक्षा का, स्वास्थ्य का काम नहीं होता, युवाओं को रोजगार नहीं मिलता। यह लड़ाई है और यह लड़ाई कांग्रेस पार्टी जीतेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियां, सिद्धांत व कार्यक्रम देशहित में हैं और पार्टी चाहती है कि संविधान के आधार पर देश चले। गहलोत ने कहा कि देश के हालात चिंताजनक है और यह तभी आगे बढ़ेगा जब यहां शांति और सद्भाव होगा। उन्होंने कहा कि 70 साल में कांग्रेस ने देश को एक रखने का काम किया। महात्मा गांधी को उद्धत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, हमें गर्व है कि हम हिंदू हैं, लेकिन दूसरे धर्मों का भी सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। हमारी नीतियां और कार्यक्रम राष्ट्र हित में हैं। रैली का आयोजन आदिवासियों के तीर्थ स्थल बेणेश्वर धाम के पास किया गया। बेणेश्वर धाम तीन नदियों – सोम, माही और जाखम के संगम पर और बांसवाड़ा–डूंगरपुर सीमा पर स्थित है। रैली में आदिवासियों को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें बताया गया था कि धाम में आदिवासियों का मेला आयोजित किया जाता है, जिसे आदिवासियों का महाकुंभ माना जाता है। उन्होंने कहा कि वह मेले में शामिल होने और आदिवासियों के महाकुंभ को देखने भी आएंगे। कार्यक्रम को पार्टी के राजस्थान मामलों के प्रभारी अजय माकन, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी संबोधित किया।

## कांग्रेस को कमजोर करने संबंधी राकांपा के कदमों से आलाकमान को सूचित किया: नाना पटोले

**नागपुर।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने सोमवार को कहा कि उन्होंने शरद पवार नीत राकांपा द्वारा राज्य में कांग्रेस पार्टी को कथित तौर पर कमजोर करने संबंधी हालिया राजनीतिक कदमों के बारे में पार्टी आलाकमान को सूचित किया है। गौरतलब है कि नवंबर 2019 में महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार बनाने के लिए कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने शिवसेना से हाथ मिलाया था। शिवसेना ने भाजपा के साथ गठबंधन तोड़कर कांग्रेस, राकांपा के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। नागपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं के सवाल पर पटोले ने कहा कि ऐसा जान पड़ता है कि पिछले ढाई वर्षों से राकांपा महाराष्ट्र में कांग्रेस को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि यहां तक कि जिला परिषद और अन्य नगर निकायों के कांग्रेस जनप्रतिनिधियों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त कोष नहीं मिल पा रहा। पटोले ने कहा कि भिवंडी–निजामपुर नगर निगम के 19 कांग्रेसी पार्षद राकांपा में शामिल हो गए। उन्होंने दावा किया कि इस महीने की शुरुआत में राकांपा ने गोंदिया जिला परिषद का अध्यक्ष चुनने के लिए प्रतिद्वंद्वी भाजपा से हाथ मिला लिया। पटोले ने कहा कि उदयपुर में आयोजित पार्टी के चिंतन शिविर में इन सभी चीजों के बारे में कांग्रेस आलाकमान को सूचित किया गया। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर चिंतन शिविर में कोई चर्चा हुई? पटोले ने कहा कि पार्टी के आंतरिक चुनाव शुरू हो गए हैं।

## भोपाल के एक स्कूल में धर्म परिवर्तन की कोशिश के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल में लोगों को कथित तौर पर ईसाई धर्म का अनुयाई बनाने की कोशिश करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस मामले के बाद मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि पुलिस को स्कूलों में धर्मांतरण गतिविधियों की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है।

भोपाल के बैरागढ़ थाना प्रभारी डीपी सिंह ने बताया कि एक शिकायत के बाद पुलिस के एक दल ने रविवार को क्राइस्ट मेमोरियल स्कूल परिसर में छापा मारा जहां एक समूह जमा था और लोगों का कथित धर्म परिवर्तन किया जाने वाला था। उन्होंने कहा कि फादर पॉल पोलस, कामिनी पॉल, राजेश मालवीय और रितिका मालवीय को मौके से गिरफ्तार किया गया जबकि स्कूल संचालक मेनिस मैथ्यू और राहुल शर्मा को सोमवार को गिरफ्तार किया गया।

# हत्याएं घाटी में आतंकवाद को जिंदा रखने की कवायद का हिस्सा : सैन्य कमांडर

**भाषा।** जम्मू

**सेना की** उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि कश्मीरी पंडितों और गैर स्थानीय मजदूरों की आतंकवादियों द्वारा लक्षित हत्याएं कश्मीर में आतंकवाद को जीवित रखने के लिए की गई हैं। ले. जनरल द्विवेदी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने घाटी में आतंकवाद को स्थानीय रंग देने के लिए मुखौटा तंज़ीमें (संगठन) बनाए हैं, क्योंकि पड़ोसी मुल्क पर जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों को प्रायोजित नहीं करने का दबाव है।

खबरों के अनुसार, द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), पीपुल्स एंटी–फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ), गजनवी फोर्स, यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट, गिलानी फोर्स, लश्कर–ए–मुस्तफा, लश्कर–ए–इस्लाम और जम्मू–कश्मीर फ्रीडम फाइटर जैसे आतंकी संगठनों ने पिछले डेढ़ साल के दौरान घाटी में आतंकवादी हमलों, खासकर, हिंदुओं की हत्याओं की जिम्मेदारी ली है। उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर इन चीफ ले. जनरल द्विवेदी ने पीटीआई–भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, सक्रिय कूटनीति की वजह से पाकिस्तान पर जम्मू कश्मीर में आतंकवाद का प्रायोजन बंद करने का जबर्दस्त दबाव है। नतीजतन, (कश्मीर में आतंकवाद को) स्थानीय रंग देने के लिए मुखौटा तंजीमें बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में, आतंकवादियों ने गैर–स्थानीय मजदूरों, कश्मीरी पंडितों और कश्मीर की शांति, समृद्धि और भलाई में योगदान देने वालों को निशाना बनाया है, जो यह दर्शाता है कि हिंसा के आयोजकों के बीच निराशा पैदा हो रही है और वे हताश हो रहे हैं। ले. जनरल द्विवेदी ने कहा, उनके कृत्यों से मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन और कश्मीरियत का अपमान हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोग जागरूक हैं और उनमें राष्ट्र विरोधी तत्वों के नापाक मंसूबों को नकारने के लिए समझ और साहस आ गया है। सैन्य कमांडर ने कहा, मैं देख रहा हूं कि जम्मू- कश्मीर अपने पुराने गौरव को फिर से हासिल कर रहा है और सुरक्षा बलों और लोगों के बलिदान के माध्यम से कड़ी मेहनत से हासिल की गई शांति को बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद विरोधी मोर्चे पर कामयाबी सुरक्षा बलों के बीच उच्च पेशेवरता और साथ मिलकर काम करने के उच्च मानकों को प्रतिबिम्बित करती है। सैन्य अधिकारी ने कहा कि इससे छद्म युद्ध के गुनाहगारों और कश्मीर में आतंकवाद जिंदा है, यह साबित करने वाले लोगों में निराशा फैल गई है। ले. जनरल द्विवेदी ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों और बलों, खासकर राष्ट्रीय राइफल्स और सरकार के अन्य अंगों के बीच असाधारण तालमेल की वजह से ही अगस्त 2019 से जम्मू–कश्मीर के अंदरूनी इलाकों में स्थिति में जबरदस्त सुधार देखा गया है। उन्होंने कहा, आतंकवाद और हिंसा में कमी के सभी मानकों में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे आतंकवादियों के सरगनाओं और सीमा पार बैठे उनके आकाओं में मायूसी है। द्विवेदी ने कहा कि गैर–स्थानीय मजदूरों और कश्मीरी पंडितों के खिलाफ हमलों की घटनाओं का विश्लेषण किया गया है और इन खतरों को खत्म करने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शांति का लाभ लोगों तक पहुंचना शुरू हो गया है और वे इसे बनाए रखने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। खबरों के मुताबिक, जम्मू कश्मीर का अगस्त 2019 में विशेष दर्जा खत्म करने के बाद से कश्मीर में 17 कश्मीरी पंडितों और गैर स्थानीय की आतंकवादियों ने हत्या कर दी है। 2021 में तीन कश्मीरी पंडितों, एक सिख और पांच गैर स्थानीय मजदूरों की हत्याएं की गई हैं। इस साल अब तक दक्षिण कश्मीर और श्रीनगर में 10 कश्मीर पंडितों और गैर स्थानीय मजदूरों को आतंकवादियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया है। इस साल मार्च से तीन कश्मीरी हिंदुओं को निशाना बनाया गया है। उनमें से सतीश कुमार सिंह और राजस्व विभाग में कर्मी राहुल भट की मौत हो गई। बाल कृष्णन नाम के एक कश्मीरी पंडित को अप्रैल में शोपियां में गोली मारकर जख्मी कर दिया गया था।



हरिद्वार में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा में स्नान करते श्रद्धालु

## क्विक न्यूज

### गंगा पर शव उतराते दिखने के मामले में एनजीटी ने उप्र, बिहार की सरकारों से जानकारी मांगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने उत्तर प्रदेश और बिहार की सरकारों को निर्देश दिया है कि कोविड-19 महामारी शुरू होने से पहले से लेकर इस साल 31 मार्च तक दोनों राज्यों में गंगा नदी में तैरते दिखे मानव शवों और नदी किनारे दफ्नाए शवों की संख्या के बारे में जानकारी दी जाए। न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य डॉ अफरोज अहमद की पीठ ने उत्तर प्रदेश और बिहार की सरकारों के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) और अतिरिक्त मुख्य सचिवाप्रधान सचिव (स्वास्थ्य) को इस विषय पर तथ्यात्मक सत्यापन रिपोर्ट जमा करने को कहा। पीठ ने कहा, उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों में साल 2018 और 2019 में कोविड-19 की शुरुआत से पहले और 2020, 2021 में कोविड-19 महामारी शुरू होने के बाद तथा इस साल 31 मार्च तक गंगा नदी में कितने मानव शव तैरते देखे गए और कितने नदी किनारे दफ्नाए गए। उसने कहा, कितने मामलों में उत्तर प्रदेश और बिहार की सरकारों ने शवों के दाह संस्कार या दफ्नाने के लिए वित्तीय सहायता दी? गंगा नदी में शवों को प्रवाहित करने या नदी के किनारे शवों को दफ्नाने से रोकने के लिए जन जागरूकता लाने तथा जन भागीदारी बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? एनजीटी पत्रकार संजय शर्मा की याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिन्होंने कोरोना वायरस से प्रभावित मानव शवों के निस्तारण के लिए उचित प्रोटोकॉल के पालन का निर्देश जारी करने का अनुरोध किया।

### केरल में दो भाइयों की हत्या के दोषी 25 इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग कार्यकर्ताओं को उम्र कैद

**पलक्कड़ (केरल)।** केरल की एक सत्र अदालत ने पलक्कड़ जिले में वर्ष 2013 में हुई दो भाइयों की हत्या के मामले में 25 दोषियों को सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। ए सभी दोषी आईयूएमएल (इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग) के कार्यकर्ता है। अदालत ने प्रतएक दोषी पर 1.15 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया और ए पूरी राशि पीड़ति परिवार को दी जाएगी। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजिथ टी.एच. ने 12 मई को दो भाइयों -नुरुद्दीन और हमसा- की हत्या के मामले में 25 आरोपियों को दोषी ठहराया था। दोनों भाई एपी सुन्नी पार्टी के सदस्य थे जो वाम मोर्चा की समर्थक है। विशेष लोक अभियोजक कृष्णन नारायणन ने सोमवार को दोषियों को सजा सुनाए जाने की पुष्टि की। अदालत ने प्रतएक दोषी को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के साथ ही धारा 149 (गैरकानूनी तौर पर एकत्र होने वाला प्रतएक सदस्य समान उद्देश्य के साथ किए गए अपराध का दोषी) के तहत सजा सुनाई। नारायणन ने कहा कि पीड़ति के भाई पर हमले के लिए भी सभी आरोपियों को धारा 307 (हत्या का प्रयास) के अंतर्गत भी दोषी ठहराया गया। तीन भाइयों पर हुए हमले में केवल कुंजु मोहम्मद जिंदा बच सका और वह इस मामले का प्रमुख गवाह रहा। नारायणन ने बताया कि एक मस्जिद के चंदे को लेकर हुए दोनों पक्षों में हुई कहसुनी के बाद हमला किया गया था।

### अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन की घटनाओं में चार लोगों की मौत

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूस्खलन के कारण एक मकान ध्वस्त हो गया, जिससे उसमें रहने वाले दो लोगों की मौत हो गई। ईटानगर के पुलिस अधीक्षक जिमी चिराम ने बताया कि रविवार को भूस्खलन के कारण एक कच्चा मकान ढह गया, जिसके मलबे में अब भी एक महिला फंसी हुई है। मलबे से दो शवों को निकाला गया है, जबकि महिला के बारे में अभी कुछ नही कहा जा सकता। पुलिस अधीक्षक ने कहा, महिला को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है, लेकिन खराब मौसम के कारण इसमें समस्या आ रही है। ईटानगर के थाना प्रभारी फसांग सिमी ने बताया कि मृतकों की पहचान नागेन बर्मन (50) और तपस राय (15) के तौर पर हुई है। वही, कुसुम राय (35) अब भी मलबे में दबी हुई है। सिमी ने बताया कि तीन लोग घायल भी हुए है, जिन्हे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के सूत्रों ने बताया कि उसका दल उपकरणों के पहुंचने का इंतजार कर रहा है क्योंकि घटनास्थल पर उपकरणों के बिना बचाव अभियान चलाना संभव नही है। चिराम ने बताया कि एक अन्य घटना में गंगा-जुली बस्ती रोड पर भूस्खलन की चपेट में आने से लोक निर्माण विभाग के दो श्रमिकों की जान चली गई, जो कीचड़ में फंसी मोटरसाइकिल निकालने का प्रयास कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के अधिकतर हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे कुछ जिलों में भूस्खलन की घटनाएं हुई है। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने यहां के सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल, नाहरलगुन के सरकारी माध्यमिक स्कूल और बंदरदेवा के निकम निया हॉल में अस्थाई राहत शिविर बनाए है।

# आपकी दिलचस्पी मां–बाप की संपत्ति में ज्यादा है, यह वरिष्ठ नागरिकों की त्रासदी : न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने 89 वर्षीय और गंभीर डिमेंशिया से पीड़ित एक वयोवृद्ध महिला की संपत्ति में उसके बेटे को किसी प्रकार का हस्तक्षेप करने से रोकते हुए कहा, आपकी दिलचस्पी उनकी संपत्ति में अधिक नजर आती है। यह हमारे देश में वरिष्ठ नागरिकों की त्रासदी है। डिमेंशिया बीमारी से पीड़ित महिला को मौखिक या शारीरिक संकेतों की समझ नहीं है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने इस तथ्य पर गंभीरता से गौर किया कि बेटा कथित तौर पर अपनी मां की दो करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति बेचने के लिए उसे बिहार के मोतिहारी में एक रजिस्ट्रार के कार्यालय में अंगूठे का निशान लेने के लिए ले गया। हालांकि, महिला चलने–फिरने में पूरी तरह से अक्षम है। पीठ ने 13 मई को बहनों द्वारा



दायर एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, ऐसा लगता है कि आप उसकी संपत्ति में अधिक रुचि रखते हैं। यह हमारे देश में वरिष्ठ नागरिकों की त्रासदी है। आप उसे मोतिहारी में रजिस्ट्रार के कार्यालय में उसके अंगूठे का निशान लेने के लिए ले गए, इस तथ्य के बावजूद कि वह गंभीर रूप से मनोभ्रंश से पीड़ित हैं और कुछ भी बता नहीं सकती हैं। वैदेही सिंह (89 वर्षीय महिला) की बेटियों याचिकाकर्ता पुष्पा तिवारी और गायत्री कुमार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रिया हिंगोरानी और अधिवक्ता मनीष कुमार सरन ने अदालत को बताया कि उन्होंने 2019 तक उनकी देखभाल की और अब वे फिर से उनकी देखभाल करने और डॉक्टरों की सलाह के अनुसार अपनी मां को अस्पताल ले जाने या घरेलू देखभाल करने के लिए तैयार हैं। हिंगोरानी ने दावा किया कि अन्य भाई–बहनों को अपनी मां से मिलने की अनुमति नहीं है, जो उनके सबसे बड़े भाई के पास हैं और एक बार उन्हें मिलने की अनुमति दी गई थी, लेकिन वह भी पुलिस की मौजूदगी में और उस समय किसी प्रकार की कोई निजता नहीं थी। पीठ ने कहा कि पांचवें प्रतिवादी (कृष्ण कुमार सिंह, ज्एष्ठ पुत्र और वर्तमान में मां को अपने पास रखने वाले) के वकील, याचिकाकर्ताओं के वकील द्वारा रखे गए प्रस्ताव पर निर्देश लेंगे, ताकि विरोधी पक्षों को सुनने के बाद प्रस्ताव पर आदेश पारित किया जा सके। कृष्ण कुमार सिंह के वकील ने कहा कि नोएडा में उनकी बहन के पास सिर्फ दो कमरों का फ्लैट है और जगह की कमी होगी। इस पर पीठ ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका घर कितना बड़ा है, बल्कि मायने यह रखता है कि आपका दिल कितना बड़ा है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, दुर्भाग्य से, कार्यवाही के दौरान यह सामने आया है कि मां की गंभीर शारीरिक और मानसिक स्थिति के बावजूद, पांचवां प्रतिवादी मां की संपत्ति का सौदा करने के लिए,बिक्री विलेखों के निष्पादन में उनकी उपस्थिति दिखाने के लिए उन्हें साथ ले गया। पीठ ने निर्देश दिया, अगले आदेशों तक, वैदेही सिंह की किसी भी चल या अचल संपत्ति के संबंध में कोई और लेनदेन नहीं होगा। पीठ ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 17 मई को सूचीबद्ध किया। वैदेही सिंह के चार बेटे और दो बेटियां हैं।

# जदयू ने बिहार में राज्यसभा उपचुनाव के लिए अनिल हेगड़े को बनाया अपना उम्मीदवार

**भाषा।** पटना

**बिहार के** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड (जदयू) ने सांसद किंग महेंद्र के निधन से खाली हुई राज्यसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए अपनी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी अनिल हेगड़े को सोमवार को अपना उम्मीदवार घोषित किया। जदयू अध्यक्ष राजीव रंजन सिह उर्फ लल्लन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि पार्टी ने बिहार से राज्यसभा के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए अनिल हेगड़े को मैदान में उतारने का फैसला किया है। यह सीट पार्टी सासंद डॉ. महेंद्र प्रसाद के आकस्मिक निधन से खाली हुई थी। हेगड़े लंबे समय से जदयू के राष्ट्रीय चुनाव पदाधिकारी रहे हैं तथा विधानसभा एवं संसदीय चुनावों के दौरान पार्टी एवं चुनाव आयोग के बीच समन्वय के लिए



जिम्मेदार रहे हैं। वह खबरों में कम रहते हैं और पिछले दो दशक से पार्टी के सर्वेसर्वा समझे जाने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी रहे हैं। इस उपचुनाव के लिए नामांकन भरने का अंतिम दिन बुधवार है और यदि जरूरत हुई तो 30 मई को मतदान होगा। इस सीट के लिए पार्टी महासचिव के सी त्यागी, दिवंगत सांसद किंग महेंद्र के भाई भोला शर्मा और पार्टी के एक और महासचिव अफाक अहमद खान आदि के नामों की भी अटकलें थीं।

# रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों को टिकट रियायत निलंबित कर अतिरिक्त 1500 करोड़ रुपए कमाए: आरटीआई

**भाषा।** नई दिल्ली

**रेलवे ने** मार्च 2020 से दो वर्षों में वरिष्ठ नागरिक यात्रियों से 1,500 करोड़ रुपए से अधिक का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है, जब कोरोनोवायरस महामारी की शुरुआत के बाद वरिष्ठ नागरिकों को टिकट पर दी जाने वाली रियायत निलंबित कर दी गई थी। सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत पूछे गए सवाल के जवाब से यह जानकारी मिली। मध्य प्रदेश के चंद्रशेखर गौर द्वारा दायर आरटीआई के सवाल के जवाब में रेलवे ने कहा कि 20 मार्च, 2020 और 31 मार्च, 2022 के बीच रेलवे ने 7.31 करोड़ वरिष्ठ नागरिक यात्रियों को रियायतें नहीं दीं। इनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के 4.46 करोड़ पुरुष, 58 से अधिक आयु की 2.84 करोड़ महिलाएं और 8,310 ट्रांसजेंडर लोग शामिल हैं। आरटीआई से मिले जवाब के अनुसार, इस अवधि के दौरान वरिष्ठ नागरिक यात्रियों से प्राप्त कुल राजस्व 3,464 करोड़ रुपए है, जिसमें रियायत के निलंबन के कारण अर्जित अतिरिक्त।,500 करोड़ रुपए शामिल हैं।

वरिष्ठ नागरिकों से कुल राजस्व में लिंगवार राजस्व पर आरटीआई के उत्तर में कहा गया है कि पुरुष यात्रियों से 2,082 करोड़ रुपए, महिला यात्रियों से।,381 करोड़ रुपए और ट्रांसजेंडर से 45.58 लाख रुपए राजस्व मिले। महिला वरिष्ठ नागरिक यात्री 50 प्रतिशत रियायत के लिए पात्र होते हैं, जबकि पुरुष और ट्रांसजेंडर सभी वर्गों में 40 प्रतिशत छूट का लाभ उठा सकते हैं। एक महिला के लिए रियायत का लाभ उठाने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 58 है, जबकि एक पुरुष के लिए यह 60 वर्ष है। देश के कोरोनावायरस महामारी की चपेट में आने के बाद मार्च 2020 से जिन रियायतों को रोक दिया गया था, वे आज तक निलंबित हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने संकेत दिया है कि उन्हें बरकरार नहीं रखा जा सकता है। वर्ष 2020 में और 2021 में कुछ समय तक ट्रेन सेवाएं निलंबित रहीं, लेकिन अब सेवाओं के सामान्य होते ही रियायतों की मांग उठने लगी है। पिछले दो दशकों में रेलवे की रियायतें बहुत चर्चा का विषय रही हैं, जिसमें कई समितियों ने उन्हें वापस लेने की सिफारिश की है। इसका नतीजा यह हुआ कि जुलाई 2016 में रेलवे ने बुजुर्गों के लिए रियायत को वैकल्पिक बना दिया। विभिन्न प्रकार के यात्रियों को दी जाने वाली लगभग 53 प्रकार की रियायतों के कारण रेलवे पर हर साल लगभग 2,000 करोड़ रुपए का भारी बोझ पड़ता है।

# शारीरिक रूप से अस्वस्थ श्रद्धालु डॉक्टरों की सलाह के बिना चारधाम यात्रा शुरू न करें : धामी

**भाषा।** देहरादून

**गढ़वाल के** उंचाई वाले हिमालई क्षेत्र में चारधाम की यात्रा करने आने वाले कई श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य कारणों से मौत हुई है। इसके द्रष्टिगत उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अस्वस्थ यात्रियों से अपील की कि वे चिकित्सक की अनुमति के बिना यात्रा शुरू न करें। अल्मोड़ा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह देशभर के श्रद्धालुओं से अपील करते हैं कि जो लोग शारीरिक रूप से अभी स्वस्थ नहीं हैं, वे जब तक डॉक्टर न कहे, तब तक यात्रा प्रारंभ न करें। उल्लेखनीय है कि तीन मई को अक्षय तृतीया के पर्व पर गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट खुलने के साथ शुरू हुई चारधाम यात्रा में अब तक 40 श्रद्धालु स्वास्थ्य कारणों के चलते अपने प्राण गंवा चुके हैं। इनमें से ज्यादातर की मृत्यु हृदयाघात की वजह से हुई।

आधिकारिक आंकडों के अनुसार, यमुनोत्री और केदारनाथ में 14–14, बद्रीनाथ में आठ और गंगोत्री में चार श्रद्धालुओं की



जान गई है। केदारनाथ के कपाट छह मई को जबकि बद्रीनाथ के कपाट आठ मई को खुले थे। धामी ने कहा कि पिछले दो साल कोविड के कारण बाधित रही चारधाम यात्रा इस बार पुन: विधिवत प्रारंभ हुई है, लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या पहले के मुकाबले कई गुना ज्यादा हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा को और सुव्यवस्थित करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है और सरकार की कोशिश है कि देशभर के श्रद्धालु यहां सुरक्षित आएं और सुरक्षित वापस जाएं तथा उन्हें किसी तरीके की कोई परेशानी न हो।धामी ने यात्रा पर जा रहे नौजवानों से महिलाओं और बुजुर्गों को दर्शन का पहले मौका देने का आग्रह भी किया। गौरतलब है कि रविवार तक देश भर से पांच लाख 20 हजार 321 श्रद्धालु चारों धामों के दर्शन को आ चुके हैं। इससे पहले, धामी ने कल्याणिका हिमालय देवस्थानम् के चतुर्थ वार्षिकोत्सव एवं श्री पीठम् स्थापना महोत्सव में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर कोई भी व्यक्ति अपनी मर्जी से नहीं आता बल्कि उसे ईश्वर स्वयं बुलाते हैं। धामी ने कहा कि ऐसे सिद्ध पीठ स्थानों से पूरे देश और सनातन संस्कृति को ऊर्जा मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है जिसके तहत अयोध्या में श्री राम लला का भव्य मंदिर बनाया जा रहा है जबकि काशी में भव्य काशी विश्वनाथ गलियारा बनकर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि साल 2013 की आपदा में क्षतिग्रस्त हो गए केदारनाथ क्षेत्र एवं आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की बदौलत फिर भव्य और दिव्य रूप में बन चुकी है। उन्होंने कहा कि बद्रीनाथ धाम में भी 250 करोड़ रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं।

# हत्या की साजिश के दावे के बाद इमरान खान की सुरक्षा बढ़ी

## ● सियालकोट में एक रैली में इमरान ने जताई थी आशंका



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा अपने विरूद्ध हत्या की साजिश रचे जाने का दावा करने के दो दिन बाद सोमवार को उनकी सुरक्षा कड़ी कर दी। खान ने शनिवार को दावा किया था कि पाकिस्तान एवं विदेश में उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनके साथ कुछ होता है तो लोगों को एक ऐसे वीडियो संदेश के मार्फत संबंधित अपराधियों के बारे जानने को मिलेगा जिसे उन्होंने हाल में रिकार्ड किया है और सुरक्षित स्थान पर रख लिया है। खान ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सियालकोट में एक रैली में कहा था, मेरी जान लेने की साजिश रची जा रही है। कुछ दिन पहले ही मुझे इस साजिश की पूरी जानकारी मिली। देश-विदेश में बंद कमरों में यह साजिश रची जा रही है। मैंने इस साजिश के बारे में एक वीडियो बनाया है जिसमें इससे जुड़े लोगों के नाम लिए हैं। यदि मेरे साथ कुछ होता है तो लोगों को पता चल जाएगा कि इस साजिश के पीछे कौन हैं। समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान ने खबर दी है कि सोमवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान को अभेद्य सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। उससे पहले शहबाज शरीफ को पूर्व प्रधानमंत्री की सुरक्षा के संबंध में गृह मंत्रालय ने विस्तार से बताया था।

### अमेरिका ने हमला किए बिना ही पाकिस्तान को गुलाम बना लिया हैः पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने दावा किया कि अमेरिका ने उनके मुल्क पर हमला किए बिने उसे गुलाम बना लिया है और देश के लोग कभी भी आयातित सरकार को कबूल नही करेंगे। पूर्व क्रिकेटर एवं सियासतदां 69 वर्षीय खान की सरकार पिछले महीने संसद में अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद गिर गई थी। उनका आरोप है कि अमेरिका ने स्थानीय नेताओं की मदद से उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की साजिश रची थी, क्योंकि वह स्वतंत्र विदेश नीति पर अमल कर रहे थे। पद से हटने के बाद खान ने कई शहरो मे कई जनसभाएं की है और प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ की अगुवाई वाली नई सरकार को गद्दारों और भ्रष्ट लोगों की सरकार बताया है जिसे कथित रूप से अमेरिका के कहने पर थोपा गया है।

### मरियम नवाज ने पाक के पूर्व पीएम इमरान खान को हत्या की साजिश का सबूत दिखाने की चुनौती खुलेआम दी

**लाहौर।** पाकिस्तान मे सत्तारूढ़ पार्टी की शीर्ष नेता मरियम नवाज ने चुनौती दी कि अगर अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान कथित हत्या की साजिश का सबूत दिखा देते है तो सरकार उन्हें अभी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को दी जा रही सुरक्षा से ज्यादा सुरक्षा मुहैया कराएगी। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की उपाध्यक्ष मरियम नवाज की यह टिप्पणियां तब आई है जब खान ने शनिवार को दावा किया था कि पाकिस्तान तथा विदेश मे उनकी हत्या की साजिश रची गई। इमरान खान ने दावा किया कि अगर उन्हें कुछ होता है तो लोगों को एक वीडियो संदेश के जरिए दोषियों के बारे मे पता चल जाएगा, जो उन्होंने हाल मे रिकॉर्ड किया है तथा एक सुरक्षित स्थान पर रखा है।

### इमरान को गिरफ्तार किया तो पाक भी श्रीलंका बन जाएगाः शेख रशीद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व गृह मंत्री शेख रशीद अहमद ने आगाह किया है कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार किया जाता है तो उनका देश श्रीलंका बन जाएगा और इसके लिए नई सरकार जिम्मेदार होगी। रशीद ने रविवार को फैसलाबाद में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा गठबंधन सरकार दिशाहीन हो गई है और वह स्थिति से निपटने में सक्षम नहीं है। रशीद ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अगर खान को गिरफ्तार किया जाता है तो पीटीआई ने इस स्थिति से निपटने के लिए पहले ही एक रणनीति बना रखी है। अगर इमरान खान को गिरफ्तार किया जाता है तो पाकिस्तान, श्रीलंका बन जाएगा और ए लोग (मौजूदा सरकार) इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

# राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद यात्रा पर जमैका पहुंचे



भाषा। किंग्सटन

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद दो देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को जमैका पहुंचे। कैरेबियाई देश में किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की यह पहली यात्रा है। कोविंद इस दौरान जमैका के अपने समकक्ष गवर्नर-जनरल पैट्रिक एलन, प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस और अन्य गणमान्य लोगों के साथ मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति कोविंद अपनी पत्नी सविता कोविंद के साथ रविवार रात जमैका की राजधानी किंग्सटन पहुंचे। इसके बाद वे सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस भी जाएंगे। राष्ट्रपति कार्यालय ने ट्वीट किया, जमैका के गवर्नर-जनरल पैट्रिक एलन और प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस ने हवाईअड्डे पर कोविंद का स्वागत किया।

## क्विक न्यूज

### बस पलटी, 14 लोगों की मौत

**सुराबाया (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा मे सोमवार को एक पर्यटन बस बिलबोर्ड (इश्तेहार के लिए लगी होर्डिंग) से टकराने के बाद पलट गई, जिससे बस मे सवार 14 लोगो की मौत हो गई जबकि 19 अन्य घायल हुए है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पूर्वी जावा यातायात पुलिस के प्रमुख लतीफ उस्मान ने बताया कि बस में पूर्वी जावा प्रांत की राजधानी सुराबाया के इंडोनेशियाई पर्यटक सवार थे और वे मध्य जावा के मशहूर पहाड़ी रिजार्ट डिएंग प्लेटू से लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि सुबह सूर्योदय के तुरंत बाद बस मोजोकार्टो टोल के पास बिलबोर्ड से टकरा गई। टेलीविजन समाचारों द्वारा जारी वीडियो फुटेज मे पुलिस और चिकित्सा कर्मी पीड़ितों को बस से निकालते दिख रहे है। उस्मान ने बताया कि पुलिस हादसे की वजहो की जांच कर रही है, लेकिन लगता है कि हादसे के पहले बस चालक को झपकी आ गई थी।

### कान फिल्म महोत्सव में दिखाई जाएगी भारत की छह फिल्में

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित 75वे कान फिल्म महोत्सव की मंगलवार शाम को शुरुआत होने की तैयारी पूरी हो चुकी है और सम्मानित देश के तौर पर भारत की छह फिल्मे इस बार वहां दिखाई जाएंगी। तीन साल बाद पूरी तरह लोगो की मौजूदगी के साथ कान फिल्म महोत्सव का आगाज मिशेल हेजानिवशियस की फिल्म फाइनल कट की स्क्रीनिंग के साथ हो रहा है। इस बार फिल्म महोत्सव मे अपनी आजादी की 75वी वर्षगांठ का जश्न मना रहे भारत की छह फिल्में दिखाई जाएगी। इसमे अभिनेता आर. माधवन के निर्देशन वाली पहली फिल्म रॉकेट्री : द नाम्बी इफेक्ट शामिल है जो जुलाई की शुरुआत में रिलीज होनी है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने जिन पांच अन्य फिल्मो का चयन किया है उनमे निखिल महाजन की मराठी भाषी फिल्म गोदावरी , शंकर श्रीकुमार की अल्फा बीटा गामा , बिस्वजीत बोरा की बूम्बा राइड , अचल मिश्रा की धुइन और जयराज की ट्री फुल ऑफ पैरट्स शामिल है। ए सभी फिल्मे कान फिल्म महोत्सव मे दिखाई जाएगी।

### लोग टाल रहे कारों की खरीदारी : रिपोर्ट


**मुंबई।** प्रवेश स्तर की कारों के संभावित खरीदार खरीद का फैसला टाल रहे है। क्रिसिल ने सोमवार को एक रिपोर्ट मे कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण आय प्रभावित होने से ऐसा हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रीमियम खंड की कारो की बिक्री बढ़ने की उम्मीद है, क्योंकि समृद्ध खरीदारो की आय मजबूत बनी हुई है। इसी तरह अधिक कीमत वाले दोपहिया वाहनो की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत बनी रहेगी। प्रीमियम खंड मे 10 लाख रुपए से अधिक कीमत वाली कारे आती है, जबकि 70,000 रुपए से अधिक कीमत वाले दोपहिया वाहन उच्च कीमत श्रेणी मे आते है। रिपोर्ट मे कहा गया है कि आपूर्ति-श्रृंखला के मुद्दो ने वाहन विनिर्माताओं के एक हिस्से को प्रभावित किया है।

### एसजेवीएन नेपाल में लगाए बिजली परियोजना

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एसजेवीएन लिमिटेड नेपाल मे लगभग 4,900 करोड़ रुपए की लागत से 490 मेगावॉट की एक और पनबिजली परियोजना अरुण-4 लगाएगी। एसजेवीएन की नेपाल मे कुल 2,059 मेगावॉट की तीन परियोजनाएं है। कंपनी ने सोमवार को बयान मे कहा कि नेपाल के लुंबिनी मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की उपस्थिति मे नेपाल मे 490 मेगावॉट की अरुण-4 जलविद्युत परियोजना के विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए है। एसजेवीएन के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक नंद लाल शर्मा ने कहा कि यह नेपाल मे कंपनी द्वारा बनाई जाने वाली तीसरी बड़ी परियोजना होगी।

### ब्रिटेन की महामारी ने पहले प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लिया

**लंदन।** ब्रिटेन की महारानी एलिज़ाबेथ द्वितीय ने अपने सिहांसन पर आसीन होने के 70 वर्ष पूरे होने पर आयोजित पहले कार्यक्रम में शिरकत की है। आने वाले हफ्तो मे कई और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 96 वर्षीय महारानी हाल मे उम्र संबंधी समस्याओ की वजह से कुछ रस्मी कार्यक्रमो मे शामिल नही हुई थी। रविवार को जब वह रॉयल विंडसर हॉर्स शो मे पहुंची तो लोगो ने तालियां बजाईं।



तुर्की के ऐतिहासिक शहर मर्डिन में पूर्णिमा के चांद का नजारा

### सऊदी अरब के शाह को सर्जरी के बाद अस्पताल से मिली छुट्टी

**रियाद।** सऊदी अरब के शाह सलमान को एक हफ्ते पहले आंत से जुड़ी बीमारी के लिए कोलोनोस्कॉपी होने के बाद रविवार शाम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। शाही दरबार (रिपीट) दरबार द्वारा जारी एक वीडियो में सलमान को छड़ी के सहारे चलते हुए देखा गया। दुनिया के सबसे बड़े तेल उत्पादक देशों में से एक की सत्ता पर मजबूत पकड़ रखने के कारण 86 वर्षीय सलमान के स्वास्थ्य पर करीबी नजर रखी जा रही है। उनके मनोनीत उत्तराधिकारी राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान (36) पहले ही देश के दैनिक मामलों को देख रहे हैं। संक्षिप्त वीडियो में शाह को राजकुमार और क्षेत्र के गवर्नर प्रिंस खालिद बिन फैजल समेत अधिकारियों के एक दल के साथ जेद्दा शहर में किंग फैजल स्पैशियलिस्ट हॉस्पिटल से निकलते हुए देखा गया। सरकारी मीडिया में आई खबरों के अनुसार, आठ मई को हुई सर्जरी के बाद शाह सलमान को डॉक्टरों ने आराम करने के लिए अस्पताल में ही रहने की सलाह दी थी।

# राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने के उद्देश्य से उत्तरी आयरलैंड जा रहे हैं जॉनसन

एपी। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने की कवायद के तौर पर सोमवार को उत्तरी आयलैंड जा रहे हैं। इस गतिरोध से क्षेत्रीय प्रशासन के गठन की राह में बाधा पैदा हो रही है। जॉनसन की सरकार द्वारा यूरोपीय संघ के साथ ब्रेग्जिट समझौते को तोड़ने की धमकियों के बीच यह यात्रा हो रही है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर यूरोपीय संघ ब्रेग्जिट के बाद व्यापार के नियमों में बदलाव के लिए राजी नहीं होता है तो कार्वाई करने की आवश्यकता होगी। उत्तरी आयरलैंड में मतदाताओं ने इस महीने एक नई असेंबली का चुनाव किया है, जिसमें आयरलैंड की राष्ट्रवादी पार्टी सिन फिन ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। यह पहली बार है जब आयरलैंड गणराज्य के साथ एकीकरण की मांग कर रही पार्टी ने प्रोटेस्टेंट यूनियनिस्ट के गढ़ में चुनाव जीता है। डोमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी दूसरे नंबर पर आई है और उसने सरकार बनाने या तब तक असेंबली के गठन से इनकार कर दिया है जब तक कि जॉनसन सरकार ब्रिटेन के बाकी हिस्सों से उत्तरी आयरलैंड आ रहे सामान पर ब्रेग्जिट के बाद कर लगाने को रद्द नहीं कर देती।

### हसन शेख महमूद सोमालिया के नए राष्ट्रपति बने

**मोगादिशू।** सोमालिया में हसन शेख महमूद ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत एक बार फिर सत्ता में वापसी कर ली है। रविवार देर रात तीसरे दौर के मतदान में महमूद ने राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल्लाही फरमाजो को मात दी। महमूद इससे पहले 2012 से 2017 के बीच सोमालिया के राष्ट्रपति रह चुके हैं। राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर में 36 उम्मीदवार थे, जिनमें से चार दूसरे दौर में पहुंचे। 328 मतों में से किसी भी उम्मीदवार को जीत के लिए जरूरी कम से कम दो-तिहाई मत न मिलने के कारण तीसरे दौर का मतदान कराना पड़ा। तीसरे दौर के मतदान में बहुमत हासिल करने वाले को विजेता घोषित किया जाता है।

### उइगर काउंटी में हर 25 में से एक व्यक्ति जेल में बंद

**बीजिंग।** चीन के मुस्लिम बहुल उइगर क्षेत्र की एक काउंटी में हर 25 में से एक व्यक्ति को आतंकवाद से संबंधित आरोपों में जेल की सजा सुनाई गई है। एक विश्लेषण के मुताबिक, यह दुनिया के किसी भी इलाके में लोगों को जेल की सजा होने की सर्वाधिक दर है। एसोसिएटेड प्रेस ने लीक हुए आंकड़ों के विश्लेषण में महज कोनाशेहर काउंटी में ही जेल भेजे गए 10,000 से अधिक उइगरों के नाम दिए हैं। यह दक्षिण शिनजियांग प्रांत की दर्जनों काउंटी में से एक है। चीन ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर क्रूर कार्वाई की है।

# शेयर बाजारों में छह दिन से जारी गिरावट का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 180 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई

**वैश्विक** स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच बैंकिंग, ऊर्जा और वाहन क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में उछाल के साथ घरेलू शेयर बाजारों में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया और सोमवार को सेंसेक्स 180 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 180.22 अंक यानी 0.34 प्रतिशत बढ़कर 52,973.84 पर पंहुचा गया। दिन में कारोबार के दौरान यह एक समय 634.66 अंक के उछाल के साथ 53,428.28 अंक तक गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 60.15 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की बढ़त लेकर 15,842.30 अंक पर बंद हुआ। इस तरह सात सत्रों में पहली बार निफ्टी में मजबूती आई है। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, बढ़ती मुद्रास्फीति और इसके विवेकाधीन खर्च पर प्रभाव के चलते निवेशकों के चिंता के बीच वाहन और बैंक शेयरों ने स्थानीय बाजार को बढ़त दर्ज करने में मदद की। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी के शेयरों में सबसे अधिक 3.05 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। बजाज फाइनेंस, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी तरफ आईटी और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में गिरावट ने बाजार में बढ़त को सीमित कर दिया। इस दौरान, अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर में सबसे अधिक 3.01 प्रतिशत की गिरावट हुई। एशियन पेंट्स, आईटीसी और टीसीएस के शेयर भी टूट गए। इसके अलावा बीएसई मिडकैप 1.51 फीसदी बढ़कर 22,145.10 अंक पर तथा बीएसई स्मॉलकैप 1.15 प्रतिशत की बढ़त लेकर 25,605.99 अंक पर पहुंच गया।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और चीन के शंघाई कंपोजिट में मामूली गिरावट दर्ज की गई। यूरोपीय शेयर बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजारों में शुक्रवार को मजबूती रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 111 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

# रिजर्व बैंक के दरें बढ़ाने, अच्छे मानसून से महंगाई पर काबू पाने में मिलेगी मददः सीआईआई

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बेंचमार्क ऋण दरों में बढ़ोतरी और अच्छे मानसून की संभावना से महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलेगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव बजाज ने सोमवार को यह बात कही। बजाज ने सीआईआई प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे विश्वास है कि हम अब उच्च ब्याज दरों के युग में हैं। इससे हमें मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अच्छे मानसून की संभावना के साथ ही विभिन्न कारकों के चलते हमें एक बेहतर स्थिति में होना चाहिए। और वर्ष की दूसरी छमाही में नीति निर्माता यह तय करेंगे कि मुद्रास्फीति और ब्याज दरों कि चाल कैसी है। बजाज ने कहा कि मुद्रास्फीति बढ़ने के दो पहलू हैं - मांग और आपूर्ति पक्ष। उन्होंने कहा, आरबीआई ने पहले ही ब्याज दरों को बढ़ाने का चक्र शुरू कर दिया है और हमें आने वाले वर्ष में ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद करनी चाहिए। हम केंद्रीय बैंक से एक स्पष्ट दिशा की उम्मीद करेंगे कि वे ब्याज दरों पर किस तरह फैसला करेंगे। उम्मीद है कि अगली नीतिगत समीक्षा में हमें उनसे इस बारे में कुछ सुनने को मिले।

### अगस्त तक रेपो दर 0.75 प्रतिशत और बढ़ेगी: एसबीआई अर्थशास्त्री

**मुंबई।** देश के अग्रणी बैंक एसबीआई के अर्थशास्त्रियों का मानना है कि हाल में मुद्रास्फीति में दर्ज की गई तीव्र वृद्धि में करीब 60 प्रतिशत योगदान रूस-यूक्रेन युद्ध से पैदा हुए कारकों का रहा है। इन अर्थशास्त्रियों ने आशंका जताई है कि मुद्रास्फीति को काबू में लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अगस्त तक नीतिगत रेपो दर में अभी 0.75 प्रतिशत तक की और वृद्धि कर सकता है। इस तरह रेपो दर महामारी से पहले के 5.15 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच जाएगी। अर्थशास्त्रियों ने मुद्रास्फीति पर रूस-यूक्रेन युद्ध के असर को लेकर किए गए अध्ययन में यह पाया है कि कीमतों में हुई कम-से-कम 59 प्रतिशत की वृद्धि के पीछे इस युद्ध से पैदा हुए भू-राजनीतिक हालात रहे हैं। इस अध्ययन में फरवरी के महीने को कीमतों की तुलना का आधार बनाया गया था। अध्ययन के मुताबिक, सिर्फ युद्ध की वजह से खाद्य एवं पेय उत्पादों, ईंधन, परिवहन और ऊर्जा की कीमतों में हुई वृद्धि का मुद्रास्फीति में 52 फीसदी अंशदान रहा है जबकि सात प्रतिशत असर दैनिक उपभोग वाले उत्पादों से जुड़ी लागत बढ़ने से पड़ा। अर्थशास्त्रियों ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि मुद्रास्फीति की मौजूदा स्थिति में फौरन सुधार आने की संभावना नहीं दिख रही है। हालांकि, शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में कीमत वृद्धि का रूप अलग-अलग देखा गया है। ग्रामीण इलाकों में खाद्य उत्पादों के दाम बढ़ने से महंगाई की ज्यादा मार देखी जा रही है, जबकि शहरी इलाकों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का ज्यादा असर है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुद्रास्फीति में निरंतर वृद्धि को देखते हुए अब यह लगभग तय है कि रिजर्व बैंक आगामी जून और अगस्त की नीतिगत समीक्षा के समय ब्याज दरें बढ़ाएगा और इसे अगस्त तक 5.15 प्रतिशत के पूर्व-महामारी स्तर पर ले जाएगा। हालांकि, एसबीआई अर्थशास्त्रियों ने आरबीआई से इस पहलू पर गौर करने को कहा है कि अगर युद्ध संबंधी गतिरोध जल्दी दूर नहीं होते हैं तो क्या इन कदमों से मुद्रास्फीति को सार्थक रूप से नीचे लाया जा सकता है?

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकी महत्वपूर्णः डब्ल्यूईएफ

भाषा। नई दिल्ली

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा सोमवार को जारी एक नए श्वेत पत्र में कहा गया है कि रसायन उद्योग में कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों (एलसीईटी) का विकास और उन्नयन जलवायु परिवर्तन से निपटने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। हालांकि, यह काम राजनीतिक और कानूनी वजहों से प्रभावित हो रहा है। डब्ल्यूईएफ ने यूरोपीय संघ, अमेरिका, चीन, जापान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ब्रिटेन जैसे सात क्षेत्रों के एलसीईटी नीति पर प्रभाव को लेकर जारी नए सूचक में कहा कि ये सात देश कार्बन डाइऑक्साइड जैसी ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में लगभग 50 प्रतिशत के लिए संयुक्त रूप से जिम्मेदार हैं।

### उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रति करेगा जेएसडब्ल्यू

**मुंबई।** जेएसडब्ल्यू ने पार्यवरण को स्वस्थ रखने के लिए हालो एक्वाग्लो रेंज पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपना उत्पाद अभियान शुरू किया है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स की एक्वाग्लो रेंज जर्म ब्लॉक डिएन 2ऑयन तकनीक के साथ लकड़ी और धातु की सतहों के लिए भारत का पहला जल-आधारित पेंट्स है। पहले भारतीय उपभोक्ता ऑयल पेंट का उपयोग करते थे इनमें ऐसे रसायन और सॉल्वेंट्स मौजूद होते हैं जिनमें तेज गंध होती है। इनमें ऐसे रसायन और सॉल्वेंट्स मौजूद होते हैं जिनमें तेज गंध होती है और इनका वीओसी, वोलेटाइल ऑर्गेनिक कंटेंट बहुत ऊंचा होता है। नतीजतन बच्चों और बीमार लोगों के लिए इन पेंट्स की सिफारिश नहीं की जाती क्योंकि इस्तेमाल के बाद ये सॉल्वेंट्स अपने हानिकारक धुएं से घर को प्रदूषित कर देते हैं। एक्वाग्लो रेंज 100 जलआधारित है, इसकी गंध कम है, जल्दी सूखती है और पूरी तरह से परिवार के अनुकूल है। आलिया भट्ट व अतुल खत्री इसके ब्रांड एंबेसडर हैं।

# विमान ईंधन की कीमतों में 5.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी

भाषा। नई दिल्ली

**विमान** ईंधन की कीमतों में सोमवार को 5.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह इस साल 10वीं वृद्धि है। वैश्विक ऊर्जा कीमतों में जोरदार तेजी के कारण विमान ईंधन की कीमत उच्चतम स्तर पर है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक राष्ट्रीय राजधानी में विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 6,188.25 रुपए प्रति किलोलीटर या 5.29 प्रतिशत बढ़कर1,23,039.71 रुपए प्रति किलोलीटर (123 रुपए प्रति लीटर) हो गई है। विमान ईंधन की कीमतों में इस साल यह 10वीं वृद्धि है।

### एसबीआई ने उधार दर में 0.1 प्रतिशत की वृद्धि की, ईएमआई बढ़ेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी सीमांत लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) में 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इस कदम से कर्ज लेने वालों के लिए ईएमआई बढ़ेगी। देश के सबसे बड़े बैंक ने एक महीने में दूसरी बार एमसीएलआर में बढ़ोतरी की है, और दोनों बार मिलाकर अब तक 0.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस महीने की शुरुआत में रेपो दर को 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 4.40 प्रतिशत कर दिया था। इसके बाद एसबीआई ने यह बढ़ोतरी की। एसबीआई द्वारा उधार दर में संशोधन के बाद अनुमान है कि आने वाले दिनों में दूसरे बैंक भी ऐसा करेंगे। इस वृद्धि के साथ उन ग्राहकों की ईएमआई बढ़ जाएगी, जिन्होंने एमसीएलआर पर कर्ज लिया है। हालांकि, अन्य मानकों से जुड़े कर्ज की ईएमआई नहीं बढ़ेगी। एसबीआई की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार संशोधित एमसीएलआर दर 15 मई से प्रभावी है। इस संशोधन के बाद एक साल की एमसीएलआर 7.10 फीसदी से बढ़कर 7.20 फीसदी हो गई है। ज्यादातर कर्ज एक साल की एमसीएलआर दर से जुड़े होते हैं।

### रूस में अपना कारोबार बेचेगी मैकडॉनल्ड्स, अभी कर्मचारियों को भुगतान जारी रखेगी

**शिकॉगो।** फास्टफूड रेस्तरां श्रृंखला मैकडॉनल्ड्स ने सोमवार को कहा कि उसने अपने रूसी कारोबार को बेचने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। रूस में कंपनी के 850 रेस्तरां हैं, जिसमें 62,000 लोग काम करते हैं। मैकडॉनल्ड्स यूक्रेन पर हमले के बाद रूस से बाहर निकलने वाली पश्चिम की एक और प्रमुख कंपनी है। कंपनी ने युद्ध के कारण मानवीय संकट की ओर इशारा करते हुए कहा कि रूस में कारोबार करना अब उचित नहीं है और न ही यह मैकडॉनल्ड्स के मूल्यों के अनुरूप है। शिकॉगो स्थित कंपनी ने मार्च की शुरुआत में कहा था कि वह अस्थाई रूप से रूस में अपने स्टोर बंद कर रही है, लेकिन कर्मचारियों को भुगतान करना जारी रखेगी।

### ईयू राजनयिक ने कहा, तेल प्रतिबंध पर कोई गारंटी नहीं

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के एक शीर्ष राजनयिक ने कहा है कि इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि 27 देशों का संघ रूस के खिलाफ नए प्रतिबंध लगाने पर जल्द सहमत हो जाएगा। गौरतलब है कि हंगरी की अगुवाई में एक छोटे समूह ने तेल पर प्रतिबंध का विरोध किया है। यूरोपीय आयोग ने चार मई को यूक्रेन-रूस युद्ध के मद्देनजर प्रतिबंधों के छठे पैकेज का प्रस्ताव किया था, जिसमें रूस से तेल आयात पर प्रतिबंध शामिल है। चेक गणराज्य और स्लोवाकिया के साथ हंगरी उन देशों में शामिल है, जो रूस से आयातित तेल पर अत्यधिक निर्भर हैं। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने कहा, हम गतिरोध को खत्म करने के लिए अपनी तरफ से पूरी कोशिश करेंगे।

### यूरोपीय संघ ने युद्ध की वजह से जीडीपी के अनुमान को घटाकर 2.7 प्रतिशत किया

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान की आशंका के बीच आर्थिक वृद्धि के अपने अनुमान को घटा दिया है। यूरोपीय संघ ने कहा है कि 27 देशों के ब्लॉक का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) इस साल 2.7 प्रतिशत बढ़ेगा, जबकि पिछला अनुमान चार प्रतिशत का था। इसी तरह वर्ष 2023 के लिए यूरोपीय संघ का नया अनुमान 2.3 प्रतिशत है, जो पहले 2.8 प्रतिशत था। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा यूरोपीय आयोग ने सोमवार को जीडीपी वृद्धि के नए पूर्वानुमान जारी किए, जो 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पहली बार सामने आए हैं। आयोग ने कहा, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से नई चुनौतियां पैदा हुई हैं। युद्ध पहले से मौजूद बाधाओं को बढ़ा रहा है।

**PUBLIC NOTICE**

Public is hereby informed that my client **Mrs. Maya Devi and Rashi Sankhla** intend to **purchase House No.25, Block A-1, Paschim Vihar, New Delhi-63** from Sh. Pradeep Goel and Smt. Nirmal Goel. In case any person has any right, title, interest, claim of whatsoever nature by way of sale, gift,lease,heirship,possession or by any other nature in respect of aforesaid property, the same should be known in writing to me at the address mentioned below with the documentary proof within **7 days** from the date of publication,failing which it shall be construed that such claim is waived, abandoned

Sd/- Arvind Kumar, Advocate Ch. No.A- 8,Amarnath Monga Block,Western wing,Tis Hazari Court,Delh-54

## ज्ञानवापी परिसर में शिवलिंग मिलना बहुत आनंद का समाचार : विहिप

# सिद्ध हो गया, वह मंदिर



**प्रयागराज।** वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में सर्वेक्षण के दौरान कथित तौर पर शिवलिंग मिलने पर विश्व हिंदू परिषद.(विहिप) के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने सोमवार को प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, सर्वे के दौरान एक कमरे में शिवलिंग प्राप्त हुआ। यह बहुत आनंद का समाचार है। उन्होंने कहा, यह शिवलिंग दोनों पक्षों के वकीलों की उपस्थिति में प्राप्त किया गया। इसलिए वह स्थान जहां शिवलिंग है, वह मंदिर है.. अब भी है और 1947 में भी था, यह स्वयं सिद्ध हो चुका है। आलोक कुमार ने कहा, मैं आशा करता हूं कि इस साक्ष्य का समस्त देश के लोग आदर करेंगे और स्वभाविक परिणतियों की तरफ देश बढ़ेगा। हम आशा करेंगे कि यह विषय अपने परिणाम तक पहुंचे। उन्होंने कहा, चूंकि यह मामला न्यायालय में है, इसलिए इससे अधिक टिप्पणी करना ठीक नहीं होगा। न्यायालय का निर्णय आने के बाद हम इसके बारे में आगे विचार करेंगे और तब विहिप तय कर पाएगी कि आगे क्या कदम उठाने हैं। उल्लेखनीय है कि वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सर्वेक्षण के दौरान हिंदू पक्षकार के वकीलों ने सोमवार को दावा किया कि वीडियोग्राफी सर्वे के दौरान एक शिवलिंग मिला है।

**फिरोजाबाद में परीक्षा देने गई छात्रा लापता:** फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश)। जिले के दक्षिण थाना क्षेत्र के हुमायुंपुर इलाके की निवासी एक छात्रा परीक्षा देने जाने के बाद घर नहीं लौटी। पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी हैं। काफी तलाश करने के बाद परिजनों ने रविवार की शाम दक्षिण थाना में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। वह फिरोजाबाद से शिकोहाबाद स्थित एक महाविद्यालय में बीएससी तृतीय वर्ष की परीक्षा देने गई थी।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अखिलेश नरायण ने बताया कि फिरोजाबाद नगर के दक्षिण थाना क्षेत्र के हुमांयुपुर निवासी एक छात्रा बीएससी तृतीय वर्ष की परीक्षा देने शिकोहाबाद स्थित एक महाविद्यालय में गई थी।



वाराणसी में दशाश्वमेध घाट पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर उमड़े श्रद्धालु

## क्विक न्यूज

### ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**बदायूं।** बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र में सोमवार को ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर को बदायूं की कोतवाली बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला बुध बाजार के निवासी विवेक मौर्य (17) तथा आकाश (19) बाइक से गंगा स्नान करने जा रहे थे।उन्होंने बताया कि कोतवाली उझानी क्षेत्र के अल्लीपुर की मढैया गांव के पास सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त कर लिया है जबकि चालक मौके से फरार है।

### फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, दहेज हत्या का आरोप

**सुल्तानपुर ।** सुल्तानपुर जिले के जयसिंहपुर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है।पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। जानकारी के अनुसार घटना जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के चोरमा गांव की है। पुलिस ने बताया कि इस गांव के सुनील नामक व्यक्ति की पत्नी मनीषा (27) का शव रविवार की रात करीब आठ बजे कमरे के अंदर साड़ी से बने फंदे से लटकता मिला। उन्होंने बताया कि मनीषा का लगभग एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। मृतका के पिता शंकर निषाद ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए जयसिंहपुर कोतवाली में तहरीर दी है। घटना की सूचना मिलने पर जयसिंहपुर पुलिस ने मौके पर जाकर मामले की तफ्तीश की। जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। उन्होंने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद कार्वाई की जाएगी।

### बरेली में पूर्व प्रधान के पुत्र का शव मिला

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के बहेडी थाना क्षेत्र के लबेदा गांव में एक पूर्व प्रधान के बेटे का शव खेत में मिला है और उसके सिर में गोली लगने का निशान है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि परिजनो ने हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस आत्महत्या का अंदेशा जता रही है। अधिकारियो के मुताबिक, लबेदा गांव निवासी पूर्व प्रधान प्रेमदास गंगवार के पुत्र संजय गंगवार (35) का शव सोमवार सुबह छह बजे उनके घर के सामने खेत मे पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि प्रेमदास सुबह अपने खेत मे टहलने गए थे, तभी उन्होंने वहां अपने पुत्र का शव देखा। प्रेमदास ने आरोप लगाया कि संजय के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल के अनुसार, लबेदा गांव मे संजय नाम के एक युवक की सिर में गोली लगने के कारण मौत होने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि पुलिस को मौके पर जो साक्ष्य मिले है, उससे घटना प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रही है। अग्रवाल के मुताबिक, जिस असलहे से गोली लगने की बात कही जा रही है, वह भी मौके से बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्वाई की जाएगी।

### मुजफ्फरनगर में लापता महिला का शव मिला, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के भोपा थाना क्षेत्र के मोरना गांव से पुलिस ने एक 50 वर्षीय महिला का शव बरामद किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला के परिजनो ने उसकी हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। अधिकारियों के अनुसार, मेरठ जिले से 13 मई से लापता हरिश्चंद्र की पत्नी सरोज देवी का शव सोमवार को मुजफ्फरनगर के भोपा थाना क्षेत्र के मोरना गांव में मिला।पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।इस बीच, मृतका के परिवार ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या कुछ बदमाशो ने की है। जानकारी के मुताबिक, मेरठ जिले के सरधना थाना क्षेत्र के अलीपुर की रहने वाली सरोज देवी 13 मई को एक समारोह में गई थी और तब से वापस नही लौटी। सरधना थाने में उनकी गुमशुदगी को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### मदारीपुर के पीड़ित सर्राफा व्यापारी से मिले केंद्रीय कैबिनेट मंत्री

**कुठौंद (जालौन)।** ग्राम मदारीपुर निवासी सर्राफा व्यापारी के घर पहुंचे कैबिनेट मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने सर्राफा व्यापारी को सांत्वना देते हुये कहा कि घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द पुलिस गिरफ्तार कर मामले का खुलासा करेगी।उल्लेखनीय हो कि सर्राफा व्यापारी के मकान पर 9 मई 2022 को गैस कटर चोरों द्वारा देर रात्रि गैस कटर के जरिए ताला काटकर घर में घुसे और 1 किलो सोना 50 किलो चांदी लूटकर ले गए थे। इसके बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर गहनता से निरीक्षण कर भारी भरकम चोरी के खुलासे के लिये तीन टीमों का गठन किया था जो निरंतर काम कर रही है। इस घटना को अंजाम तक पहुंचाने में मुख्य साजिषकर्ता पुलिस टीमों की नजर में आ चुका है लेकिन अभी मामले की जांच चल रही है। इस मामले में पुलिस अधिकारियों की मानें तो वह जल्द ही खुलासा करने में सफल होगी।

### राजेश चौहान के भाकियू का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हर्ष


**फतेहपुर।** हथगाम विकासखंड स्थित सिठौरा गांव के रहने वाले हैं राजेश सिंह चौहान भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। उनके मनोनयन पर क्षेत्र में खुशी और जश्न का माहौल है। उनके अनुज पूर्व ब्लाक हथगाम प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह चौहान मुन्ना एवं सुपुत्र अंकित भैया आप के नेतृत्व में आवास पर समर्थकों ने खुशी का इजहार किया। किसान हित के संघर्ष के लिए बेहद चर्चित संगठन भारतीय किसान यूनियन ने राजेश सिंह चौहान को राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर आसीन किया है जो न केवल खागा तहसील एवं हथगाम क्षेत्र के लिए गौरव की बात है बल्कि पूरा जनपद गौरवान्वित है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की खबर आते ही उनके पैतृक गांव सिठौरा से लेकर पूरे क्षेत्र में उनके समर्थकों ने जश्न मनाया और खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई दी।वे सैकड़ों आंदोलनों का नेतृत्व कर चुके हैं। दिल्ली बॉर्डर पर धरने के दौरान भी वह सक्रिय रहे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने उन्हें यह महती जिम्मेदारी सौंपी है। मालूम हो कि श्री चौहान ने अपने गांव,क्षेत्र,ब्लॉक और फतेहपुर जनपद से आंदोलन की शुरुआत की और वे लगातार भारतीय किसान यूनियन के प्रति समर्पित रहे। बाबा महेंद्र टिकैत, चौधरी राकेश टिकैत सहित संगठन से जुड़ी बड़ी-बड़ी हस्तियां उनके पैतृक गांव आती रही हैं। उन्होंने जनपद में किसानों के हितों के लिए अनेक बड़े आंदोलन किए और चर्चा में आए।भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा है कि उनके नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन को और मजबूती मिलेगी।

## जान बचाने के लिए टैंकर से कूदे युवक की पहिये से कुचलकर मौत

**बिंदकी फतेहपुर।** टैंकर के केबिन में लगे पंखे में शॉर्ट सर्किट होने से टैंकर का चालक गाड़ी से कूद गया। चालक को कूदता देख टैंकर में अपने परिवार के साथ सवार युवक एक छोटी बच्ची को लेकर टैंकर से कूद गया। बच्ची तो बाल-बाल बच गई मामूली चोट आई लेकिन युवक टायर की चपेट में आ गया और कुचल कर मौके पर दर्दनाक मौत हो गई जबकि पत्नी व दो बच्चियां बाल बाल बचे।

जानकारी के अनुसार विनोद सविता उम्र 35 वर्ष पुत्र भूरा प्रसाद सविता निवासी रामपुर थाना ललौली कानपुर की एक प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करता था वह रविवार की रात को 10 बजे अपने गांव आया था और ड्यूटी करने के लिए सोमवार की सुबह 4 बजे अपनी पत्नी सुमन देवी उम्र 30 वर्ष, पुत्री प्रिया देवी उम्र 10 वर्ष, पुत्री प्रियांशी उम्र 8 वर्ष तथा सबसे छोटी पुत्री रिया उम्र 5 वर्ष के साथ वाहन पकड़ने के बाबत ललौली थाना क्षेत्र के कीर्ति खेड़ा गांव में रोड में आया, तभी ललौली से कानपुर की ओर जा रहे तेल के खाली टैंकर के केबिन में विनोद परिवार के साथ बैठ गया। सोमवार की सुबह करीब 5.30 बजे जब टैंकर कोतवाली क्षेत्र के कोरवा गांव से निकल रहा था तभी अचानक टैंकर के केबिन में लगे पंखे में शॉर्ट सर्किट हुआ। टैंकर का चालक तुलसी प्रसाद कुशवाहा निवासी अलीगंज कोतवाली बांदा जनपद बांदा ट्रैक्टर से कूद गया। चालक को टैंकर से कूदता देख युवक विनोद अपनी सबसे छोटी बच्ची रिया के साथ टैंकर से कूद गया। रिया देवी को तो मामूली चोट आई लेकिन विनोद के ऊपर टैंकर का पहिया चढ़ गया जिससे विनोद कि मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने टैंकर के चालक खलासी व टैंकर को अपने कब्जे में ले लिया।

## बुद्ध पूर्णिमा पर प्रधानमंत्री ने किया महापरिनिर्वाण मंदिर में दर्शन-पूजन



**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर कुशीनगर स्थित महापरिनिर्वाण मंदिर में दर्शन-पूजन किया। नेपाल के लुंबिनी से लौटने के बाद प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से महापरिनिर्वाण मंदिर पहुंचे और वहां भगवान बुद्ध की शयन मुद्रा की प्रतिमा का दर्शन-पूजन किया। प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर चीवर वस्त्र अर्पित किया। इस दौरान मंदिर के पुजारियों ने प्रधानमंत्री को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भी भेंट की। मोदी ने ट्वीट किया,"मैंने कुशीनगर के महापरिनिर्वाण स्तूप में पूजा अर्चना की। हमारी सरकार कुशीनगर में मूलभूत ढांचे को मजबूती देने के अनेक प्रयास कर रही है ताकि और भी अधिक संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु यहां आ सकें" मोदी ने पिछले साल अक्टूबर में कुशीनगर में एक नए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था। लगभग 260 करोड़ रुपए की लागत से बना यह हवाई अड्डा बौद्ध तीर्थ स्थलों के साथ बेहतर संपर्क सुनिश्चित करने के सरकार के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में एक कदम है। प्रधानमंत्री मोदी सुबह नेपाल के लुंबिनी रवाना हुए जहां उन्होंने नेपाली प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के साथ भगवान बुद्ध के जन्म स्थल में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर फॉर बुद्धिस्ट कल्चर एंड हेरीटेज की आधारशिला रखी। देर शाम लखनऊ पहुंचे मोदी ने राज्य सरकार के मंत्रियों से मुलाकात की।

## तालाबों पर अवैध कब्जों का सिलसिला जारी

**संवाददाता।** फतेहपुर

**● फतेहपुर में अब नहीं गरज रहे बुलडोजर, प्रशासन गंभीर**

**केंद्रीय मन्त्री** साध्वी निरंजन ज्योति के निर्वाचन क्षेत्र (फतेहपुर जनपद) में सरकारी जमीनों खासकर तालाबों पर बड़ी संख्या में अवैध कब्जों पर बाबा का बुलडोजर कब गरजेगा इसका स्थानीय लोगों को बेसब्री से इन्तजार है। इस बाबत जिस तरह के हालात उत्पन्न हुए या किए जा रहे हैं, इससे यह कहना कतई गलत न होगा कि बाबा के बुलडोजर महाअभियान में प्रशासनिक जिम्मेंदार ही सबसे बड़ा रोड़ा बने हुए हैं। जिस तरह से चंदी तालाब, भरहरा-झलहा, माहपुर आदि अति चर्चित मामलों की पत्रावली को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया तो वही शत्रु सम्पत्तियों के प्रकरण भी किन परिस्थितियों में लम्बित किये हैं। उससे भू-माफियाओ और सिस्टम के जिम्मेदारों की दुरभि सन्धि की सम्भावनाएँ बलवती हो जाती हैं। उल्लेखनीय है कि फतेहपुर जनपद मुख्यालय में 1359 फसली के दस्तावेजों के मुताबिक 23 तालाब हुआ करते थे, जिनमें अधिकांश को पाटकर भू-माफियाओ ने बेंच डाला है। बड़ी बात यह है कि सरकारी दस्तावेजो में हेरा-फेरी करके ज्यादातर पर बाकायदे बैनामे हुए और दाखिल खारिज के बाद निर्माण हो चुके है। हद तो तब हो गई जब शिकवा-शिकायतों के बाद जब अधिकारियों की गर्दन फंसने लगी तो इन सभी को पुन: तालाबी नम्बर में परिवर्तित तो कर दिया गया किन्तु बात महज खानापूरी के आगे नहीं बढ़ सकी।अधिकारिक हीलाहवाली या मिलीभगत का आलम यह है कि कूढ़ तालाब (बिंदकी बसस्टॉप का कई बीघे हिस्सा एक अर्धसरकारी इण्टर कॉलेज की आड़ में पाटकर कब्जा कर लिया गया है। इसी इलाके के एक अन्य बड़े तालाब को दिन-रात पाटकर उसका अस्तित्व ही लगभग समाप्त कर दिया गया है। यह इलाका खलील नगर के नाम से आबाद हो चुका है। अवैध कब्जेदारों की हिम्मत का आलम यह है कि मुख्य मार्ग पर कई निर्माण कार्य अभी भी जारी है और सिस्टम के जिम्मेंदारो की संदिग्ध भूमिका पर सवाल उठने के बावजूद कोई कार्यवाही न होना इनकी सीधी मिलीभगत की संभावनाओं को बल प्रदान कर रहा है।बाबा के बुलडोजर की राह में सबसे बडा रोड़ा प्रशासनिक जिम्मेंदार ही है, यह आरोप यूँ ही नहीं लग रहे हैं। शहर के शादीपुर इलाके में विशुद्ध तालाब को पाटकर एक प्रतिष्ठित इण्टर कालेज का विशालकाय भवन इसका जीता जागता उदाहरण है। गौतम नगर और नवैया तालाब का मौजूदा स्वरूप न सिर्फ सिस्टम को मुँह चिढ़ा रहा है, शत्रु सम्पत्तियों के अति गम्भीर मामलों पर हांथ डालने से आखिर कौन रोक रहा है। झाऊपुर मामले में जिम्मेंदार शान्त क्यों हैं बल्कि बुलडोजर महाअभियान की विश्वसनीयता को कम से कम फतेहपुर में कमतर साबित कर रहा है।

बड़ा अचरज भरा सवाल है कि शहर के ताम्बेश्वर तिराहे पर लगभग पौने दो बीघे में फैले तालाब को अधिकारियों की मिलीभगत से पुरवा दिया गया और किसी भी जिम्मेंदार द्वारा इस पर कोई कार्यवाही करना मुनासिब न समझना अपने आप में बड़ा विषय नहीं है। इतना ही नहीं चंदी तालाब के मामले को किन परिस्थितियों में अटकाकर रखा गया है, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। भरहरा-झलहा के मामले में तत्कालीन डीएम जितेंद्र कुमार के स्पष्ट आदेश के बावजूद उस पर अमल न होने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। आखिर कौन बतायेगा कि इतनी बड़ी अंधेरगर्दी के बावजूद कार्यवाही के बाबत अधिकारिक शून्यता का कारण क्या है और बाबा के बुलडोजर की राह पर रोड़ा कौन अटका रहा है।

### कमल नारायण को चिकित्सकों ने किया सम्मानित

**कानपुर।** इंडीयन असोसीएशन ओफ़ गायनॉकलाजिकल इंदोस्कोपिस्ट्स (आइएजीइ) एवं कानपुर आब्स्टगने सॉसाययटी ने शहर में आयोजित अपने सालाना सम्मेलन में कानपुर से ही निकल कर पूरे देश में हेल्थ जागरूकता फैला रहे कमल नारायण ओमर को सम्मानित किया। पत्रकारिता में कानपुर से अपनी शिक्षा पूरी करने और शहर के हिंदुस्तान टाइम्ज़ न्यूज़ पेपर से अपने करियर की शुरुआत करने वाले कमल वर्तमान में नई दिल्ली स्थित इंटेग्रेटेड हेल्थ एंड वेल्बीइंग आइ एच डब्ल्यूद्ध काउन्सिल के संस्थापक मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। आइएजीइ का ये सम्मान उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना उत्तर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण शिशु विकास और पूष्टाहार की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा जाने माने महिला रोग विशेषज्ञों की मौजूदगी में दिया गया। इस अवसर पर कानपुर की महापौर श्रीमती प्रमिला पांडेय भी उपस्थित थीं। आइएजीइ का इस वर्ष का सम्मेलन महिला स्वास्थ्य से महिला सशक्तिकरण की थीम पर केंद्रित था। कार्यक्रम की संयोजक और कानपुर मेडिकल कॉलेज की वरिष्ठ प्रफ़ेसर डॉक्टर मीरा अग्निहोत्री के अनुसार श्उत्तर प्रदेश के हम सभी चिकित्सकों के लिए के लिए यह एक गर्व की बात है की हमारे प्रदेश से निकल कर आज कमल नारायण पूरे देश में हेल्थ जागरूकता की अलख जला रहे हैं और ख़ासकर स्त्री और बाल रोगों की जानकारी बचाव और सहयोग पर काम कर रहे हैं।

### घर से करीब 50 लाख के गहने और नक्दी चोरी

**आगरा।** आगरा जिले के मलपुरा पुलिस थाना के अंतर्गत अभयपुरा गांव मे चोरो द्वारा एक घर से कथित तौर पर करीब 50 लाख रुपए के गहनों और नक्दी की चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। परिजनों के अनुसार अभयपुरा निवासी शिवराम सिंह का परिवार रविवार रात को कमरे मे सो रहा था और दूसरे कमरे मे अलमारी मे गहने और नक्दी रखी गई थी। उन्होंने बताया कि सिंह ने कुछ दिन पहले ही बेटे की शादी की थी और बहू के लिए गहने बनवाए थे। परिवार के मुताबिक नौ मई को सिंह की भतीजी की शादी थी और इसलिए मायके आई बेटियों के गहने भी उसी अलमारी मे रखे थे। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक चोर छत के रास्ते घर मे दाखिल हुए और जिन कमरो मे परिवार के सदस्य सो रहे थे।

## डरावने सपनों से परेशान चोरों ने महंत के आवास के बाहर छोड़ी अष्ट धातु की मूर्तियां

**भाषा।** चित्रकूट

**● मूर्तियों के साथ ही चोरों की लिखी एक चिट्ठी भी मिली है जिसमें कहा गया है हमें रात में डरावने सपने आते हैं**

**उत्तर प्रदेश** के चित्रकूट जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के तरौंहा स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर से नौ मई को चोरी हुई अष्ट धातु की 14 मूर्तियों को चोर रविवार को एक चिट्ठी के साथ महंत के आवास के बाहर छोड़कर चले गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि चोरों ने अपनी चिट्ठी में लिखा है, हमें रात में डरावने सपने आते हैं, इसलिए हम मूर्तियां महंत के आवास के बाहर रखकर जा रहे हैं। सदर कोतवाली कर्वी के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजीव कुमार सिंह ने सोमवार को कहा, नौ मई की रात को तरौंहा स्थित प्राचीन बालाजी मंदिर से अष्ट धातु की 16 मूर्तियां चोरी हो गई थीं, जिनकी कीमत करोड़ों रुपए है। इस सिलसिले में महंत रामबालक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज करवाई थी। सिंह के मुताबिक, चोरी की गई 16 में से 14 मूर्तियां रविवार को रहस्यमय तरीके से महंत रामबालक के आवास के बाहर एक बोरे से बरामद हुईं। उन्होंने बताया कि मूर्तियों के साथ ही चोरों की लिखी एक चिट्ठी भी मिली है, जिसमें कहा गया है, हमें रात में डरावने सपने आते हैं। हम डर की वजह से मूर्तियां वापस कर रहे हैं। सिंह के अनुसार, फिलहाल सभी 14 मूर्तियां कोतवाली में जमा करवा ली गई हैं और मामले की जांच की जा रही है।

## दबिश के दौरान महिला की हत्या, एक व्यक्ति गिरफ्तार

**भाषा।** सिद्धार्थ नगर

**सिद्धार्थनगर जिले** में दबिश के दौरान कथित रूप से पुलिस की गोली से 50 वर्षीय एक महिला की मौत के मामले में सोमवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने बताया, "हमने जितेंद्र यादव नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो गोकशी में शामिल लोगों से रंगदारी वसूलता था। हमने उसके कब्जे से 0.315 बोर की एक पिस्तौल और एक कारतूस का खोल बरामद किया है"

सिंह ने दावा किया कि पुलिस दबिश के दौरान मृत महिला की मौत भी उसी बोर की गोली से हुई है। ऐसे में आशंका है कि घटना के वक्त यादव ने ही गोली चलाई हो जिससे उस महिला की मौत हुई है।उन्होंने बताया कि शनिवार को गोकशी के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस की एक टीम का ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा था। सिंह ने बताया कि पुलिस का दल जब गांव से वापस लौट रहा था, उसी वक्त जितेंद्र यादव ने भीड़ की तरफ गोली चला दी, जो रोशनी नामक महिला को लगी जिससे उसकी मौत हो गई।

गौरतलब है कि शनिवार की रात सिद्धार्थनगर सदर थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर गांव में कथित गोकशी के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस की दबिश के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से 50 वर्षीय महिला रोशनी की मौत हो गई थी। महिला के परिजन ने आरोप लगाया था कि दबिश के दौरान पुलिस द्वारा अपने बेटे को बेवजह गिरफ्तार किए जाने का विरोध करने पर एक पुलिसकर्मी ने उस महिला को गोली मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई।

हालांकि, पुलिस का कहना है कि परिजन तथा कुछ ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया था। उस दौरान किसी अन्य व्यक्ति द्वारा चलाई गई गोली से महिला की मौत हुई। बहरहाल, इस मामले में संबंधित पुलिस टीम पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस की तरफ से भी अज्ञात ग्रामीणों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और बलवा करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस अधीक्षक का दावा है कि गांव में हालात सामान्य हैं और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वहां एक पुलिस पिकेट बनाया गया है।

### मथुरा के दो व्यापारियों पर धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में मामला दर्ज

**भाषा।** मथुरा

**गोवर्धन पहाड़ी** से गिरिराज शिला को ऑनलाइन बेचने का प्रयास कर धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में पुलिस ने यहां दो दुकानदारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पर्वतीय क्षेत्र से एकत्रित एक प्रकार की चट्टान गिरिराज शिला को हिंदू पवित्र मानते हैं। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) गौरव कुमार त्रिपाठी ने कहा, गोवर्धन पुलिस और साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि धवल सचदेवा स्टोर और वृंदावन स्टोर के मालिकों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 295 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने ई-कॉमर्स पोर्टल अमेजन पर एक विज्ञापन दिया था, जिसमें पवित्र चट्टान के एक टुकड़े की कीमत 4,000 रुपए बताई गई थी।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 17 मई, 2022



# दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को 17 रन से हराया

## ● मार्श की 63 रन की पारी व शार्दुल ने लिए 4 विकेट लिए

**भाषा।** मुंबई

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सोमवार को यहां पंजाब किंग्स को 17 रन से हराया। जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम को नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। पंजाब के लिए जितेश शर्मा ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। दिल्ली के लिए शारदुल ठाकुर ने चार विकेट लिए।

इससे पहले मिशेल मार्श की 63 रन की पारी के बाद भी दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सोमवार को यहां पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 159 रन पर रोक दिया। पंजाब के लिए लियाम लिविंगस्टोन ने चार ओवर में 27 रन देकर तीन और अर्शदीप सिंह ने चार ओवर में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। कैगिसो रबाडा ने तीन ओवर में 24 रन देकर एक विकेट चटकाया जबकि राहुल चाहर ने चार ओवर में सिर्फ 19 रन दिए। लगातार दूसरे मैच अर्धशतक लगाने वाले मार्श ने 48 गेंद की पारी में चार चौके और तीन छक्के लगाने के अलावा दूसरे विकेट के लिए सरफराज खान (32) के साथ 51 और ललित यादव (24) के साथ



दिल्ली की टीम जीत के बाद एक दूसरे को बधाई देते हुए

तीसरे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी की। सरफराज ने 16 गेंद की आक्रामक पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा तो वहीं ललित ने 21 गेंद की पारी में एक चौका और एक छक्का लगाया। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला करने के बाद पंजाब को लियाम लिविंगस्टोन ने पहली गेंद पर डेविड वार्नर (शून्य) को आउट कर शानदार शुरुआत दिलाई। मिशेल मार्श ने हालांकि अगले ओवर में रबाडा के खिलाफ लगातार दो छक्के और सलामी बल्लेबाज सरफराज खान ने तीसरे ओवर में हरप्रीत बराड़ के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और दो चौके लगाकर दबाव को कम किया। सरफराज ने इसके बाद भी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी लेकिन अर्शदीप सिंह ने पांचवें ओवर में उन्हें चलता कर दिया। अगली गेंद पर ललित यादव ने भी जॉनी बेयरस्टो को कैच थमा दिया लेकिन गेंद नो बोल हो गई। पंजाब के गेंदबाजों ने इसके बाद दिल्ली की रन गति पर लगाम लगा दी। मार्श ने 11वें ओवर में अर्शदीप के खिलाफ छक्का लगाया लेकिन इसी ओवर में उनकी धीमी गेंद पर ललित भानुका राजपक्षे को कैच थमा बैठे। दिल्ली ने 12वें ओवर में रनों का शतक पूरा किया। लिविंगस्टोन के इस ओवर में ऋषभ पंत (सात रन) छक्का लगाने के बाद अगली गेंद पर स्टंप हो गए। इस गेंदबाज ने अपने अगले (पारी के 14वें) ओवर में खतरनाक रोवमन पॉवेल (दो रन) को शिखर धवन के हाथों कैच आउट कराया। अक्षर पटेल ने 16वें ओवर में लिविंगस्टोन के खिलाफ चौका लगाया जो पिछली 20 गेंद में टीम की पहली बाउंड्री थी। मार्श ने 17वें ओवर में हरप्रीत के खिलाफ चौका जड़कर 40 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अगले ओवर में अर्शदीप के खिलाफ दो चौके लगाकर रन गति को तेज करने की कोशिश की लेकिन 19वें ओवर में रबाडा के खिलाफ बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में ऋषि को कैच दे बैठे। दिल्ली की टीम आखिरी दो ओवर में एक भी चौका नहीं लगा सकी। अक्षर 20 गेंद में 17 रन पर नाबाद रहे।

### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स पारी:** वार्नर का आर चाहर बो लिविंगस्टोन 00, सरफराज का आर चाहर बो अर्शदीप 32, मार्श का ऋषि बो रबाडा 63, यादव का राजपक्षा बो अर्शदीप 24, पंत स्टं जितेश बो लिविंगस्टोन 07,पॉवेलका शिखर बो लिविंगस्टोन 02, पटेल नाबाद 17,ठाकुर का हरप्रीत बो अर्शदीप 03, कुलदीप नाबाद 02,**अतिरिक्त:** (लेग बाई: 06 , नो बोल:01 , वाइड:02) 09,**कुल योग:** (20 ओवर मे सात विकेट पर) 159 रन,**विकेट पतन:** I-0, 2-51, 3-98, 4-107, 4-107, 5-112, 6-149, 7-154, **गेंदबाजी:** लिविंगस्टोन 4-0-27-3,रबाडा3-0-24-I , बराड 3-0-29-0,ऋषि2-0-17-0,अर्शदीप 4-0-37-3,चाहर 4-0-19-0


**पंजाब किंग्स पारी :** बेयरस्टो का अक्षर बो नॉर्किया 28, धवन का पंत बो शारदुल 19, राजपक्षा का नॉर्किया बो शारदुल 04, लिविंगस्टोन स्टं पंत बो कुलदीप 03, अग्रवाल बो अक्षर 00 जितेश का वार्नर बो शारदुल 44, बराड़ बो कुलदीप 01,धवन बो अक्षर 04,चाहर नाबाद 25, रबाडा का पॉवेल बो शारदुल 6,अर्शदीप नाबाद 02,**अतिरिक्त:** (नो बॉल: 01, वाइड: 05) 06,**कुल योग:** (20 ओवर में नौ विकेट पर) 142 रन, **विकेट पतन:** I-38, 2-53, 3-54, 4-55, 5-61 , 6-67 , 7-82, 8-123, 9-131, **गेंदबाजी:** खलील 4-0-43-0,नॉर्किया 4-0-29-I,ललित I-0-6-0, शारदुल 4-0-36-4, अक्षर 4-0-14-2, कुलदीप 3-0-14-2



मार्श

# शीर्ष क्रम बल्लेबाजों को अहम भूमिका निभानी होगी : राहुल

**भाषा।** मुंबई



**लखनऊ सुपर** जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार दूसरी हार के बाद कहा कि उनके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। लखनऊको रविवार को राजस्थान रॉयल्स से 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता में पहली बार ऐसा हुआ जब लखनऊने लगातार दो मैच गंवाए, जिससे शीर्ष दो में रहने की उसकी संभावना को झटका लगा है। लखनऊको शीर्ष दो में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना बचा हुआ मैच जीतना होगा। राहुल ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, हां, थोड़ा दबाव है।

## पहली जीत तक लगा ही नहीं कि सत्र शुरू हो गया है: डेविड

**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स के आक्रामक बल्लेबाज टिम डेविड ने सोमवार को कहा कि उन्हें लगा कि उनका सत्र इंडियन प्रीमियर लीग में पहली जीत दर्ज करने के बाद ही शुरू हुआ। मुंबई ने लगातार आठ मैच गंवाने के बाद अपनी पहली जीत दर्ज की थी। मुंबई की टीम 10 टीम की अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रही है लेकिन डेविड ने अब तक मुंबई की तीनों जीत में बल्ले से योगदान दिया है।

## तेंदुलकर फिर यूनिसेफ के सद्भावना दूत बने रहेंगे



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर रिकॉर्ड लगातार 20वें साल यूनिसेफ के सद्भावना दूत बने रहेंगे और वंचित तबके के बच्चों के कल्याण के लिए काम करेंगे। तेंदुलकर ने ट्वीट किया, इतने वर्षों में यूनिसेफ के साथ काम करना शानदार रहा। टीम द्वारा किए गए प्रभावी कार्य की शानदार यादें हैं। बच्चों के सपनों को पंख लगाने की दिशा में किए गए प्रयास काफी संतोषजनक हैं। साझेदारी के अगले चरण को लेकर उत्सुक हूं। यह महान क्रिकेटर लंबे समय से यूनिसेफ के विभिन्न अभियानों से जुड़ा रहा है। उन्हें 2003 में पहली बार भारत में पोलियो उन्मूलन को बढ़ावा देने और जागरूकता फैलाने के लिए चुना गया था। यूनिसेफ के साथ लगभग दो दशक की साझेदारी में तेंदुलकर ने विभिन्न अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## भास्कर गांगुली ने प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति (सीओए) के सदस्य पूर्व भारतीय फुटबॉल कप्तान भास्कर गांगुली ने उच्चतम न्यायालय से अपील की है कि उनके पैनल द्वारा तैयार किए गए संविधान को स्वीकृति दी जाए और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को उनके तत्वावधान में चुनाव कराने का निर्देश दिया जाए। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण को लिखे पत्र में भारत के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी गांगुली ने सूचित किया कि उन्होंने और उनके सह प्रशासक एसवाई कुरैशी ने जनवरी 2020 में एआईएफएफ के संविधान का मसौदा सौंप दिया था।

## एमबापे तीसरी बार फ्रांसीसी लीग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के स्ट्राइकर काइलन एमबापे को उनके करियर में तीसरी बार फ्रांसीसी फुटबॉल लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में एमबापे अपने भविष्य को लेकर पूछे गए सवालों को टाल गए। पीएसजी के साथ उनका अनुबंध अगले महीने समाप्त हो रहा है और माना जा रहा है कि इसके बाद वह रीयाल मैड्रिड से जुड़ेंगे।

## मैनचेस्टर ने मैच ड्रा खेला, खिताबी दौड़ बरकरार

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता की एक और ट्राफी अपने नाम पर लगभग पक्की करने वाला ही था कि रियाद मेहरेज पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे लिवरपूल की खिताब जीतने की संभावना बरकरार रही। रियाद ने इस सत्र में इससे पहले सात अवसरों पर पेनल्टी को गोल मे बदला था लेकिन 86वे मिनट मे उनका शॉट बचा लिया गया जिससे सिटी को वेस्ट हैम से 2-2 से ड्रा खेलकर अंक बांटने पड़े।

## सेविला ने चैंपियन्स लीग में जगह बनाई

**मैड्रिड।** सेविला ने खेल के अंतिम क्षणों गोल करके एटलेटिको मैड्रिड से I-I से ड्रा खेलकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा मे चौथे स्थान पर रहकर चैंपियन्स लीग मे जगह बनाई। बार्सिलोना ने भी गेटाफे से गोलरहित ड्रा खेलकर चैंपियन रीयाल मैड्रिड के बाद अपना दूसरा स्थान पक्का किया। इससे उसने सऊदी अरब में होने वाले स्पेनिश सुपर कप मे भी अपनी जगह सुरक्षित की। यूसुफ अल नेसरी के 85वे मिनट मे हेडर पर किए गए गोल से सेविला ने लगातार तीसरे साल यूरोप के शीर्ष क्लब टूर्नामेंट मे जगह बनाई।

## सिफ्ट ने जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में भारत के लिए स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** सिफ्ट कौर समरा ने जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप मे महिलाओ की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा का खिताब जीता जो भारत का 10वां स्वर्ण पदक है। भारतीय पुरुष थ्री पी टीम ने रजत तो वही पुरुषो की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मे अनीश और विजयवीर सिद्धू ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। महिला थ्री पी टीम कांस्य के लिए भिड़ेगी। इस विश्व कप मे भारत 10 स्वर्ण, 12 रजत और तीन कांस्य के साथ कुल 25 पदक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर काबिज इटली के नाम चार स्वर्ण और तीन कांस्य पदक हैं। सिफ्ट ने नॉर्वे की जूली जोहानसन को 17-9 से हराया।

# निकहत, मनीषा और प्रवीण के पदक पक्के

## ●मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय मुक्केबाज** निकहत जरीन (52 किग्रा), मनीषा (57 किग्रा) और परवीन (63 किग्रा) ने इस्तांबुल में आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार लय जारी रखते हुए सोमवार को अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करने के साथ पदक पक्के किए।



एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता निकहत ने इंग्लैंड की चार्ली-सियान डेविसन को 5-0 से हराया। युवा मुक्केबाज परवीन ने ताजिकिस्तान की शोइरा जुल्केनारोवा को इसी अंतर से पटखनी दी। दूसरी ओर, मनीषा ने मंगोलिया की नामुन मोनखोर को कड़े मुकाबले में 4-। के खंडित फैसले से मात दी। प्रतिष्ठित स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली निकहत ने अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए क्वार्टर फाइनल में डेविसन के आक्रामक खेल का जवाब उन्हीं की शैली में दिया। पहले दौर में दोनों मुक्केबाजों ने एक दूसरे पर जमकर हमला बोला। निकहत ने हालांकि दूसरे दौर में अपना दबदबा बनाया और प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज के शरीर पर सटीक पंच जड़े। शुरुआती दो दौर में बढ़त कायम करने के बाद निकहत ने तीसरे दौर में रक्षात्मक खेल का सहारा लिया और एकतरफा जीत दर्ज की। तेलंगाना की इस 25 साल की मुक्केबाज ने इस जीत के बाद कहा, मेरी आज की प्रतिद्वंद्वी मुझसे लंबी थी, इसलिए मेरी रणनीति उसके दाहिने हाथ को अवरुद्ध करने की थी जो कि उसकी ताकत है। भारत के लिए पहला पदक पक्का करने की खुशी है। उम्मीद है कि मैं स्वर्ण जीत सकती हूं। पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन का अगला मुकाबला ब्राजील की कैरोलिन डी अल्मेडा से होगा, जिन्होंने 2018 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता आयरलैंड की कार्ली मैकनैल को सर्वसम्मत निर्णय से हराया था।चौबीस वर्षीय मनीषा ने अपनी लंबाई का अच्छा इस्तेमाल किया और तीन सटीक पंच लगाए।

मनीषा का अगला मुकाबला इटली की इरमा टेस्टा से होगा।परवीन ने अपने मुकाबले में धीमी शुरुआत की लेकिन कोच भास्कर भट्ट और सहयोगी सदस्यों की हौसला अफजाई से उन्होंने आक्रमण करना शुरू किया और आत्मविश्वास हासिल करते हुए यादगार जीत दर्ज की।नीतू (48 किग्रा) का अभियान हालांकि क्वार्टर फाइनल में कजाकिस्तान की मौजूदा एशियाई चैंपियन अलुआ बाल्किबेकोवा से 2-3 के खंडित फैसले की हार के साथ खत्म हो गया। हरियाणा की 21 साल की दो बार की युवा विश्व चैम्पियन को शुरुआती दो दौर में रक्षात्मक खेल का खामियाजा भुगतना पड़ा। वह इस दौरान बाल्किबेकोवा को मुक्के लगाने के लिए संघर्ष कर रही थी। उन्होंने तीसरे दौर में आक्रामक रूख अपनाया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

# हार का सिलसिला तोड़ने और उम्मीद जीवंत रखने मुंबई से भिड़ेगा हैदराबाद

**भाषा।** मुंबई

**सनराइजर्स हैदराबाद** को यदि अगर-मगर की कठिन डगर पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ होने वाले मैच में अपनी लगातार पांच हार का सिलसिला तोड़ना होगा। सनराइजर्स ने लगातार पांच जीतने के बाद लगातार पांच मैच गंवाए हैं। यदि वह अपने बाकी बचे दोनों मैच जीत जाता है तो उसके 14 अंक हो जाएंगे लेकिन प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अन्य टीम के मैचों में भी अनुकूल परिणाम की प्रार्थना करनी होगी। लेकिन यदि वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ता है तो वह निश्चित तौर पर बाहर हो जाएगा, क्योंकि सात टीम के 12 या इससे अधिक अंक हैं। हैदराबाद को बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। कप्तान केन विलियमसन इस सत्र में रन बनाने के लिए जूझते रहे हैं। उन्होंने 12 मैचों में केवल 208 रन बनाए हैं। उन्हें अपने असली रंग में लौटने की जरूरत है। मुख्य कोच टॉम मूडी ने खराब फॉर्म में चल रहे विलियमसन से पारी की शुरुआत करवाने के फैसले का बचाव किया था और न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी को अपने कोच को सही साबित करना होगा। उनके सलामी जोड़ीदार और पिछले मैच में 43 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा को अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा। उन्हें हालांकि तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर मुंबई के मजबूत आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी। सनराइजर्स के पास मध्यक्रम में राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्करम और निकोलस पूरण के रूप में अच्छे बल्लेबाज हैं लेकिन उन्हें अपने खेल में निरंतरता बनाए रखनी होगी। पिछले मैच में उसका मध्यक्रम भी नहीं चल पाया था जिसमें उसे कोलकाता नाइट राइडर्स ने 54 रन से हराया था। वाशिंगटन सुंदर और शशांक सिंह की फिनिशर के रूप में भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी। सनराइजर्स की गेंदबाजी हालांकि मजबूत है जिसमें उमरान मलिक, भुवनेश्वर कुमार, मार्को यानसेन और यार्कर विशेषज्ञ टी नटराजन शामिल हैं। मुंबई के बल्लेबाजों को विशेषकर मलिक से सतर्क रहने की जरूरत है जो अभी तक 18 विकेट ले चुके हैं।

# विनेश और साक्षी ने ट्रायल में जीत दर्ज कर राष्ट्रमंडल खेलों का टिकट कटाया



**लखनऊ।** ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने राष्ट्रमंडल खेलों के ट्रायल में सोमवार को यहां अपनी चिर-प्रतिद्वंद्वी सोनम मलिक जबकि अनुभवी विनेश फोगाट (53 किग्रा) ने अंतिम को हराकर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली। सोनम ने 62 किग्रा वर्ग के पिछले कई मुकाबलों में 2016 ओलंपिक कांस्य पदक विजेतको पटखनी दी थी लेकिन भारतीय कुश्ती संघ द्वारा आयोजित ट्रायल में अनुभवी साक्षी ने 8-। की प्रभावशाली जीत दर्ज की। साक्षी ने इसके बाद फाइनल में मनीषा को 7-। से हराकर 28 जुलाई से शुरू होने वाले बर्मिंघम खेलों का टिकट पक्का किया। मनीषा ने सेमीफाइनल में बजरंग पूनिया की पत्नी संगीता फोगाट को 7-5 से शिकस्त दी थी। तोक्यो ओलंपिक से संघर्ष कर रही विनेश ने भी यहां दमदार प्रदर्शन किया। अंतिम के खिलाफ फाइनल में वह 0-3 से पिछड़ रही थी लेकिन दो अंक के साथ उन्होंने इस फासले को कम किया और इसके बाद एक और अंक बनाया जिससे मुकाबला 3-3 की बराबरी पर था, लेकिन आखिरी अंक बनाने के कारण विनेश विजेता बनी। तोक्यो ओलंपिक के बाद विनेश के लिए यह पहला बड़ा टूर्नामेंट होगा। ओलंपिक के बाद डब्ल्यूएफआई ने अनुशासनहीनता के आरोप में उन्हें निलंबित कर दिया था।

# थॉमस कप विजेता सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन से हटे

**भाषा।** बैंकॉक

**थॉमस कप में** भारत की एतिहासिक खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाली सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार युगल जोड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट से हट गई है। पता चला है कि चिराग को टूर्नामेंट के दौरान हल्की चोट लगी और इस जोड़ी ने सोमवार को भारतीय बैडमिंटन संघ को टूर्नामेंट से हटने के अपने फैसले के बारे में बताया। दुनिया की आठवें नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी ने थॉमस कप में सिर्फ एक मैच चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ गंवाया और मलेशिया तथा डेनमार्क के खिलाफ क्रमश: क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में शुरुआती मुकाबले हारने के बाद इस जोड़ी ने भारत को वापसी दिलाई। थॉमस कप में छह जीत के साथ अजेय रहे विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत को आठवीं वरीयता दी गई है और वह ब्राइस लेवरडेज के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। नॉकआउट चरण में निर्णायक तीसरे एकल में जीत दर्ज करने वाले एचएस प्रणय को पहले दौर में मलेशिया के डेरेन ल्यु का सामना करना है। तोक्यो ओलंपियन बी साई प्रणीत पहले दौर में जापान के कोकी वातानाबे जबकि सौरभ वर्मा फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव से भिड़ेंगे।

## अमेरिका के क्रिकेट कप्तान मोनांक तैयार

**नई दिल्ली।** अमेरिका के क्रिकेट टीम के कप्तान भारतीय मूल के मोनांक पटेल को उम्मीद है कि 2025 में चैम्पियन्स ट्रॉफी की सह मेजबानी से वहां इस खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में मदद मिलेगी। अमेरिका में ऐसे खेल में पूर्णकालिक पेशेवर होना आसान नहीं है जिसके प्रवासी भारतीयों के अलावा ज्यादा प्रशंसक नहीं है। गुजरात के पूर्व अंडर -19 खिलाड़ी पटेल पूर्ण रूप से पेशेवर क्रिकेटर हैं और जीवनयापन के लिए वह बच्चों को कोचिंग भी देते हैं। हाल ही में मुंबई में आए पटेल ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, क्रिकेट मेरा पूर्णकालिक करियर है। जीवनयापन के लिए मैं खेल के साथ सप्ताह में तीन बार बच्चों को कोचिंग देता हूं। मेरा जन्म भारत में हुआ है।

## सूर्यकुमार की जगह आकाश मधवाल आखिरी दो मैचों के लिए मुंबई की टीम से जुड़े

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने चोटिल बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की जगह उत्तराखंड के तेज गेंदबाज आकाश मधवाल को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए दो मैचों के लिए टीम में शामिल किया है। सूर्यकुमार यादव बाएं हाथ की मांसपेशियों में चोट के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र से बाहर हो गए थे। मधवाल 28 साल के मध्यम गति के गेंदबाज हैं। उन्होंने 15 टी20 मैच खेले हैं और 26.60 की औसत से 15 विकेट लिए हैं। वह 20 लाख रुपए की कीमत के साथ मुंबई की टीम में शामिल हुए हैं। यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति के मुताबिक, मधवाल सपोर्ट टीम के सदस्य के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़े थे।

## हेटमायर वापस लौटे, राजस्थान के अंतिम लीग मैच के लिए उपलब्ध रहने की संभावना

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर फिर से टीम से जुड़ गए हैं और उनके शुक्रवार को होने वाले टीम के अंतिम लीग मैच के लिए उपलब्ध रहने की संभावना है। वेस्टइंडीज का यह बिग हिटर अपने बेटे के जन्म के लिए गयाना गया था, जिस कारण वह दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाया था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक सूत्र ने बताया, हेटमायर वापस लौट आएं हैं और अभी पृथकवास पर हैं। रॉयल्स अभी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। उसने लखनऊको 24 रन से हराकर शीर्ष दो में जगह बनाई। लीग चरण में उसका अंतिम मैच शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

## नईम के छह विकेट, मैथ्यूज दोहरे शतक से चूके

**चटगांव।** आफ स्पिनर नईम हसन ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 105 रन देकर छह विकेट चटकाए और एंजेलो मैथ्यूज को एक रन से दोहरे शतक से महरूम किया लेकिन इसके बावजूद श्रीलंका की टीम बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन सोमवार को पहली पारी में 397 रन बनाने में सफल रही। मैथ्यूज 199 रन बनाकर आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। उन्होंने 397 गेंद की अपनी पारी में 19 चौके और एक छक्का मारा। बांग्लादेश को इसके बाद सलामी बल्लेबाजों तमीम इकबाल (नाबाद 35) और महमूदुल हसन (नाबाद 31) ने अच्छी शुरुआत दिलाई ।

# कप्तान की भूमिका में होंगी मंधाना, हरमनप्रीत व दीप्ति

## महिला टी20 चैलेंज मैच

**भाषा।** नई दिल्ली







**स्टार भारतीय** खिलाड़ी स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा को 23 मई से पुणे में होने वाले महिला टी20 चैलेंज क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए सोमवार को तीन टीम का कप्तान बनाया गया।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने प्रत्एक टीम में 16 खिलाड़ियों को जगह दी है। हरमनप्रीत को सुपरनोवाज, मंधाना को ट्रेलब्लेजर्स और दीप्ति को वेलोसिटी की कमान सौंपी गई है। पिछला टूर्नामेंट 2020 में हुआ था जिसे ट्रेलब्लेजर्स ने जीता था। अनुभवी भारतीय क्रिकेटर मिताली राज, झूलन गोस्वामी और शिखा पांडे को किसी टीम में जगह नहीं मिली है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि दिग्गज खिलाड़ियों मिताली और झूलन को आराम दिया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों के इस साल की शुरुआत में हुए विश्व कप के बाद संन्यास लेने की उम्मीद थी लेकिन उन्होंने अब तक अपने भविष्य को लेकर कोई फैसला नहीं किया है। अधिकारी ने कहा, मिताली और झूलन दोनों को आराम दिया गया है। इस प्रदर्शनी टूर्नामेंट में 12 विदेशी खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगी जिसमें दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लॉरा वोलवार्ट और दुनिया की नंबर एक गेंदबाज सोफी एकलेस्टोन भी शामिल हैं। थाईलैंड की नथाकेन चेनतम दूसरी बार टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली आस्ट्रेलिया की एकमात्र खिलाड़ी लेग स्पिनर एलेना किंग हैं जबकि इंग्लैंड की खिलाड़ियों में एकलेस्टोन के अलावा सोफिया डंकले और केट क्रॉस भी शामिल है। बांग्लादेश की सलमा खातून और शरमिन अख्तर को भी चुना गया है। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली वेस्टइंडीज की खिलाड़ी डिएंड्रा डोटिन और हेली मैथ्यूज हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान सुने लुस और वोलवार्ट क्रमश: सुपरनोवाज और वेलोसिटी का प्रतिनिधित्व करेंगी। हाल में संपन्न सीनियर महिला टी20 टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है। टूर्नामेंट की सबसे सफल बल्लेबाज केपी नवगिरे और सबसे सफल गेंदबाज आरती केदार वेलोसिटी के लिए खेलेंगी।

## विंबलडन से प्रतिबंधित होने के बाद मेदवेदेव की एटीपी टूर में वापसी

**भाषा।** जिनेवा

**दुनिया के** दूसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने यूक्रेन से जुड़ी हाल की खबरों को बेहद परेशान करने वाला बताया जिसके कारण विंबलडन के आयोजकों ने उन्हें और अन्य रूसी खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलने से प्रतिबंधित कर दिया। यूएस ओपन चैंपियन मेदवेदेव जिनेवा ओपन में बात कर रहे थे। वह हर्निया का आपरेशन करवाने के कारण पांच सप्ताह बाद एटीपी टूर में वापसी कर रहे हैं। मेदवेदेव से पूछा गया कि जब वह नहीं खेल रहे थे तो क्या रूस के यूक्रेन के हमले पर करीबी नजर रखे हुए थे, उन्होंने कहा, जो कुछ हो रहा है उस पर गौर करने के लिए मेरे पास कुछ समय था।